राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शुक्रवार, 03 जनवरी 2024

वर्ष 06, अंक 96, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

नये साल के पहले दिन ही बेखौफ चोरों ने दिया सदरपुर पुलिस को चेलेंज...03

सख्त हुए सर्दी के तेवर, हाईवे पर बढ़े हादसे....12

## भारत ने पाकिस्तान में जासूसी एजेंसी रॉ से हत्याएं कराईः वॉशिंगटन पोस्ट का दावा

**स्वतंत्र प्रभात**

अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट का कहना है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) ने कथित तौर पर 2021 के बाद से पाकिस्तान में लगभग आधा दर्जन लोगों को मारने के लिए एक व्यवस्थित हत्या कार्यक्रम को अंजाम दिया। रॉ द्वारा कराई गई योजनाबद्ध छह ऐसी हत्याएं ठीक उसी तरह थीं, जिस तरह यूएस और कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों को कथित तौर पर मारने या साजिश रचने का अभियान चलाया गया। अखबार ने अज्ञात अधिकारियों के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में हत्याएं भारतीय नागरिकों ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के छोटे अपराधियों के गैंग या अफगानिस्तान के कॉन्ट्रैक्ट किलर्स द्वारा की गईं। रॉ ने कथित तौर पर दुबई में रहने वाले कारोबारियों को बिचौलिया बनाकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में निगरानी करने, हत्याएं करने और हवाला या अनौपचारिक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नेटवर्क के जरिये भुगतान की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमें भी थीं। यानी ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए रॉ ने हवाला रैकेट भी चलाया।

यह बड़ा ही अजीबोगरीब है कि भारत में हवाला या मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ सख्त कानून हैं और सरकार आये दिन मनी लॉन्ड्रिंग पर कार्रवाई करती है। लेकिन दूसरी तरफ वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट बता रही है कि भारत सरकार की खुफिया एजेंसी खुद हवाला रैकेट चला रही थी, जिसके तार दुबई से लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान तक फैले हुए थे। अखबार के मुताबिक 2022 में ऐसी ही एक कथित हत्या जहूर मिस्त्री की हुई थी। जहूर के बारे में कहा जाता है कि उसने 1999 में इंडियन एयरलाइंस की उड़ान के अपहरण के दौरान एक भारतीय यात्री की हत्या कर दी थी। अज्ञात पाकिस्तानी अधिकारियों ने द वाशिंगटन पोस्ट को बताया कि एक महिला जो खुद को तनाज़ अंसारी कहती थी, वो जहूर मिस्त्री की हत्या ऑपरेशन में शामिल थी। तनाज़ अंसारी ने कथित तौर पर जहूर मिस्त्री का पता लगाने के लिए दो पाकिस्तानियों को, उसे गोली मारने के लिए दो अफगान नागरिकों को और हत्या में शामिल लोगों को कम से कम 5,500 डॉलर या लगभग 4.7 लाख रुपये भेजने के लिए दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के तीन अन्य लोगों को काम पर रखा था। वाशिंगटन पोस्ट ने अज्ञात पाकिस्तानी अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि माना जाता है कि यह महिला एक भारतीय एजेंट थी और वह 1990 के दशक में कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी नेता सैयद खालिद रज़ा की हत्या में भी कथित तौर पर शामिल थी। अक्टूबर 2023 में, 2016 के पठानकोट हमले के कथित मास्टरमाइंड शाहिद लतीफ़ को पाकिस्तानी जिले सियालकोट में गोली मार दी गई थी, उस समय की रिपोर्टों में कहा गया था कि हत्या अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई थी।

वॉशिंगटन पोस्ट ने आरोप लगाया कि मुहम्मद उमैर नाम के एक मजदूर के नेतृत्व में लोगों के एक समूह ने लतीफ को गोली मार दी थी। बाद में उमैर को गिरफ्तार कर लिया गया और कहा गया कि उसने स्वीकार कर लिया है कि पिछले ऐसे प्रयासों के विफल होने के बाद उसे लतीफ को व्यक्तिगत रूप से




मारने के लिए दुबई से भेजा गया था। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया कि उमैर ने कथित तौर पर दुबई में एक सुरक्षित घर या छिपने की जगह का भी खुलासा किया। शाहिद लतीफ की हत्या के बाद पाकिस्तानी एजेंट इसी सुरक्षित घर में छिप गए। यह मकान दो किरायेदारों अशोक कुमार आनंद सलियन और योगेश कुमार के नाम पर था। भारत के विदेश मंत्रालय ने आरोपों पर वॉशिंगटन पोस्ट को प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। इससे पहले भी भारतीय अधिकारियों ने खास हत्याओं में अपनी भूमिका की न तो पुष्टि की है और न ही इनकार किया है, लेकिन कहा है कि ऐसी हत्याएं आधिकारिक नीति का हिस्सा नहीं थीं।

**रॉ के पिछले ऑपरेशन**

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में आये ताजा आरोपों से 8 महीने पहले रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर गुरपतवंत सिंह पन्नूं की अमेरिका में हत्या की कथित साजिश रचने और कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप है। पन्नू और निज्जर खालिस्तानी अलगाववादी नेता हैं। वॉशिंगटन पोस्ट ने 29 अप्रैल 2024 को दावा किया था कि विक्रम यादव नाम का एक रॉ अधिकारी दोनों साजिशों में शामिल था। अक्टूबर में, पन्नू की हत्या की कथित साजिश के संबंध में अमेरिका के न्याय विभाग ने विक्रम यादव पर भाड़े के बदले हत्या और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया था। यूएसए और कनाडा में दोहरी नागरिकता रखने वाले पन्नू को मारने से पहले ही उस साजिश को अमेरिका खुफिया एजेंटों ने नाकाम कर दिया था।

निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंध तनावपूर्ण हो गए। सितंबर 2023 में, कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि वैंकूवर के पास सरे में निज्जर की हत्या भारत सरकार के एजेंटों ने की है। कनाडा के खुफिया एजेंसी को इसकी जांच सौंपी गई थी। जिन्होंने आरोपों को सही पाया था। निज्जर खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता थे। खालिस्तान भारत में सिखों के लिए एक अलग देश मांग रहा है। निज्जर को भारत ने खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख बताया था। भारत में इसे आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। बहरहाल, कनाडा के आरोपों को भारत ने "बेतुका और प्रेरित" कहकर खारिज कर दिया और कहा कि ये कनाडा द्वारा इस तथ्य से ध्यान हटाने का एक प्रयास था। क्योंकि खुद कनाडा उन लोगों को शरण दे रहा है जो भारत की संप्रभुता के लिए खतरा थे।

## नया वर्ष इफको में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**● प्रबंध निदेशक डॉ अवस्थी का सारगर्भित संदेश से गदगद है सभी लोग।दी बधाई।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**दया शंकर त्रिपाठी**








**प्रयागराज।** इफको फूलपुर में नव वर्ष का स्वागत हर्षोल्लास से किया गया। प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने नव वर्ष पर अपनी संस्था में काम कर रहे समस्त कर्मियों और अधिकारियों को शुभ कामना संदेश देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के इतिहास में पहली बार आयोजन भारत में हुआ, जिसकी मेजबानी इफको ने की। उन्होंने कहा कि गत वर्ष नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत 300 महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 1764 से अधिक ग्रामीण ड्रोन उद्यमियों को भी प्रशिक्षित किया। वर्ष 2024 के दौरान इफको नैनो यूरिया (तरल)/नैनो डीएपी (तरल) की 2.55 करोड़ से अधिक बोतलों की बिक्री की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है तथा नैनोयूरिया/नैनो डीएपी की 236000 से अधिक बोतलों का निर्यात किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 201 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि इफको शीघ्र ही मिट्टी में प्रयुक्त होने वाला दानेदार नैनो एनपीके उर्वरक लॉन्च करने जा रहा है। नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी को आईसीए सम्मेलन 2024 के दौरान रोशडेल पायनियर्स अवॉर्ड तथा सहकार भारती द्वारा फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया का खिताब मिला। इफको फूलपुर इकाई में इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन, इफको इम्पलाइज संघ तथा इफको रिक्रिएशन क्लब की तरफ से नव वर्ष पर भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने समस्त घियानगरवासियों को बधाई दिया, और प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी को उनके द्वारा दिए गए संदेश का एकजुटता के साथ इफको को आगे भी ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः डॉ अनीता मिश्रा, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के.सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के.वर्मा, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स




एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भैंस चोरी के मामले में तीसरा आरोपी पिकप डाला सहित गिरफ्तार



**हरदोई** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम गहबरा से 20 दिसंबर की रात दरवाजे पर बंधी भैंस चोरी के मामले में थाना पुलिस ने पिकप डाला चालक को पिकप सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त घटना में दो चोरों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।पीड़ित सर्वेश पुत्र राधेश्याम ने 21 दिसंबर को थाने पर लिखित सूचना देकर दरवाजे पर बंधी भैंस चोरी कर लिए जाने की सूचना दी थी।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।थाना पुलिस ने दो चोरों को गिरफतार कर चोरी गई भैंस को बरामद कर चोरों को जेल भेज दिया था।चोरों से पूछताछ में पिकप डाला चालक को थाना पुलिस तलाश कर रही थी।थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार ने एसआई दिनेश पांडेय और आरक्षी जयपाल सिंह, तेजपाल के साथ पिकप डाला चालक को पिकप डाला सहित गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

### केशरवानी शिक्षा समिति प्रयागराज नेत्र जांच शिविर लगाएगा

**प्रयागराज।** केशरवानी शिक्षा समितिके अध्यक्ष शिव कुमार वैश्य के नेतृत्व में दिनांक 3 जनवरी को सुबह 10 बजे से राम प्रसाद इंटर कॉलेज सिरसा में नेत्र जांच का शिविर लगेगा। समिति के सतीश चंद्र केसरवानी ने बताया कि 3 तारीख को नेत्र जाँच के बाद सभी मोतियाबिंद के मरीजों का आपरेशन दिनांक 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय नकास कोना प्रयागराज में किया जाएगा। प्रमिल केसरवानी ने बताया कि सभी मरीजों को दवाई एवं चश्मे की व्यवस्था की जाएगी और इसी प्रकार 8 जनवरी को ईश्वरदीन छेदी लाल इंटर कॉलेज जसरा में भी नेत्र जांच का शिविर लगाया जाएगा उसके उपरान्त 9 जनवरी को जिन मरीजों को मोदियाबिंद होगा उनका भी ऑपरेशन कराया जाएगा।

## सर्दी हो या गर्मी बरसा मे कडके बिजली अन्नदाता तेरा हाल देख के मेरा कलेजा धड़के

**● किसानों की इस मेहनत के बाद भी मिलता है अनादर**

**लागत का मूल्य भी समय पर नहीं**

**स्वतंत्र प्रभात**

**विश्व देव राठौर**

**बरेली**/शीत लहर के प्रकोप के बीच कड़ाके की सर्दी में रातभर जागकर किसान फसलों की रखवाली कर रहे हैं। हाथ में लाठी व टार्च लेकर खेत पर डेरा जमाए इन किसानों की रात दर्द भरी है। पारा इन दिनों रात के समय नीचे आ जा रहा है। छुट्टा आवारा जानवर कहीं जरा सी लापरवाही में उनकी फसल न नष्ट न कर दें यह भय उन्हें रात भर सताता रहता है। इसी वजह से किसान रात में फसलों की पहरेदारी करने को मजबूर हैं। किसान शाम को जल्द ही खाना खाकर टॉर्च और लाठी लेकर एक समूह बनाकर खेत पर अलाव जलाकर फसल की रखवाली करते हैं। एक रात चूके तो फसल से धो बैंठेंगे हाथ के गांव ँमें पड़ताल के दौरान फसल की रखवाली करते किसान सोमपाल, जयपाल गंगा सहाय व आकाश मिले। गेहूं व आलू की फसल के चारो ओर घूमते हुए शोर मचाकर मवेशियों को भगा रहे थे। पूछने पर बताया कि एक रात भी चूके तो फसल से हाथ धो बैंठेगे। रोजाना सेना की तरह बार्डर पर तैनात सैनिकों की तरह करते हैं फसल की सुरक्षा। कड़ाके की ठंड में यह मजबूरी छुट्टा पशुओं के चलते हैं। इन दिनों अन्नदाता को इस कड़ाके की ठंड में रात भर फसलों को जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर पहरा देता नज़रआ रहा है। एक हाथ मे टार्च तो दूसरे हाथ मे जानवरों से बचाने के लिए डंडा लेकर खेतों के चारों तरफ पहरा देते है। जहाँ लगातार पड़ रही कडाके की ठंड से लोग घरों से निकलना नहीं चाह रहे है। ऐसे में अन्नदाता अपने परिवार को छोड़ कर पूरी रात को सरसों गेहूं जैसी फसलों को जानवरों से बचाने के लिए इस भारी ठंड में जाग कर रखवाली रहे है।

और खेतो में डंडा लेकर पहरा दे रहे है खेतों की रखवाली कर रहे हैं। अन्नदाता खुद खेतों में खुले आसमान के नीचे आग का सहारा लेकर रात भर जाग रहे हैं बच्चे बुजुर्ग सभी इस कड़ाके की ठंड में ठंड की बिना परवाह किए अपनी फसल को बचाने में लगे हुए हैं। तमाम





किसानों ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में जब कोई व्यक्ति घर से निकलना नहीं चाहता उस वक्त हम किसान आवारा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए खेत में पहरा दे रहे है। ठंड में भी खेतों के किनारे बिना किसी झोपड़ी के केवल आग के सहारे आधी रात गुजारते है। जबकि रात में खुले आसमान के नीचे हल्की बूंदा बांदी भी होती है। ऐसे में किसान परिवार के लोग खेतों में ड्यूटी लगाकर रखवाली करने को मजबूर हैं।

वहीं, रखवाली कर रहे अलग अलग किसान एक हाथ में टॉर्च दूसरे में डंडा लेकर खेत में चौकन्ने रहते है। इस मौसम में बढती सर्दी में भी फसलों को लेकर उन की सुरक्षा में दिन रात फसल की रखवाली करनी पड़ रही है। हर समय खेतो पर घर का कोई न कोई सदस्य जरूर रहता है। वहीं , प्रशासन किसानों की इन समस्याओं को जानकर अनजान बना रहता है और रात में पहरा दे रहे इन किसानों की सुध न शासन ले रहा है जो इन अन्नदाता किसानो को जानवरो से निजात दिला सके या फिर कोई इंतजाम कर सके जिससे कि किसान इस सर्द मौसम में घर पर रह कर परिवार चेन की नींद ले सके। किसानों के अनुसार कई बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई गई तो अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा फर्जी निस्तारण कर लिख दिया जाता है आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला मैं भेज दिया है परंतु यथार्थ म आज भी किसान आवारा पशुओं से भयभीत होकर अपनी फसलों को बचाने क रात दिन पहरेदारी करके फसलों को बचाने केलिए प्रयास कर रहा है।

## बस्ती में अपने ही सम्बन्धियों को एजेण्ट बनाकर खेल रहे कमीशन का खेल डाक कर्मचारी व अधिकारी




**● डाक कर्मचारी अशोक अग्रहरि ने अपने लड़के को तो विनय सिंह ने अपनी लड़की को बनवाया एजेण्ट कमीशनबाजी के चक्कर में बदल दिए जा रहे एजेण्टों के फार्म**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिलेमें नियमों के विपरीत अपने ही सगे सम्बन्धियों को एजेण्ट बनाकर डाक कर्मचारी कमीशनबाजी में मस्त हैं और जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। कमीशन के चक्कर में एजेण्टों के फार्म तक बदल दिए जा रहे हैं जिसकी शिकायत डाक अधीक्षक तक पहुँच गयी है परन्तु अधीक्षक के उदासीन रवैये से प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकघरों में चल रही योजनाओं को जनता को सुलभता से उपलब्ध कराने हेतु एजेण्टो की नियुक्तियाँ की गयी हैं। योजनाओं की उपलब्धता के बावत एजेण्टों को बदले में कमीशन प्रदान किए जाने की व्यवस्था भी है परन्तु जनपद में एजेण्ट कमीशन में भी घपले का मामला प्रकाश में आया है जिसके तहत डाक कर्मचारी अपने ही सगे सम्बन्धियों को एजेण्ट नियुक्त करा लिए है और कमीशन का पैसा उन्ही को प्रदान कर दिया जा रहा है बाकी एजेण्ट बेगाने बने घूम रहे हैं। सूत्रों की माने तो कर्मचारी के ब्लड रिलेशन का कोई भी व्यक्ति एजेण्ट के रूप मे नियुक्त नहीं किया जा सकता परन्तु जनपद में जिम्मेदारों की उदासीनता से डाक कर्मचारी अपने पुत्र/पुत्रियों/ पत्नियों को एजेन्ट बनाकर धड़ल्ले से कमीशन का पैसा निकाल रहे हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज में नहीं मिल रहा प्रसूताओं को पौष्टिक आहार, जनपद में चल रहा एक सुनियोजित आहार घोटाला




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रसूता महिलाओं को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। अन्य योजनाओं की तरह जिम्मेदार प्रसूताओं के पौष्टिक आहार का बजट भी गटक जा रहे हैं। प्रसूताओं को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क सुविधाएं न दिए जाने के कारण लगातार संस्थागत प्रसव दर में गिरावट देखी जा रही हैप्राप्त समाचार के अनुसार- सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं हेतु पौष्टिक आहार की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है परन्तु जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज में प्रसूता महिलाओं को पौष्टिक आहार नहीं दिया जा रहा है और जिम्मेदार उसका बटक गटक जा रहे हैं। सरकारी सुविधाएं जनता तक नहीं पहुँच पा रही हैं जिसका परिणाम है कि अस्पताओं में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा कमजोर होता जा रहा है। खुलेआम चल रहा पौष्टिक आहार घोटाला आखिर अधिकारियों को क्यों नहीं दिख रहा अथवा उनकी संलिप्तता से यह घोटाला चल रहा है जिसको लेकर जनचर्चाओं में लोग जिम्मेदारों को तरह-तरह के तानों से नवाज रहे हैं।

## लगातार कार्यवाई के बाद भी नहीं थम रहा अवैध कच्ची शराब का कारोबार

**स्वतंत्र प्रभात**




**कछौना/हरदोई** आखिर पुलिस प्रशासन व आबकारी प्रशासन के अथक प्रयास के बावजूद कच्ची शराब पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कोतवाली कछौना क्षेत्र में मिलावटी कच्ची शराब का धंधा कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहा है। पूर्व में पुलिस प्रशासन का कच्ची शराब बनाने का संरक्षण प्राप्त था, एक कच्ची शराब की भट्टी पर पुलिस प्रशासन द्वारा 2000 से 5000 रुपये तक का सुविधा शुक्ल की वसूली होती थी। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में गांव गांव कुटीर उद्योग के रूप में फैल गया था।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना क्षेत्र के बहदिन, सांता, पल्लेपार, कलौली, दर्शन खेड़ा, पंजाबी झाला, प्रतापपुर, महिपाल खेड़ा, पूरब खेड़ा, दीननगर, समसपुर, जालिमपुर, फॉर्म खेड़ा, कस्बा नटपुरवा, कहिलैया आदि दर्जनों ग्रामों में कच्ची शराब का व्यवसाय अनवरत रूप से चल रहा है। जिसमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे इस व्यवसाय में शामिल है। कच्ची शराब बनाने वाले गुड़ के साथ स्प्रिट, यूरिया, ऑक्सीटोसिन व अन्य प्रतिबंधित जानलेवा रसायनों का प्रयोग धड़ल्ले से करते हैं।कमजोर व मजदूर वर्ग के लोग इसका शिकार बनते हैं। घटिया शराब पीने से किडनी लीवर की गंभीर बीमारी के साथ आंख की रोशनी चली जाती है। शराबी असमय मौत के घाट उतर जाते हैं। कच्ची शराब बिक्री स्थान पर पियक्कड़ों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। जिनके बीच में गाली गलौज के साथ लड़ाई झगड़ा का कारण शराब बनती है। नशे में युवा वर्ग सबसे ज्यादा चपेट में आते हैं। शराबियों के उत्पात का सबसे ज्यादा शिकार घरेलू महिलाएं होती हैं। शराबी जब आर्थिक रूप से कमजोर होता है, तब उसका सीधा असर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में इजाफा होता है। इस ला-इलाज बीमारी का इलाज करने के लिए ईमानदार तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक ने शिकंजा कसा है। कछौना पुलिस ने कच्ची शराब माफियाओं पर लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। बीती रात प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के लगातार कच्ची शराब माफियाओं पर अभियान से हौसले पस्त हैं। पुलिस व कच्ची शराब माफियाओं का गठजोड़ टूट चुका है। जिससे ग्रामीण राहत की सांस ले रहे हैं। इस अभियान से सबसे ज्यादा महिलाओं को राहत मिली। वह पुलिस अधीक्षक की जमकर सराहना कर रहीं हैं।

## कुंभ मेले में चौथी पेशवाई श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा की पेशवाई सकुशल सम्पन्न



**प्रयागराज।** इस अखाड़े में संपूर्ण यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था , रुट एवं मार्ग व्यवस्था की जिम्मेदारी अपर पुलिस आयुक्त उत्तरी झूंसी मनीष चन्द्र सोनकर एवं उनकी पुलिस बल टीम के द्वारा संभाली गयी।

» यात्रा में शामिल संतों का स्वागत एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त श्री तरुण गाबा , आईजी रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम , अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ अजय पाल शर्मा , एसएसपी कुंभ राजेश द्विवेदी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया।

» पुलिस व्यवस्था से प्रसन्न साधू संतों द्वारा भी पुलिस अधिकारियों को माला पहनाकर आभार प्रकट किया गया एवं महंत बलराम भारती जी महाराज द्वारा पुलिस प्रबंध की सराहना भी की गयी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## राजू प्रजापति हुए जिला प्रतिनिधि नामित



**बलरामपुर** –पचपेड़वा विकासखंड के नारायनपुर वेमिहा निवासी राजू प्रजापति को भाजपा का जिला प्रतिनिधि बनाये जाने पर विण्नू पंडित विजय पाल प्रजापति जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति सुनील प्रजापति इन्द्रजीत प्रजापति प्रधान गनवरिया सहित तमाम लोगों ने राजू प्रजापति को बधाई तथा शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया

## कंधे पर स्टार लगाकर डीआईजी ने दी बधाई



**अलीगढ़।** अलीगढ़ परिक्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए सचिन कुमार सिंह व अंकित भगत को विभागीय परीक्षा में सफल होने पर कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नति होने पर डीआईजी प्रभाकर चौधरी द्वारा उनके कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। डीआईजी प्रभाकर चौधरी ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को उनकी नई जिम्मेदारियों को समझने और प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस नई जिम्मेदारी के साथ इन कर्मचारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है और उन्हें अपने कार्यों में और अधिक दक्षता और निष्ठा से काम करना होगा।

## गौशालाओं में पशुओं के बचाव पहली प्राथमिकता समझें: नगर आयुक्त



**अलीगढ़।** गुरूवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार के साथ बरौला बाईपास स्थित नंदी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गौशाला में नगर आयुक्त ने मौजूद केयर टेकर से राहत व बचाव कार्यो के बारे में जानकारी ली। नगर आयुक्त ने गौशाला में गौवंश के लिये पर्याप्त हरें चारे, गुड की मात्रा का भी सत्यापन करते हुये गौवंश को शीत लहर से बचाव के लिये काउ कोट पहनाने के साथ साथ गौशाला में जगह जगह अलाव जलाने के लिये भी निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने कहा आने वाले दिनों में शीत लहर का प्रक्रोप बढ़ने के साथ ही बारिश की भी संभावना से इंनकार नहीं किया जा सकता ऐसे में नगर निगम द्वारा अपनी दोनों गौशाला में राहत व बचाव की समुचित व्यवस्था की गयी है साथ ही अधीनस्थों को दिन व रात्रि में दो बार सघनता से गौशाला का निरीक्षण करने के लिये लगाया गया है। उन्होनें बताया कि गौशाला में गौवंश को शीत लहर से बचाव व राहत के लिये समुचित व्यवस्थाएं पायी गयी साथ ही पशु चिकित्सा व कल्याण अधिकारी को तत्काल गौशाला में अतिरिक्त तिरपाल, काउ कोट व काउ मैट की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है।

## पार्षद सूरज यादव ने विजयी टीम को ट्राफी देकर किया गया सम्मानित



**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी में नव वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर वार्ड नम्बर 12 कृष्णा नगर में नवयुवक संघ कमेटी अतुल यादव व सानू कुमार द्वारा आयोजित एकदिवसीय टूर्नामेन्ट का आयोजन चैती खलिहान पाण्डेमऊ में किया गया जिसमें चकमाहपुर , पाण्डेमऊ, दरवेशपुर व पुरवा की टीम ने प्रतिभा किया फाइनल का मैच पांडेमऊ व पुरवा के बीच हुआ पुरवा की टीम ने 27 रन से पाण्डेयमऊ की टीम को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम किया टीम के कप्तान नीरज सिंह काफी उत्साहित थे वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के पार्षद सूरज यादव विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया साथ ही वार्ड के सम्मानित गण मौजूद रहे।

# एस.बी.आई. ग्राहक सेवा केन्द्र डारीडीहा का संचालक फरार: 15 लाख के धोखाधड़ी का आरोप

● डीएम को ज्ञापन देकर संचालक के गिरफ्तारी, रूपया वापस दिलाने की मांगदोषी संचालक के विरूद्ध हो प्रभावी कार्यवाही- नोमान अहमद



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक द्वारा धोखाधड़ी करके अनेक गरीब अनपढ लोगों के खातों से लगभग 15 लाख रूपये निकाल लिये जाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को कांग्रेस नेता नोमान अहमद के नेतृत्व में पीड़ितों ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की जांच कराने, ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक राकेश कुमार पुत्र राम नौकर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उसे गिरफ्तार करने, धोखाधड़ी के शिकार लोगों को उनका धन वापस कराये जाने की मांग किया। ज्ञापन देने के बाद कांग्रेस नेता नोमान अहमद ने बताया कि कलवारी थाना क्षेत्र के डारीडीहा गांव में एस.बी.आई. का ग्राहक सेवा केन्द्र चलाने वाले कलवारी थाना क्षेत्र के सेमरा पूरे प्रसाद निवासी राकेश कुमार पुत्र राम नौकर अगूंठा लगवाने के बाद सर्वर न चलने की बात कहकर कम पैसे देकर खाताधारकों के खाते से अधिक पैसा निकाल लेता था। मामला सामने आने के बाद राकेश कुमार सेवा केन्द्र बंद कर भाग गया है। इस कारण से अनेक लोगों की गाढी कमाई का धन डूब गया है। कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश महासचिव नवीन श्रीवास्तव ने मांग किया कि दोषी के विरूद्ध तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाय।

मंगलवार को कलवारी थाना क्षेत्र के डारीडीहा निवासी श्यामलाल, राम सुभाष, गीता, परशुराम, सुकुरता, कान्ती, घुरहू, निर्मोही, झिनका, सरिता, दुलारी, राम सिंह, विक्रम आदि ने डीएम कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। मांग किया कि भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक राकेश कुमार के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उसे गिरफ्तार करने, के साथ ही धोखाधड़ी के शिकार लोगों को उनका धन वापस कराया जाय।

## जनपद के समस्त विकास खंडों में ग्राम चौपाल का होगा आयोजन

**अंबेडकर नगर।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद के प्रत्येक विकासखंड के 02 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को "ग्राम चौपाल" (गांव की समस्या, गांव में समाधान) का आयोजन किए क्रम में माह जनवरी के प्रथम शुक्रवार दिनांक 03 जनवरी 2025 को विकासखंड भीटी के ग्राम पंचायत भीटी व पारियाएं में, विकासखंड कटेहरी के ग्राम पंचायत सिझौलिया व जगदीशपुर में, विकासखंड अकबरपुर के ग्राम पंचायत बहलोलपुर व कौरा में, विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत पकड़ी भोजपुर व रामपुर कला में, विकासखंड बसखारी के ग्राम पंचायत हुसैनपुर गिरन्ट व पड़रिया फौलादपुर में, विकासखंड जलालपुर के ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खुर्द व कबूलपुर में, विकासखंड भियांव के ग्राम पंचायत सेमरा व बीबीपुर में, विकासखंड रामनगर के ग्राम पंचायत अक्षती व भीटी में तथा विकासखंड जहांगीरगंज के ग्राम पंचायत देवलर व खरुवांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

# बस्ती गोलीकांड - तीन पर मुकदमा पूछताछ के लिए कई लोग हिरासत में

●शुगर बढ़ने और अनियंत्रित रक्तचाप की वजह से नहीं हो पाया ऑपरेशन



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात महुलानी गांव में गोलीकांड में घायल ठेकेदार की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीठ से होते हुए गोली उसके सीने में जा फंसी।मेडिकल कॉलेज रेफररात में ही उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल की पत्नी नूरतारा की तहरीर पर बैरागल निवासी सिराज और दो अन्य पर केस दर्ज किया।पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ भी कर रही है।बुधवार को ऑपरेशन के लिए घायल ठेकेदार को लखनऊ मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। मगर, ब्लड प्रेशर लगातार घटने-बढ़ने और शुगर लेबल ज्यादा होने की वजह से ऑपरेशन नहीं हो सका।डॉक्टरों के मुताबिक डॉक्टरों के मुताकारिक है शुगर का स्तर सामान्य होने पर ही ऑपरेशन संभव है। घायल ठेकेदार के घर पर रिश्तेदारों और सगे-संबंधियों का तांता लगा रहा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रातभर पुलिस टीमें दबिश देती रही। मगर, सफलता नहीं मिल सकी।एसएचओ ने बताया कि एसएचओ उपेंद्र मिश्र ने बताया कि अभी परिवार के लोग अस्पताल में हैं और आरोपी का परिवार फरार है। इसलिए अभी गोलीकांड के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। जांच की जा रही है।

# औचक निरीक्षण कर डीएम ने रैन बसेरों का जाना हाल, व्यवस्थाओं का लिया जायजा






●-रैन बसेरों में मानक अनुरूप प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर**– डीएम पवन अगवाल द्वारा जनसामान्य एवं निराश्रितों को शीत लहर एवं ठण्ड से बचाने के लिए बनाये गये रैन बसेरों तथा अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। मंगलवार देर रात्रि डीएम ने रैन बसेरों का हाल जानने के लिए नगर पालिका बलरामपुर द्वारा अम्बेडकर तिराहे पर बनाये गये रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण के समय रैन बसेरे मे चार व्यक्ति ठहरे हुए मिले जिनसे डीएम ने वार्ता कर व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान वहां पर केयर टेकर उपस्थित मिला तथा रैन बसेरे में बिस्तर, चारपाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय तथा अलाव आदि का प्रबन्ध सुनिश्चित मिला। नगर क्षेत्र में अम्बेडकर तिराहे पर स्थाई रैन बसेरा संचालित रैन बसेरे में 15 पुरूष तथा 10 महिलाओं सहित कुल 25 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है। रैन बसेरे में 04 व्यक्ति ठहरे हुए थे, रैन बसेरे में ठहरे हुए सभी व्यक्तियों ने व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में संतोष व्यक्त किया।वहीं डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधिशासी अधिकारियों द्वारा नगर पंचायत तुलसीपुर में जलकल परिसर में स्थापित रैन बसेरे, नगर पंचायत गैसड़ी में मझौली पंचायत भवन में संचालित रैन बसेरे, नगर पंचायत पंचपेड़वा में जगदीशपुर वार्ड में संचालित रैन बसेरे तथा नगर पालिका उतरौला में सुभाष नगर वार्ड में संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वहीं ठण्ड से बचाव के लिए ग्रामीण अंचलों में जलवाये गये अलावों का निरीक्षण राजस्व अधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रैन बसेरों में प्रत्येक दशा में मानक अनुरूप प्रबन्ध सुनिश्चित रहें तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी व्यक्ति पटरी, खुले आसमान, सड़क के डिवाइडर आदि पर सोता हुआ न मिले तथा चिन्हित स्थलों पर अनिवार्य रूप ये अलाव जलवाये जायें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर संजीव यादव, ईओ बलरामपुर, नायब तहसीलदार सदर, व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लम्बित स्टाम्पवादों के त्वरित निस्तारण के लिए एक समाधान योजना लागू

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अन्तर्गत लम्बित स्टाम्पवादों के त्वरित निस्तारण के लिए एक मुस्त समाधान योजना लागू की गई है। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगी। स्टाम्पवाद के किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने के अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गयी स्टाम्प कमी की धनराशि नियमानुसार ब्याज एवं रू0-100 के टोकन आर्थिक दण्ड की धनराशि के साथ जमा करने पर उसे इसका लाभ प्राप्त होगा।इच्छुक पक्षकार जनपद के कलेक्ट्रेट भवन में स्थित जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ सहायक आयुक्त स्टाम्प के न्यायलय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर समाधान योजना के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र देकर स्टाम्पवाद निस्तारण करा सकते हैं।

# पूर्व प्रधान के बड़े भाई की साऊदी अरब में हुई मौत, सात दिन बाद पैतृक गांव पहुंचा शव

●- मृतक दया राम चौधरी ने 30 वर्षो से अधिक साऊदी अरब में किया था नौकरी

पैतृक गांव कौड़ी कोल खुर्द में शव पहुंचते ही मचा कोहराम



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कौड़ी कोल खुर्द के पूर्व ग्राम प्रधान राम महेश चौधरी के बड़े भाई दया राम चौधरी का साउदी अरब ( विदेश )में दिनांक - 25-12-2024 को आकस्मिक निधन हो गया था । सात दिन बाद दिनांक - 31-12-2024 को पैतृक गांव कौड़ी कोल खुर्द में शव पहुंचा तो ग्राम पंचायत में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार कि ग्राम पंचायत कौड़ी कोल खुर्द निवासी मोती चौधरी के पांच पुत्र थे एवं दो पुत्रियां थी मृतक दयाराम चौधरी भाइयों में सबसे बड़े भाई थे । मृतक दया राम चौधरी के एक पुत्र दो पुत्रियां हैं अभी तक किसी की शादी नही कर पाये थे । तीनों बच्चें पढ़ाई कर रहे हैं । बड़ी पुत्री की शादी तय हुई थी और मई 2025 तक करने के तैयारी में थे । मृतक दयाराम चौधरी साऊदी अरब में अपने छोटे भाई रमेश के साथ निजी वाहन से सब्जी का व्यवसाय करते थे। बीते 25 दिसंबर की रात को हार्ट अटैक आने से मौत हो गई थी। दयाराम चौधरी पिछले लगभग 30 वर्षो से अधिक लगातार विदेश में रहकर नौकरी कर रहे थे। छोटे भाई रमेश चौधरी ने शव को पैतृक गांव लाने के लिए सारी कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण किया और साऊदी अरब ( विदेश ) से भारत आने के लिए 31 दिसंबर की रात साऊदी अरब से लखनऊ के लिए टिकट मिला था । लखनऊ से एम्बुलेंस के द्वारा शव को शाम 03 बजे पैतृक गांव पहुंचा । गांव में शव पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर छा गई और पीड़ित परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है । मृतक दया राम चौधरी का अंतिम संस्कार शाम को 04 बजे पिपरोल घाट पर कर दिया गया।

# नगरपालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप, राहगीर गिरकर हो रहे चोटिल




स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जिले के अकबरपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर एक में छह महीने पहले बनी सड़क जगह-जगह टूटने लगी है, जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस खस्ताहाल सड़क को लेकर स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि यह सड़क नगरपालिका में हो रहे भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है।अकबरपुर नगरपालिका में निर्माणाधीन सड़कों में मानक की अनदेखी का आरोप पहले भी कई बार लग चुका है। नेहरू नगर के मालीपुर रोड, जो जिला कारागार के पास से शुरू होकर डॉ भीम राव अम्बेडकर राष्ट्रीय विद्यालय से होते हुए राम फेर के घर तक जाती है, इस सड़क का नवीनीकरण छह महीने पहले 15वें वित्त आयोग से कराया गया था। लेकिन इस सड़क का निर्माण होने के कुछ ही महीनों बाद वह जगह-जगह टूटने लगी, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।स्थानीय निवासी राम सागर ने बताया कि लगभग छह महीने पहले इस सड़क का निर्माण हुआ था, लेकिन इसके निर्माण के कुछ ही दिन बाद यह टूटने लगी और अब सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। यह स्थिति न केवल सड़क की खराब गुणवत्ता का प्रतीक है, बल्कि नगरपालिका के कार्यों में घपले की ओर भी इशारा करती है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता बीना सिंह ने कहा कि सड़क के टूटने के पीछे लीकेज जैसी समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क में टूट-फूट आने की जांच कराई जाएगी।

# भारत माता की जयकारे के साथ मनाया गया शैलेश कुमार सिंह का जन्मदिन



स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर**– गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलू का जन्मदिन पूरे विधानसभा में धूमधाम से मनाया गया, पचपेड़वा में वरिष्ठ पत्रकार अरुण देव पाठक के आवास पर लोक प्रिय ,जनप्रिय नेता शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलु का जन्मदिन मनाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार राजीव मिश्रा,गणेशपुर मंडल के जिला प्रतिनिधि राजू प्रजापति, विजय पाल प्रजापति,जानकी पाल,पचपेड़वा लोकमान्य तिलक वार्ड के सभासद शशिकांत वर्मा,सभासद /मित्रसंघ के अध्यक्ष विक्की गुप्ता,सभासद उमेशमोदनवाल, कोटेदार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, डॉक्टर विकास निषाद ने भारत माता की जयकारा लगाकर अपने लोकप्रिय विधायक का जन्मदिन मनाया और उनके लम्बी उम्र की कामना किया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगो में लड्डू का वितरण हुआ।गैसड़ी विधानसभा के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह अपने कार्यकर्ताओं में काफी लोकप्रिय है,इसलिए उनके जन्मदिन के एक सफ्ताह पूर्व से ही पूरे बलरामपुर जनपद में जगह जगह बैनर होर्डिंग्स दिखाई दिया । इस अवसर पर सुरेश चतुर्वेदी,पप्पू मिश्रा सहित तमाम भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने 48 घंटे के अंदर बस्ती गोलीकांड का किया खुलासा; दो गिरफ्तार.. एक ने सिलेंडर...




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती पुलिस ने 48 घंटे के अंदर बस्ती गोली कांड का खुलासा कर दिया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरा आरोपी पुलिस के करवाई की डर से खुद को न्यायालय में सिलेंडर कर दिया। यह घटना नव वर्ष की पूर्व संध्या पर हुई थी, जब रईस इहमद पुत्र हनीफ अपने घर खजुहा जा रहे थे और रास्ते में उन पर गोली चलाई गई थी। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुराने मुकदमे की बात को लेकर हुई थी और आरोपी मो. सेराज, सेवालाल और मो. साहिल ने मिलकर रईस इहमद पर गोली चलाई थी। घायल रईस इहमद को सा0 स्वा0 केन्द्र कप्तानगंज लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।कप्तानगंज पुलिस और एसओजी टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें सेवालाल पुत्र रामानन्द और मो. साहिल पुत्र मो. इलियास शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

### पुलिस व एसओजी टीम कार्यवाही

घटना में प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज उपेन्द्र कुमार मिश्र, उनि. प्रहलाद यादव, प्रभारी एसओजी उनि. चन्द्रकान्त पाण्डेय, संतोष सर्विलांस सेल , इरशाद खाँन, रमेश यादव, अभय कुमार उपाध्याय, धर्मेन्द्र कुमार, चन्दन भारती, सतीश कुमार, पंकज सिंह रहे। मामले में पुलिस ने द्वारा दर्ज मुकदमा धारा 109(1), 3(5) ब्न्हस्-से सम्बन्धित दो को गिरफ्तार का न्यायलय के लिए भेज दिया। तीसरा आरोपी पुलिस डर से खुद को सरेंडर कर दिया है।

## स्वाट टीम को मिली सफलता, चोरी की चार बोलेरो बरामद




**अम्बेडकरनगर।** जनपद में इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र की पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से चार चोरी की बोलेरो गाड़ियां बरामद हुई हैं। यह जौनपुर, गोंडा और बस्ती से चुराई गई थीं।गिरफ्तार वाहन चोरों की पहचान शहनवाज उर्फ सेराज (आजमगढ़), नौशाद महाजन (कादीपुर, सुलतानपुर), आमिर कुरैशी (मुबारकपुर, सुलतानपुर) और मोहम्मद खलील (सुलतानपुर) के रूप में हुई है।एसपी केशव कुमार ने बताया कि ये चोर शातिर किस्म के हैं और बड़े पैमाने पर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। खासकर शहनवाज पर तो दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं और वह पहले भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई का सामना कर चुका है।अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह ऑपरेशन इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के एनवा बाजार के पास चलाया गया, जहां पुलिस ने इन चोरों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि इन अपराधियों से पूछताछ जारी है और इनके और भी राज खुल सकते हैं।

# आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं को तेजी से आत्मनिर्भर बना रहा है - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर** ।जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विकास खंड जलालपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ वार्ता की, जिसमें महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के किए गए स्वरोजगारों के संबंध एवं उसकी उपलब्धियों से संबंधित अपने अनुभवों को साझा किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि स्वयं का रोजगार करने से उनके सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है और आर्थिक स्थिति निरंतर मजबूत हो रही है। इससे उनका जीवन सुखमय होता जा रहा है। जिलाधिकारी ने महिलाओं को आजीविका गतिविधियों में दूर की सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि निरंतर कड़ी मेहनत से वे अपने बिजनेस को आगे बड़े पैमाने पर कर सकती हैं और समाज में अपनी एक नई पहचान बन सकती हैं, जिसमें सरकार भी उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर आजीविका मिशन की तरफ से 14 आजीविका गतिविधियां कर रही महिलाओं ने अपने स्टाल लगाए थे जिसमें मधुमक्खी पालन, ऑर्गेनिक सब्जी, मिट्टी के कुल्हड़ व दीपक बनाने, ट्रैकसूट बिक्री, दोना पत्तल, मिठाई आदि के स्टॉल सम्मिलित रहे। जिसको देखकर जिलाधिकारी ने महिलाओं के अपने बिजनेस एवं कार्य के प्रति समर्पण और लगन की काफी प्रशंसा करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक अनिल सिंह, उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल, खंड विकास अधिकारी राम बिलाश, सहायक विकास अधिकारी गोरखनाथ मिश्रा, ए0डी0ओ0 पंचायत बृजेश तिवारी, ज्वाइंट बीडीओ पवन कुमार, जिला मिशन प्रबंधक अतुल चौधरी, हरेंद्र सिंह ब्लॉक मिशन प्रबंधक विकास कुमार, सुनील कुमार, रीना अग्रहरि समेत बड़ी संख्या में आजीविका मिशन की उद्यमी दीदियां उपस्थित रहीं ।

# दो पक्षों में टकराव, तनाव के चलते पुलिस बल तैनात

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना हरदुआगंज क्षेत्रार्न्तगत गांव सपेराभानपुर में पूर्व में भी जाटव और वाल्मीकि के बीच टकराव हो चुका है। करीब 12 साल पहले तो दोनों पक्षों के बीच होली पर संघर्ष हुआ था और इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद भी छोटी मोटी घटनाएं तो होती रही हैं। घटना के बाद से गांव की गलियों में सन्नाटा है और तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। दो पक्षों में टकराव कोई नया नहीं है, इससे पहले भी कई बार दोनों समाज के लोगों में टकराव हो चुका है। छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर तनातनी हो जाती है। गांव में जाटव समाज की आबादी करीब 500 और वाल्मीकि समाज की 150 है। वाल्मीकि समाज के 20-25 घर हैं, इनमें कुछ लोग ईसाई धर्म स्वीकार कर चुके हैं। पुलिस के पहुंचने के बाद से दोनों पक्षों के युवक फरार है। पुलिस उन्हें चिन्हित कर रही है। इस दौरान पथराव का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।आंबेडकर प्रतिमा जाटव समाज की बस्ती के बीच में है। कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि दूसरा पक्ष वहां तक कैसे पहुंच गया। पुलिस का कहना है कि पथराव में प्रतिमा खंडित हुई है और उसकी जगह नई प्रतिमा लगवाई जा रही है। पुलिस घटना के हर पहलू को देखकर जांच पड़ताल कर रही है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिलाधिकारी ने गौशाला व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

### वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों का लिया हाल-चाल, उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने नववर्ष के अवसर पर विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत बाहापुर गो आश्रय स्थल तथा गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। गो आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी में चारा, भूसा, पशु आहार की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली तथा शीतलहर के दृष्टिगत गौशाला में तिरपाल, काऊ कोट, गौशाला में बिछावन हेतु पराली आदि की स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गौशाला का नियमित निरीक्षण करते रहें तथा गौशाला में गोवंशों के नियमित स्वास्थ्य उपचार, उनके खाने-पीने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना, नव वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्ध जनों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं दी तथा उन्हें फल व मिठाई वितरित किया। इस दौरान वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के स्वास्थ्य, खाने-पीने, रहने सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ला सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## सोन नदी में मिला युवक का शव, हड़कंप



**चोपन (सोनभद्र),** [तारीख]- थाना क्षेत्र के हाइडिल कालोनी के सामने सोन नदी में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। बुधवार की देर शाम स्थानीय लोगों ने नदी में उतराया हुआ शव देखा और पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकालकर कब्जे में ले लिया। देर रात तक शव की पहचान नहीं हो पाई। गुरुवार की सुबह मृतक युवक की पहचान जुगैल गांव निवासी देवनाथ खरवार के पुत्र लल्लू राम के रूप में हुई।मृतक लल्लू राम ओबरा सी प्लांट में काम करता था। 28 दिसंबर को शाम को वह राखी पुल से होकर घर लौट रहा था। रास्ते में अंधेरा हो जाने के कारण वह नदी में गिर गया और डूब गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग इस घटना से काफी दुखी हैं। यह समाचार लेख आपके लिए तैयार किया गया है। आप अपनी आवश्यकतानुसार इसमें बदलाव कर सकते हैं।

## नव वर्ष के उपलक्ष में मनाया गया खाटू श्याम का भव्य कीर्तन



**पाली, हरदोई।** जनपद के माता पंथवारी देवी मंदिर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर खाटू श्याम के कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया कीर्तन के दौरान, कलाकारों ने अपने मधुर स्वर और संगीत के माध्यम से श्रोताओं को समाहित किया। उनके गीतों में भक्ति और श्रद्धा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन का आनंद लिया और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।आयोजक ने बताया कि यह आयोजन नव वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों को भक्ति और श्रद्धा की भावना से जोड़ना है। इस आयोजन के साथ ही, माता पंथवारी देवी मंदिर में नव वर्ष की शुभकामनाएं देने के लिए विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया।

# अवैध नशा बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर अमेठी पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

● कब्जे से कुल 71 ग्राम स्मैक बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा "नशा मुक्त अमेठी" अभियान चलाकर की गयी गिरफ्तारी "नशा मुक्त अमेठी" अभियान के तहत की गयी गिरफ्तारी थाना मुसाफिरखाना द्वारा 01 नफर अभियुक्त दिलशाद उर्फ दिल्लू पुत्र सुल्तान निवासी वार्ड नं0 1 दयानन्द गली कस्बा व थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के कब्जे से कुल 25 ग्राम स्मैक बरामद मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा की गई विधिक करवाई। थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त आलोक शुक्ला पुत्र विमलेश कुमार शुक्ला निवासी शहरी मजरे इस्लामपुर थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी के कब्जे से कुल 16 ग्राम स्मैक बरामद शुक्ल बाजार पुलिस द्वारा की गई विधिक करवाई गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में जनपद अमेठी व जनपद बाराबंकी में कुल 06 अभियोग पंजीकृत हैं थाना कमरौली द्वारा 01 नफर अभियुक्त




भगवानदीन पुत्र हनुमान निवासी पलिया पश्चिम थाना कमरौली जनपद अमेठी के कब्जे से कुल 30 ग्राम स्मैक बरामद कमरौली पुलिस द्वारा विधि कार्रवाई की गई।

# नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधियों का हुआ अभिनंदन

● जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला प्रवक्ता चंद्रमोली सिंह सहित जिला पदाधिकारी रहे मौजूद



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज, अमेठी।** गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा के अध्यक्षता में नवनिर्वाचित जनपद के सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिला पद्मीनियों का अभिनंदन किया गया। जिनका अभिनंदन किया गया कर्मचारी तिलोई विधानसभा के जायस नगर मंडल अध्यक्ष अनोखेलाल,जिला प्रतिनिधि तीर्थराज सिंह,तिलोई मंडल में पंकज अवस्थी अध्यक्ष, सोनू सिंह जिला प्रतिनिधि, सिंहपुर मंडल में गौरव श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष, सुनील पासी जिला प्रतिनिधि, राजाफत्ते पुर मंडल में सत्यनारायण सिंह मंडल अध्यक्ष, इंद्रेश कुमार पांडे जिला प्रतिनिधि, जगदीशपुर विधानसभा के रानीगंज मंडल में अध्यक्ष अमरनाथ पासी, जिला प्रतिनिधि संजीत कोरी, जगदीशपुर मंडल में शेखर तिवारी अध्यक्ष, धर्मचन्द्र कौशल जिला प्रतिनिधि, विश्वकर्मा नगर मंडल में राजेश सिंह मंडल अध्यक्ष,दीप चंद्र पांडेय जिला प्रतिनिधि, गौरीगंज विधानसभा के क्रमशः शाहगढ़ मंडल में काशी प्रसाद मिश्रा, राधेश्याम चौहान जिला प्रतिनिधि, गौरीगंज ग्रामीण अजय सिंह गौर मंडल अध्यक्ष, अरुण कुमार मौर्य जिला प्रतिनिधि, मुसाफिरखाना मंडल में रामगोपाल कौशल मंडल अध्यक्ष, महेंद्र मिश्रा जिला प्रतिनिधि, अमेठी विधानसभा के संग्रामपुर मंडल में श्री राजेश कुमार शुक्ला मंडल अध्यक्ष, श्री चंद्रकेश यादव जिला प्रतिनिधि का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला,काशी प्रसाद तिवारी, चन्द्रमौलि सिंह, भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी सुधांशु शुक्ला, केशव सिंह, भागीरथी मौर्य, अशोक मौर्य, अतुल सिंह, प्रभात शुक्ला, मनोज जायसवाल, रणवीर सिंह, मनोज तिवारी, शंकर बक्श सिंह सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शटर तोड़कर कब्जा करने की कोशिश, दबंगई का विडियों आया सामने

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** जनपद के कोल्हुई कस्बे में एक निजी मकान पर कुछ लोगों द्वारा धावा बोलकर मकान पर कब्जा करने की कोशिश की गई। पुलिस को सूचना देने पर देर से पहुंची पुलिस ने कई लोगों को उठाया, थाने पर लाकर पूछताछ कर रही है। मामला कस्बे में बृजमनगंज रोड पर टैक्सी स्टैंड के पास एक पूर्व सिपाही जमीन लेकर मकान बनवा के पचीसो साल से रह रहा है, पूर्व सिपाही की तो पहले ही मृत्यु हो चुकी है, लेकिन सिपाही के परिवार उक्त मकान में रह रहे है। इस मकान को कब्जा करने वाले लोगों ने पूर्व विक्रेता से रजिस्ट्री करवा लिया था और उक्त मकान का खारिज दाखिल भी करा लिया है। ऐसी स्थिति में कई बार दबंगई के बल पर कब्जा करने की कोशिश की गई, लेकिन ये लोग नाकाम रहे। उस समय भी पीड़ित द्वारा कोल्हुई थाना में तहरीर दिया गया था। कोई ठोस नतीजा नही निकलने से आज फिर दिन दहाड़े सरेआम शटर तोड़कर मकान कब्जा करने की कोशिश की गई। गुरुवार को मामला उस समय और बढ़ गया जब दर्जनों लोगों ने उक्त मकान पर धावा बोलकर शटर तोड़ने लगे। वही कपड़ा जलते विडियो भी सामने आया है । मकान मालिक के साथ मारपीट भी की गई । पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो कई लोगों को उठाकर थाने पर ले आई । वही मकान मालिकिन सरिता देवी का कहना है कि वह खुस्की बैनामा पर जमीन ली थी और मकान भी बनवा कर 25 - 30 साल से रह रही है। बीच में कुछ साल पूर्व पुराने विक्रेता से यह लोग चुपके से पैसे की लालच लेकर मकान लिखवा लिए है और आज धावा बोलकर मुझे घसीट कर बाहर कर रहे है। सरिता ने यह भी बताया कि पूरा मामला दीवानी कचहरी में चल रहा है लेकिन यह लोग कानून को हाथ में लेकर उसके घर पर डकैती डालने जैसा काम किए हैं, और मेरा शटर तोड़कर घर में घुस गए है। पूरे वारदात की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वापरल हो रहा है। आप विडियों में साफ तौर से देख सकते है की किस तरह से एक महिला को घसीट कर बाहर निकाला जा रहा। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कोल्हुई ने बताया की दोनो पक्षों को थाने बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही।

# विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप करें तैयार - प्रो. वंदना सिंह

● प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में परिसर के विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के लिए संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक हुई. बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करे. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पढाई के साथ- साथ इंटरव्यू और अन्य आवश्यक कौशल से भी लैस करे. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए जल्द ही कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा. उन्होंने निर्देश दिया कि प्लेसमेंट सेल से सभी विभाग के एक- एक शिक्षकों को जोड़ा जाये।

निदेशक प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि इस सत्र के प्लेसमेंट के लिए निरंतर संस्थाओं से सम्पर्क किया जा रहा है. परिसर पाठ्यक्रमों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो इसके लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जल्द ही प्लेसमेंट बुलेटिन प्रकाशित जायेगा इस अवसर पर प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो देवराज, प्रो एके श्रीवास्तव, प्रो रामनारायण, प्रो गिरधर मिश्र, प्रो संदीप सिंह, प्रो रवि प्रकाश, प्रो राजेश शर्मा, प्रो प्रमोद यादव, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो राजेश शर्मा, प्रो सौरभ पाल, प्रो गिरधर मिश्र, डॉ रसिकेश समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बांस-बल्लियों पर विद्युत सप्लाई को लेकर लोगों में फूटा आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** विद्युत समस्या से जूझ रहे नगला मानसिंह के वाशिन्दों की समस्या को लेकर संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के बैनर तले कलैक्ट्रेट कार्यालय पर धरना दिया गया। जिसमें मोहल्ले वासियों और किसानों ने मांग रखी कि कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति करने के उद्देश्य से विद्युत खंभे लगाकर विद्युतीकरण की जाए। आपको बता दें कि बीते 16 वर्षों से बांस के डंडों पर बिजली के तारों को खींच कर ले जाने वाले अलीगढ़ नगर निगम के मोहल्ला नगला मानसिंह के वाशिंदों का उस समय आक्रोश फूट गया जब लंबे अरसे से विद्युत विभाग द्वारा नगला मानसिंह के वाशिंदों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा थ। जिसमें मौहल्लेवासी विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से दूर दूर से लकड़ी के खंभे और मकान की छत से होते हुए बिजली के तारों को लेकर अपने-अपने घरों में आपूर्ति कर रही थी। इसी दरमियान मौसम



कलैक्ट्रेट पर धरना देते लोग

खराब व बारिश के चलते मकान में करंट दौड़ जाना करंट के चलते, आपसी विवाद झगड़ा होना एक बड़ा कारण बन गया है। मौहल्ले वासियों ने की समस्या को लेकर संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के सहसंयोजक जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में 26 दिसंबर को भूख हड़ताल कलैक्ट्रेट पर किया गया था । जिसमें एडीएम सिटी द्वारा किसान नेता व वाशिंदों को आश्वासन दिया गया कि तीन दिवस के भीतर बिजली समस्या का समाधान कर दिया जाएगा । परंतु एक हफ्ते का समय बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग के किसी अधिकारी कर्मचारियों ने मौके पर जाने की जहमत नहीं उठाई। इस मौके पर , मोर्चा संयोजक विवेक श्री वशिष्ठ,दीपक पंडित राष्ट्रीय प्रवक्ता, शैलेन्द्र यादव राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, धीरज सिंह राष्ट्रीय महासचिव भानु, राष्ट्रीय सचिव सैय्यद शहजाद हुसैन, जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान शाह, युवा प्रदेश अध्यक्ष आसीफ ख़ान,हबीब अहमद जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा, विजय राजपूत, अरुण यादव, महानगर सचिव लालाराम गौतम, आदि सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## एकाग्र लाइब्रेरी पाली कस्बे की शिक्षा में मिलेगी नई गति, उद्घाटन समारोह में पाली थानाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**पाली, हरदोई।** जनपद के पाली कस्बे में गल्ला मंडी के सामने एकाग्र लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ है। इस लाइब्रेरी का उद्घाटन पाली थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय ने किया।इस लाइब्रेरी में कई सुविधाएं हैं, जिनमें एयरकंडीशन, अनलिमिटेड वाईफाई, आरो का ठंडा और गर्म पानी, और आरामदायक बैठने की व्यवस्था शामिल हैं। लाइब्रेरी के संचालक गणेश मिश्र ने बताया कि यह लाइब्रेरी छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक उपयोगी संसाधन होगी।लइब्रेरी की टाइमिंग सुबह 6 बजे से 11 बजे, 11 बजे से 4 बजे, और 4 बजे से 9 बजे तक है। यह लाइब्रेरी पाली कस्बे के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक संसाधन होगी।

# निशा सिंह- संकट में अक्सर दिखने वाली महिला

● अपने पति के निधन के बाद मिली जिम्मेदारी को उन्होंने बखूबी निभाया।

उन्होंने समाज सेवा को अपना धर्म बना लिया और गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहीं।



स्वतंत्र प्रभात

**रेनुकूट-** स्थानीय नगर पंचायत अंतर्गत संघर्ष ही जीवन है।लोगों की मानें तो संघर्ष जो जनता के लिए करता है वो महान होता है। उनके द्वारा किसी भी कार्य में हाथ डालने का मतलब भगवान उनके हाथ को अपने आशीर्वाद से भर देते है। ऐसे ही आशीर्वाद से भरे हाथ की धनी रेणुकूट की पूर्व अध्यक्ष निशा बबलू सिंह ने हमेशा समाज सेवा के लिए आगे बढ़कर काम किया है।और हाल ही में कुछ वर्ष पहले दुश्मनों द्वारा पति की हत्या कर दी गई थी ।लेकिन इस दुग्खद घटना के बीच उनकी पत्नी का समाज सेवा के प्रति समर्पण और विकास कार्यों के लिए आगे आना वाकई प्रशंसनीय है।एक ऐसी महिला जो नगर पंचायत के कामकाज से अनजान थी लेकिन फिर भी अपने पति के निधन के बाद इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही हैं और समाज को एक नया रूप देने में लगी हुई है।यह अपने आप में एक मिसाल है।उन्होंने बुधवार को वार्ड नम्बर 15 खाड़पाथर में लगभग 100 गरीबों को कंबल बांटकर एक बार फिर साबित किया है कि वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तैयार रहती हैं। निशा सिंह का मानना है कि समाज सेवा का काम ईश्वर ने दिया है इससे बड़ा आशीर्वाद और कुछ नहीं है। उनकी टीम ने कड़ाके की ठंड में रेणुकूट नगर पंचायत के गरीबों को कंबल बांटकर मानवता का परिचय देते हुए।यह साबित किया कि वे समाज सेवा बढ़कर कोई कार्य नहीं है।

वे हमेशा तत्पर रहती हैं। समाजसेवी से हटकर एक नागरिक होने के दृष्टिकोण से देखने वाले पूर्व अध्यक्षा बबलू निशा सिंह की टीम आज भी समाज का वह काम कर रही है। जो समाज सेवा को अपना धर्म मानती है। यह दर्शाता है कि वे अपने पद से हटने के बाद भी समाजसेवा निभा रही हैं। बताते चलें कि ऐसी महिला जो नगर पंचायत के कामकाज से अनजान थी लेकिन फिर भी अपने पति के निधन के बाद इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है और समाज को एक नया रूप देने में लगी हुई है। यह अपने आप में एक मिसाल है।बस एक सच्चा इरादा और सेवा करने की भावना ही काफी होती है।निशा सिंह ने यह साबित कर दिया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकती हैं।निशा सिंह ने यह दिखाया है कि एक व्यक्ति अपनी सोच और दृष्टिकोण में बदलाव लाकर समाज में बदलाव ला सकता है।निशा सिंह जैसे लोग ही हमारे समाज को आगे बढ़ाते हैं। और हमें बेहतर समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।आइए हम सभी मिलकर निशा सिंह जैसे लोगों को प्रोत्साहित करें और उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में योगदान दें। इस मौके पर डब्लू सिंह, अरविंद चौहान, शुभम गुप्ता, आदित्य रावत सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# ऊर्जांचल जन सहयोग मंच ने प्रेस क्लब अनपरा के पत्रकारों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**अनपरा सोनभद्र** में ऊर्जांचल जन सहयोग मंच ने बुधवार को प्रेस क्लब अनपरा के सदस्यों को उनके अथक प्रयासों और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया। हिंदुस्तान कार्यालय औड़ी मोड़ पर आयोजित इस समारोह में पत्रकारों को शॉल, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया।मंच के अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, "बिना किसी दबाव के सच बोलना और समाज को सशक्त बनाने के लिए काम करना ही सच्ची पत्रकारिता है।" उन्होंने कहा कि पत्रकारों की भूमिका समाज को जोड़ने और सकारात्मक बदलाव लाने में अहम होती है। वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश भटनागर ने कहा, ÷यह भारत के विकास का सुनहरा दौर है और मीडिया की जिम्मेदारी है कि वह इस अवसर का सदुपयोग करे। हमें विभाजनकारी खबरों के बजाय सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

"प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा, "लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना और समाज को जागरूक करना पत्रकारों का नैतिक कर्तव्य है।" उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद, पारंपरिक मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर कई अन्य वक्ताओं ने भी पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अनपरा के उपाध्यक्ष जगदीश साहनी, महासचिव वली अहमद सिद्दकी सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित थे।यह संशोधित लेख मूल लेख की तुलना में अधिक प्रभावी और रोचक है।इस अवसर पर प्रेस क्लब अनपरा के उपाध्यक्ष जगदीश साहनी , महासचिव वली अहमद सिद्दकी,जगदीश साहनी, संजीव दुबे, मुकेश कुमार, अजयन्त सिंह, अश्वनी ठाकुर, आकाश यादव, संदीप यादव, नेहाल अहमद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने निजीकरण के विरोध में मनाया उपभोक्ता संपर्क दिवस

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ** राजधानी लखनऊ में विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर, विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश ने पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में "उपभोक्ता संपर्क दिवस" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की राय जानना और निजीकरण के संभावित प्रभावों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम का आयोजन ऐच एल डिवीजन के अंतर्गत सेक्टर 25 सबस्टेशन पर किया गया। इसमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लिया और अपनी चिंता व्यक्त की। उपभोक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में बिजली व्यवस्थाओं में काफी सुधार हुआ है। ऐसे में बिजली वितरण का निजीकरण करना उचित नहीं है। उन्होंने यह आशंका जताई कि निजीकरण के बाद बिजली के बिलों में वृद्धि होगी, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रभारी पुनीत राय ने माननीय मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से अपील की है कि निजीकरण को उपभोक्ता और विभाग दोनों के हित में न माना जाए। संगठन का मानना है कि मौजूदा प्रणाली में सुधार करके बिजली सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जा सकता है। निजीकरण से न केवल उपभोक्ताओं बल्कि विभागीय कर्मचारियों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

यह अभियान बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधार के साथ-साथ उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रांतीय अध्यक्ष विद्युत मजदूर संगठन विमल चंद्र पांडे एवं प्रभारी पुनीत राय सहित लखनऊ जिला अध्यक्ष शिवरतन के नेतृत्व में मनीराम, दयाराम, विनोद कुमार विश्वकर्मा, लालजी वर्मा, दिनेश कुमार गौतम, पुनीत मिश्रा, दीप चंद्र निषाद, अजय कुमार गौतम, छोटेलाल, गिरजा शंकर मिश्रा, बलिहारी, रामलाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार, गौतम गोपाल यादव, विष्णु प्रजापति, रामकुमार, अजय कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार भारती, गौरव कुमार यादव समेत अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कश्मीर से कन्याकुमारी सशक्त हों माता-बहन हमारी समाज सुधारक

● गुरु गोविंद सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी की 144 कि.मी. निर्वस्त्र पद यात्रा



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** सेंट्रल गुरूद्वारा सिंह सभा, स्टेशन रोड़, हरिगढ़ (उ.प्र.) से गुरुद्वारा बंगला साहिब, दिल्ली तक अटल चौक, सेंटर प्वाइंट चौराहा, हरिगढ़ से आचार्य चाणक्य के स्वप्न से प्रेरित एक कदम अखंड भारत की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पौष शुक्ल सप्तमी के पावन दिन जन्मे खालसा पंथ के संस्थापक सिखों के 10 वें गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के पावन अवसर पर सनातन धर्म, परम्पराओं को छोड़े बिना कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारतवर्ष की नारीशक्ति को सशक्त बनाने हेतु खालसा पंथ को ह्रदय से ग्रहण करने की आशा लेकर केवल शॉर्ट नेकर (बर्मुडा) पहनकर समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी 01 जनवरी 2025, दोपहर 04:30 बजे हरिगढ़ स्टेशन रोड स्थित सेंट्रल गुरूद्वारा सिंह सभा पहुंचें और सायं 07 बजे पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर, सिख समाज एवं सभी सनातनियों का शुभाशीष लेकर रामघाट रोड, सेंटर पॉइंट होते हुए कठपुला मार्ग से नई बस्ती हरिगढ़ स्थित गुरूद्वारा होते हुए गुरुद्वारा बंगला साहिब, दिल्ली हेतु प्रस्थान किया।

06 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाने के उपरांत सायं 05 बजे ट्रेन अथवा पब्लिक ट्रांसपोर्ट के द्वारा समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी हरिगढ़ हेतु वापसी करेंगे। सनातन प्रतिभा फाउंडेशन की टीम ने इस अवसर पर सेंटर पॉइंट चौराहे पर हरिनाम संकीर्तन भी किया। समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी ने बताया कि आचार्य चाणक्य का अखंड भारत का स्वप्न अब मेरा स्वप्न है। इसलिए आज हरिगढ़ से दिल्ली निर्वस्त्र पद यात्रा प्रारम्भ करने के साथ साथ अटल चौक, सेंटर प्वाइंट चौराहा, हरिगढ़, उ.प्र. से एक नए अभियान का शुभारंभ किया। अभियान को ÷एक कदम अखंड भारत की ओर÷ नाम दिया गया है। इस अभियान के द्वारा हमारी समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन संपूर्ण विश्व के सनातनियों को एकजुट करने का प्रयास करेगी।

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक नारीशक्ति के सशक्तिकरण के लिए इस कड़ाके की ठंड में 144 कि.मी. निर्वस्त्र पद यात्रा का संकल्प लिया है। उन्होंने समस्त सनातनियों से निवेदन किया कि इस पद यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर मेरा उत्साह बढ़ाने का कार्य करें। इस मौके पर सेंट्रल गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान हरविंद्र सिंह, सचिव साहिब सिंह, स्टेज सचिव भूपेंद्र सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह, अश्वनी कुमार, सनातन प्रतिभा फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना सनातनी, उपाध्यक्ष साक्षी सक्सैना, सचिव आशु सिंघल, आशु गुप्ता, आयुष कृष्ण, धर्मेंद्र प्रजापति, सुमित कुमार, गुलशन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया अपना हुनर

**●- कनवारा चौराहा बाईपास पर हुआ आयोजन**



स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** नववर्ष के अवसर पर करियानारे के हनुमान जी कनवारा चौराहा बाईपास पर आयोजित राष्ट्रीय दंगल एवं मेला में हज़ारों दर्शकों ने पहलवानों के दांव-पेंच का रोमांचक नजारा देखा। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्य मंत्री रामकेश निषाद और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी थे। दंगल के आयोजक समाजसेवी संतोष कुमार सविता ने मुख्य अतिथियों का फूलों से स्वागत किया। हर साल की तरह इस बार भी नववर्ष के मौके पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें पहलवानों ने अपने हुनर से दर्शकों का दिल जीत लिया।दंगल का मुख्य आकर्षण 51,000 रुपये की इनामी कुश्ती थी, जिसका मुकाबला विश्व चौंपियन अर्जुन तिवारी पहलवान और अंतरराष्ट्रीय पहलवान रामजी पहलवान के बीच हुआ। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार, और अन्य राज्यों के मशहूर पहलवानों ने शिरकत की। पहलवानों में आदिल (मथुरा), अशोका (हरियाणा), राजा पहलवान (हरिद्वार), अदिति (बांदा), कोमल (हरियाणा), देवा थापा और चीता पहलवान (बिहार) ने अपनी कुश्ती के जौहर दिखाए।

कुश्ती के रेफरी बिहारी लाल पहलवान सुहाना, कमलेश पहलवान नवाब टैक अलीगंज, और रामदास पहलवान ने कुशलता से भूमिका निभाई। राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करती हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु, ब्लॉक प्रमुख सोनू सिंह, सभासद ज्ञानू प्रताप सिंह, सिवम सविता, अखिलेश, पवन, संदीप, आकाश, देवराज, इंद्रपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, और नीलेश रघुवंशी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भीषण सर्दी ! मंडलायुक्त ने बांटे कंबल, जलवाया अलाव





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पूरे प्रदेश में व्यापक शीतलहर के दृष्टिगत शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में रात्रिकालीन मंडलायुक्त, कानपुर मंडल , अमित गुप्ता ने नगर के रैन बसेरों व चुन्नी गंज बस स्टैंड के अलाव एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण किया व जरूरतमंदों को कंबल बांटे। मंडलायुक्त ने चिन्हित स्थलों पर अलाव जलने की स्थिति को भी परखा। निरीक्षण के दौरान अमित गुप्ता ने रैन बसेरों के बाथरूम व शौचालयों की साफ-सफाई को दुरुस्त करने के साथ-साथ रैन बसेरों का समय से संचालन करने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने आश्रयहीन राहगीरों को भी कंबल बांटें व उन्हे आश्रय गृहों तक पहुंचवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पटरी पर, डिवाइडर पर, पार्कों में या खुले आसमान के नीचे न सोएं। ऐसे समस्त व्यक्तियों को समुचित माध्यम से आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है तथा सभी जरूरतमंदों के लिए कंबल देने के साथ-साथ अलाव जलवाएं गए हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अपर जिलाधिकारी नगर करेंगे जनसुनवाई एवं समीक्षा

**कानपुर।** अपर जिलाधिकारी (नगर) डा. राजेश कुमार द्वारा दिनांक 3 जनवरी, 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील नर्वल के उपजिलाधिकारी कक्ष में जनता दर्शन में जनसुनवाई की जायेगी, तदोपरांत राजस्व कार्यों/विभिन्न योजनाओं यथा- अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, आपदा राहत कार्य, विभिन्न योजनाओं हेतु भूमि आवंटन, सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण आदि कार्यों की समीक्षा भी की जायेगी।

## अतर्रा में फैला मकड़जाल,नए- नए युवा बन रहे किन्नरों के शिकार

**– जेडीयू नेता ने एसपी से की शिकायत**

**बांदा।** गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड महिला विंग की अतर्रा नगर अध्यक्ष ज्योति मौर्य ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल को दिए ज्ञापन में गंभीर मुद्दे से अवगत कराया है।उन्होंने एक स्वर आरोप लगाया की अतर्रा में नए नए युवकों को बहला फुसलाकर अपने जाल में फंसाकर किन्नर लोग युवकों की जिंदगी बर्बाद कर रहे है।उन्होंने इस गंभीर प्रकरण से पुलिस अधीक्षक बांदा को अवगत कराया है और कार्यवाही की मांग भी की है।उन्होंने यह भी कहा की किन्नर युवकों का ऑपरेशन कराकर उनके नाजुक अंगों से छेड़छाड़ कर रहे है ऐसे में युवकों की जिंदगी बर्बाद हो रही है इस गंभीर प्रकरण पर जांच उपरांत उचित वैधानिक कार्यवाही की आवश्यकता है।किन्नर अतर्रा में आए दिन व्यापारियों दुकानदारों से अवैध वसूली की मांग भी करते है वही जिस घर में बच्चे पैदा होते है उनके घर भी जाकर मनमाना रुपया की मांग करते है पैसा नहीं देने पर उपद्रवों करते है। जनहित में उचित होगा की इनके अवैध वसूली पर प्रतिबंध लगना चाहिए ताकि व्यापारी और दुकानदार इनके अवैध वसूली का शिकार न हो पावे और युवाओं की जिन्दगी बर्बाद होने से बचाया जा सके।

## सेंवर्स आफ लाइफ संस्था ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**बांदा।** सेंवर्स ऑफ लाइफ ब्लड डोनर नेटवर्क बांदा के तत्वाधान में मोहल्ला मर्दन नाका में एक विशेष कंबल वितरण कैंप लगाकर रहने वाले गरीब लोगों को इस ठंड के मौसम को देखते हुए कंबलों का वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे श्री इरफान उल्ला खां (उप जिलाधिकारी) बांदा, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शेफाली आनंद एम.डी (पीडियाट्रिक) नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ के द्वारा नगर के जरूरतमंदों को कंबल देकर नए साल की बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में सेबर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ,डा. मेहनाज नासिर ,डा.बरखा श्रीवास मुबीन खान,कार्यक्रम में डा. अरशद, आसिम अल्वी, अंसार अहमद, मिथुन पुरुस्वानी, शादाब, शुभम् पुरुषवानी, शान अली, जुगनू आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन आंसर अहमद के द्वारा किया गया सभी आए हुए अतिथियों का बैच लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में शाम को गरीबों को काली देवी मंदिर वैष्णो देवी मंदिर जमा मस्जिद , गोल कोठी,रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड,आदि में ढूंढ कर कंबलों का वितरण भी किया गया।

## अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**– अभियुक्त के कब्जे से 20.7 किलोग्राम अवैध हरा गांजा बरामद**

**– अभियुक्त द्वारा अपने घर के हाते में की जा रही थी अवैध गांजे की खेती**




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन ईगल" के क्रम में देर रात्रि थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम आऊ से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम आऊ में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के हाते में अवैध गांजे की खेती की जा रही है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम आऊ में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । मौके से 20 किलो 700 ग्राम अवैध हरा गांजा बरामद किया गया है । इस सम्बन्ध में थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

## कैंप में 44 महिलाओं का किया गया सफल नसबंदी आपरेशन



**बबेरू/बांदा।** बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को महिलाओं की नसबंदी शिविर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें 52 महिलाओं के द्वारा नसबंदी ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिसमें जांच के दौरान 8 महिलाओ को ऑपरेशन के लिए रिजेक्ट किया गया। वहीं जांच में सही पाई गई 44 महिलाओं का बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज गुरुवार की दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक बांदा से आए डाक्टर शिवसागर सर्जन के द्वारा सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया है, वही सभी महिलाओं को एंबुलेंस के द्वारा सभी के घर सकुशल पहुंचाया गया। इस मौके पर अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस आयुक्त ने नववर्ष पर पेश की मिसाल ! आम नागरिकों और गरीबों को केक खिलाकर दी शुभकामनाएं



**● -नववर्ष पर गरीबों के लिए इससे बड़ा तोहफा क्या होगा।**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त अखिल कुमार कानपुर में अपनी कार्यशैली की एक से बढ़कर एक मिसाल पेश कर रहे हैं। कल एक जनवरी को उन्होंने एक स्ट्रीट टी स्टाल पर चाय पी और लोगों से बातचीत की और आज गरीबों को केक खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने नव वर्ष 2025 के अवसर पर आम नागरिकों और गरीब लोगों के साथ समय बिताते हुए उनके साथ केक साझा किया और हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और सुरक्षा को लेकर उनकी चिंताओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। पुलिस आयुक्त महोदय ने वर्ष 2025 में पुलिस सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने एवं समाज में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

# थाने से केस डायरी गायब 7 दरोगा समेत नौ पर मुकदमा दर्ज

**●कानपुर के कल्याणपुर थाने का है मामला, किसी भी दरोगा की वर्तमान में कल्याणपुर में पोस्टिंग नहीं**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर के कल्याणपुर थाने में गंभीर मामलों की केस डायरी गायब होने पर सात दरोगा समेत नौ पुलिस कर्मियों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि केस डायरी न मिलने के कारण यह मामला दर्ज किया गया है। कल्याणपुर थाने में एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने जब थाने में दर्ज मुकदमों की केस डायरी को लेकर जांच कराई तो चौंकाने और हैरान कर देने जानकारी सामने आई ।

यहां थाने में दर्ज 11 मुकदमे ऐसे प्रकाश में आए जिनकी केस डायरी विवेचकों ने गायब कर दी और अदालत में दाखिल नहीं की। इस मामले में शामिल 7 दारोगा समेत 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसआई देवेंद्र कुमार, रामचंद्र दोहरे, चन्द्रभान सिंह, नरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रेम बाबू गोयल, दिनेश कुमार सिंह, इम्तियाज अहमद, एचसीपी ब्रजेश कुमार मिश्रा, हैड पेशी पुष्पेन्द्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें से अधिकांश दारोगा इस समय थाने पर तैनात नहीं हैं। वहीं आरोपित पुलिसकर्मियों को जवाब के लिए तालाब भी किया गया है। सभी पुलिसकर्मियों से जबाब मांगा गया है। थाने में तैनात हेड मुंशी की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा इस पूरे



मामले की गहनता से जांच पड़ताल के अलावा सभी आरोपित पुलिसकर्मियों से जवाब भी तलब किया गया है वहीं अब ये पूरा मामला शहर में काफी ज्यादा चर्चा विषय बना हुआ है।

# गिरवां मे जाम के झाम मे फंसे लोग

**●- ट्रक के खराब होने के चलते लगा 10 घंटे तक लगा जाम**

**- प्रतिदिन चार दरोगा लगाये जाते हैं तिराहे मे जाम को किलियर कराने मे**



स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** गिरवां मे आये दिन जाम का सिलसिला जारी रहता है ज्सिअके चलते लोग परेशान हो जाते हैं । औरे यही नही यहाँ पर तो यात्री नये वर्श को लेकर खत्री महाद देवी जी और कालिंजर मे जाते हैं लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर कोई ध्यान नही देते हैं और लोगो को जाम का सामना करना होता है और नतीजा यह है की लोग जाम के चलते अपने काम मे समय से नही जा पाते हैं और जाम फंसे रहते हैं । मामला बांदा नरैनी राज्य मार्ग के गिरवा तिराहे का है जहाँ पर नरैनी करफ से आ रहे प्लेट लादकर ट्रक मे जा रहे थे तभी गुरुवार की शुबह लगभग 7 बजे ट्रक का एक्सल खराब हो गया वो भी गिरवा नहर के पास जिसको लेकर जाम लग गया और जाम इअतना लम्बा हो गया है की लोगो को अपने घर और कालिंजर जाने मे भारी समस्या का सामना करना हो रहा है और नतीजा यह है की जाम भी इतना लम्बा लग गया की पुलिस के भी हाँथ पैर फूल गये और जाम के चलते मुख्याल तक ये मालुम चला गया की गिरवा मे जाम लगा हुआ है और यहाँ लोग बूंद बूंद भर पानी के लिये भी तरस गये और हाल बेहाल हो गया है । अभी 20 दिन पहले यहाँ पर मोरंग भरा हुआ ट्रक भी खराब हो गया था जिसके चलते भारी जाम लग गया थ औअर लोग जाम मे फंस गये थे । जबकी बात करे की जाम की तो गिरवा थाने मे से चंद्स कदम दूर ही आये दिन जाम लगता रहता है और जाम से लोग बेहाल हो जाते हैं । गिरवा थाना प्रभारी राधा कृष्ण तिवारी का कहना है कि जाम शुबह 8 बजे लगा था लेकिन अब किलियर कराया जा रहा है और जल्द ही जाम से निजात मिल जायेगी ।

# नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल दिवारी नृत्य का आयोजन





स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** नववर्ष के उपलक्ष्य में 17 वां विशाल दिवारी नृत्य का आयोजन ग्राम कहला मजरा हटेटीपुरवा केन नदी किनारे हनुमान मंदिर कालोथर बाबा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामकेश निषाद जलशक्ति मंत्री उ0 प्र0 सरकार पहुंचे। जहां पर संयोजक श्रीराम निषाद ने मंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद दिवारी नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दिवारी नृत्य में भाग लेने वाली बांदा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 7 टीमों ने हिस्सा लिया दिवारी नृत्य में कहला, हटेटीपुरवा, बजरंगपुरवा ,कुंवर पुरवा, दौलतपुरवा, बड़ोखर खुर्द सहित अन्य टीमों ने दिवारी नृत्य में हिस्सा लिया, वहीं विजेता टीम रही बड़ोखर खुर्द की टीम को मंत्री जी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है वहीं कार्यक्रम कवरेज करने पहुंचे सभी पत्रकारों को मंत्री ने शाल ओढ़ाकर उपहार देकर सम्मानित किया, वहीं सभी टीमों को कार्यक्रम के संयोजक श्रीराम निषाद ने शील्ड ट्राफी देकर सम्मानित किया है। इस मौके पर संचालक केतु, शैलेन्द्र सिंह सोनू,मनीष कुमार, आशीष ठेकेदार, सत्यनारायण निषाद, भोला निषाद आदि मौजूद रहे।

# नरैनी टीम ने मौकछ गांव की टीम हराकर जीता मैच




स्वतंत्र प्रभात

**नरैनी/बांदा।** क्रिकेट टूर्नामेंट में नरैनी टीम ने सीमावर्ती मौकछ गांव की टीम को पूरे 10विकेट से पराजित कर दिया।मौकछ टीम ने 57 रनों का लक्ष्य दिया था। सर्वाधिक विकेट लेने वाले गोलू सोनी मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए हैं। क्षेत्र के परसहर गांव में प्रधान संघ अध्यक्ष चंद्रभान यादव नए साल में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करा रहे है।वृहस्पतिवार को नरैनी और पन्ना जिला के मौकछ गांव की टीमो के बीच मैच खेला गया। मौकछ टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 57 रन बनाए थे जिसके जवाब में नरैनी की टीम ने महज 6 ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया । ओपनर बैट्समैन कैप्टन सोनू ठाकुर व अमिल रजा की धुंआधार बैटिंग के सामने विपक्षी टीम का कोई बालर पिच पर ठहर नहीं पाया । अमिल ने 29 एवं सोनू ठाकुर 28 रन बनाकर दोनों ओपनर नाबाद रहे । नरैनी टीम की ओर से 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज गोलू सोनी ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार जीता।मौकछ टीम के कैप्टन अरविंद कुमार ने बताया कि आज उनकी टीम का प्रदर्शन आशा के अनुरूप नहीं रहा । नरैनी टीम के कैप्टन ने कहा कि सीजन का पहला मैच जीता है यही प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का फाइनल भी जीत कर लायेंगे।

# सर्दी का प्रकोप बढ़ने से घरों में दुबके लोग



स्वतंत्र प्रभात

**बांदा ।** कई दिनों से लगातार सुबह पहर से घने कोहरे की धुंध के साथ ही सर्दी का सितम जोर पकड़े हुए हैं लोग गर्म कपड़ों और आग का सहारा लेते हुए ठंड से बचाव करते नजर आ रहे हैं । अचानक दोपहर से जैसे ही सूर्यदेव की किरणो के बीच मंद मंद धूप निकलने से थोडी बहुत आम जनमानस को राहत जरूर महसूस हुई लेकिन गलन जोर पकड़े रही कोहरे की चादर के बीच सुबह पहर आवागमन करने वाले वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही और लाइट के सहारे आवागमन करते नजर आए अचानक लगातार कई दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाने से आम जनमानस मे बेजा परेशानी के बीच रोजमर्रा के निस्तार भी बाधित होने लगे हैं आज गुरुवार को सुबह से ही घने कोहरे की धुंध के चलते दोपहर से जैसे ही धूप खिली तो आम जनमानस में थोड़ी बहुत राहत महसूस जरूर हुई लेकिन गलन भरी सर्दी की रफ्तार जोर पकड़े रही जिसके चलते लोग गर्म कपड़ों और आग के सहारे के बीच ठंड से बचाव करते नजर आए मौसम का मिजाज पूरी तरह खराब होने के कारण ज्यादातर लोग घरों में ही दुबके नजर आए और दोपहर से निकली धूप का आनंद लेते रहे ।

# एचबीटीयू और रा. शर्करा संस्थान कानपुर मिलकर अनुसंधान से नई प्रोद्योगिकी विकसित करेंगे

**● -एचबीटीयू और राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर ने एमओयू पर किये हस्ताक्षर**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर की निदेशक, प्रो. सीमा परोहा और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो.समशेर ने नये वर्ष पर 1 जनवरी 25 को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। एमओयू पर वार्ता के दौरान राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर से डॉ. विनय कुमार, सहा.आचार्य (शर्करा अभि.), अनूप कुमार कनौजिया सहा. आचार्य (शर्करा अभि.), संजय चौहान, सहा. आचार्य (शर्करा अभि.) व बृजेश कुमार साहू, वरि.प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अन्नावी दिनेश कुमार, (आई.ए.एस.), निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, प्रो. ललित कुमार सिंह, डीन आफ एकेडमिक अफेयर्स, प्रो.जी.एल. देवनानी, डीन, स्कूल आफ केमिकल टेक्नोलाजी, अन्नू वर्मा, पी.सी.एस., रजिस्ट्रार व प्रो. वंदना दीक्षित सहित अन्य फेकल्टी मेंबर उपस्थित थे।

एमओयू के अनुसार राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर मिलकर एक साथ उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य करते हुए नवीनतम प्रौद्योगिकी विकसित करेंगे और शैक्षणिक कार्यों में एक-दूसरे के यहां आवश्यकतानुसार अपनी फेकल्टी को भेजेंगे। इसके अतिरिक्त समय-समय पर विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमीनार, कान्फ्रेंस आदि का आयोजन करेंगें। प्रो.सीमा




परोहा ने एमओयू पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि कानपुर की शान समझी जाने वाली दोनों शैक्षणिक संस्थानों के मध्य एमओयू हेतु काफी समय से कार्य चल रहा था, जिसको नये वर्ष में अंजाम तक पहुंचाया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मारपीट में घायल बुजुर्ग की मृत्यु, परिजनों ने किया हंगामा

**पूरनपुर,** दो पक्षों में मारपीट के दौरान घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान बरेली अस्पताल में हुई मृत्यु, घटना के बाद बुजुर्ग के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही और दबंगों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया, और अंतिम संस्कार करने के लिए मना कर दिया। बुजुर्ग की मृत्यु के बाद परिजनों का रो कर बुरा हाल है, उन्होंने कहा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है. तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे, थाना अध्यक्ष नरेश त्यागी ने बताया दो पक्षों के बीच मारपीट से जुड़ा मामला है. बुजुर्ग की मृत्यु के संबंध में जांच की जा रही है. मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन

**बिलसंडा पीलीभीत-** ब्लॉक स्थित अटल सभागार में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण की बैठक का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता महीप सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक में बाल कल्याण और महिला कल्याण संबंधी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महिलाओं को बालकों के परिवेश, खानपान , देखरेख, पालन पोषण संबंधी, समाज में प्रतिष्ठा बनाने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा महिलाओं के महिलाओं और बालकों के प्रति अत्याचार या शोषण होने पर बचाव करने को मार्गदर्शन किया गया। महिलाओं को सरकार द्वारा बनाए गए विशेष नियम और अधिकारों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके अलावा माताओं को किट वितरित की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, बीडीओ अमित शुक्ला, एडीओ पंचायत हरिश्चंद्र भारतीय, सुपरवाइजर सुरभि सक्सेना, एसआई अनि सिंह सहित महिलाएं उपस्थित

## बिजली घर का घेराव संबंधित अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर/**जनपद के जलालाबाद बिजली हाइडल पर बिजली कनेक्शन काटे जाने से आक्रोशित गांव सिकंदरपुर अफगान के ग्रामीणों ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर बिजली घर का घेराव कर दिया बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया बाद में समाजवादी पार्टी के सूरज पाल यादव के नेतृत्व में बिजली विभाग के एसडीओ पीसी सागर को एक ज्ञापन दिया। एसडीओ पीसी सागर ने एक सप्ताह के अंतर्गत समस्याएं सुलझाने आश्वासन दिया है और कहां है जिन विद्युत उपभोक्ताओं के बिना ठोस कारण कनेक्शन काटे गए थे उनके कनेक्शन जुड़वा कर बिल जमा करने का समय दिया जाए. वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा यदि समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो समाजवादी पार्टी पुनः आंदोलन करेगी

## शोक पिट निर्माण कार्य में भारी धांधली के आरोप




**लखीमपुर खीरी** नकहा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भोजपुर में शोक फिट निर्माण कार्य में ग्राम प्रधान व ठेकेदार की मिली भगत से किया गया जमकर भ्रष्टाचार*।आपको बताते चलें भोजपुर ग्राम पंचायत में इंटरलॉक के निर्माण कार्य में साइड में लगी बॉक्सिंग में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया जिसकी वजह से अभी से ही साइड में लगी बॉक्सिंग उखड़ रही है।इंटरलॉकिंग बॉक्सिंग के अंदर पीले ईट का रोडा व बालू डाली जा रही है।जबकि इंटरलॉक के निर्माण कार्य में अव्वल ईट का रोडा डालना चाहिए और मौरंग का इस्तेमाल करना चाहिए।पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में और मनरेगा योजना में सड़क पटाई में केवल दिखावा करते हैं पंचायत मित्र मनरेगा में महाघोटाले कर रहे हैं ग्राम प्रधान व ठेकेदार की मिली भगत से जमकर किया जा रहा भ्रष्टाचार।जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।अब आगे देखना है कि खंड विकास अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं प्रदीप चौधरी नकहा।

# सीएमओ अंजान, सीएचसी अधीक्षक मेहरबान, झोलाछाप साकिब चला रहा दुकान

**● सीएचसी अधीक्षक फरधान के रहमों करम पर फल फूल रहा झोलाछाप डॉक्टर**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर** खीरीएक तरफ जहाँ सुबे के मुखिया गैर पंजीकृत अस्पताल और झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश अपने मातहत स्वास्थ्य महकमे के अफसरो को दे रहे हैं वही ठीक इसके दूसरी तरफ उन्हीं के मातहत अपनी ही सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर फर्जी डॉक्टर साकिब कीसंचालित दबाखाना से चंद चढ़ावा चढ़वा कर उक्त गैर पंजीकृत क्लीनिक को संचालित करवाए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भल्लिया बुजुर्ग मे संचालित साकिब की कलीनिक पर ना ही कोई पंजीकृत प्रशिक्षत डॉक्टर स्टाफ ही है और न ही वह स्वय डिग्री होल्डर हैइतना ही नहीं इस अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक के पास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस भी नहीं होने की बात चर्चा का विषय बनी है इसके बावजूद इस झोलाछाप के बड़ा सा मेडिकल स्टोर भी संचालित होने का मामला प्रकाश में आया है। झोलाछाप डॉक्टर साकिब ने सीएचसी अधीक्षक से साठगांठ करके बेखौफ इलाज के नाम पर भोले भाले मरीजों की जेबो पर खुले आम डाका डालने के साथ-साथ उनकी जान को भी जोखिम में डाला जा रहा है।

और यह सब सीएचसी अधीक्षक फरधान को ज्ञात होने के बाद भी इस झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई न किया जाना विभागीय जिम्मेदारों कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने को काफी है।नियम विरुद्ध चल रही क्लीनिक पर कार्रवाई नहीं की जा रही है क्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी व मुख्यमंत्री के आदेश इस फर्जी झोलाछाप डॉक्टर पर लागू नहीं होते हैं या फिर सीएससी अधीक्षक का हाथ इस फर्जी क्लीनिक के संचालक के सर पर होने के चलते शासन के आदेश का असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है या फिर पैसा पहाड़ चढाता है की कहावत चरितार्थ की जा रही है। अब देखना यह है कि साहब अपने क्षेत्र के अंतर्गत इस झोलाछाप पल कार्यवाई करतेहै या फिर यूं ही यह अवैध दवाखाना यू ही चलता रहेगा और शासन के आदेशों को मुंह चिढ़ाता रहेगा झोलाछाप डॉक्टर साकिब।

# गोला तहसील क्षेत्र में हाड़ कंपाने वाली ठंड से ठिठुर रहे लोग कागज पर जल रहे अलाव




स्वतंत्र प्रभात

**अजान-खीरी।** जनपद के गोला तहसील क्षेत्र के कस्बो और गांवों में कड़ाके की ठंड से आम जनमानस ठिठुर रहा है। लेकिन प्रशासन की ओर से अलाव के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। बीते 10 दिन से कड़ाके की ठंड से लोगो को ठिठुरते हुए इस क्षेत्र में देख कर प्रशासन आंख बंद कर लेती हैं। बीते कई दिनों से आसमान में बादल छाए रहने के कारण धूप नही निकल रही है। और हाड़ कंपा देने वाली ठंड अधिक बढ़ गई है। इस कारण प्रमुख स्थानों पर लोग ठिठुरते देखे जाते हैं। मंगलवार को जहां अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस सेल्सियस दर्ज किया। पिछले कई दिनों से सूर्य के दर्शन नही हुए और पूरे दिन हांड कपाने वाली कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड और कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई है।भीड़ भाड़ वाले जगहों पर कही भी अलाव जलाए जाने की कोई व्यवस्था अभी तक नही हो सकी है शासन प्रशासन और स्थानीय प्रशासन की ठंड से राहत और बचाव में अलाव की व्यवस्था हवा हवाई हो गई है। अलाव खाली सरकारी रिकार्ड में जलाए जा रहें हैं। जमीनी हकीकत कुछ और है। तहसील क्षेत्र के कस्बो और गांवों लोग प्लास्टिक पन्नी टायर, कूड़ा, पाती जलाकर ठंड से बचते नजर आ रहे हैं वहीं जुम्मेदार अधिकतर अधिकारी कर्मचारी हीटर लगा कर रखते हैं इस लिए आम जनमानस के दर्द को यह महसूस कहां से करें। चौराहों से लेकर मार्केट तक कही भी नजर दौड़ाइए तो अलाव की आंच धरातल पर नहीं दिख रही है। रोजमर्रा कमाने खाने वाले दुकानदार फेरी वाले, ऑटो रिक्सा चालक, राहगीर टायर, रद्दी, पुराने कपड़ों, कबाड़ प्लास्टिक व बोरी जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। लोगो से बात करने पर पता चलता है की कहीं भी अलाव की व्यवस्था नही की गई खुद ही अपने लिए व्यवस्था करनी पड़ती है। उक्त सभी चौराहों बाजारों कस्बों गावों में हर जगह लोग ठंड से ठिठुरते नज़र आ रहे हैं। रोड किनारे राहगीर, अस्पतालों भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था नहीं है लोग रददी कबाड़ टायर जलाकर शरीर को गर्म करने की कोशिश कर रहे हैं और प्रशासन को जमकर कोश रहे हैं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में तो आलो के नामो निशान देखने को नहीं मिलेंगे लेकिन फिर भी सरकारी नुमाइंदे अलाव जलाए जाने का ढिंढोरा पीट रहे हैं।

# भ्रष्टाचार के आठ में डूबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम

**● प्रसव पीड़िताओं से बच्चा निकालने के नाम व ग्लव्स धागा के नाम पर अवैध वसूली किए जाने के लग रहे आरोप**

**एक दशक से बेहजम सीएचसी में जमे डॉक्टर अनिल वर्मा उड़ा रहे तबादला नीति का मखौल**

**रिटायर्ड बाहरी व्यक्ति चला रहे च कर रहे व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार-सूत्र**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** सरकार चाहे जितने वादे और दाबे कर ले और चाहे जितने बना ले नियम लेकिन बेहजम सी एच सी में एक दशक से ज्यादा समय से जमे सीएचसी अधीक्षक बेहजम डॉक्टर अनिल वर्मा के संरक्षण में भ्रष्टाचार रुकने के बजाय नित नए आयाम छूते दिखाई पड़ रहा है। यहां पर सरकार के कायदा कानून की बजाय रिटायर्ड कर्मचारी संतोष शुक्ला के नियम चलते देखे जा सकते हैं। इनके रसूख का आलम यह है कि इन जनाब के लिए एक अलग से ऑफिस बनाया गया है जहां पर बैठकर यह जनाब अपनी काली करतूत और अवैध कमाई के खेल को अंजाम देते हैं ।विभागीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सी एच सी बेहजम अधीक्षक व उनके द्वारा पोषित चंद चाहेतों की कमाई का जरिया बनकर रह गया है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम। सूत्र बताते हैं कि सीएचसी में प्रसव हेतु आने वाली पीड़िताओ से अलग-अलग मद मे 1000 से ?1500 तक की वसूली किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है।

यही नहीं इनको मिलने वाले निशुल्क भोजन एवं नाश्ता में जमकर भ्रष्टाचार किए जाने की भी बात सामने आई है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार प्रसव पीडिता को 72 घंटे अस्पताल में रोके जाने का नियम है। और इस अवधि में प्रसव पीड़िता को निशुल्क पौष्टिक भोजन व सुबह नाश्ता दिए जाने का प्रावधान है। और शासन द्वारा इसके लिए मीनू भी जारी कर रखा है। लेकिन यहां पर आने वाली प्रसव पीड़िताओ को प्रसव कराने के बाद 4 से 6 घंटे के बाद घर भेज दिए जाने की बात जन चर्चा का विषय बनी है ।और उक्त प्रसव के लिए आने वाली महिला के नाम भोजन व नाश्ता तीन दिन तक चढ़ाकर जमकर भ्रष्टाचार किए जाने की जानकारी एक विभागीय सूत्र द्वारा नाम गोपनीय रखने के शर्त पर दी गई है। यह तो साहब के भ्रष्टाचार का एक नमूना भर है साहब की आंखों के अंजन और कमाऊ एजेंट कहे जाने वाले चंद सेवा निवृत्त कर्मियों द्वारा कदम-कदम पर सरकारी धन की लूट व कर्मियों का शोषण किए जाने की चर्चा आम हो रही है ।नाम गुप्त रखने की शर्त पर कई कार्यकतियों एवं सरकारी सेवा रत महिला कर्मियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यदि कोई ए एन एम स्वास्थ्य कर्मी मेडिकल लीव या मैटरनिटी लीव लेती है तो उसमें जितने दिन की लीव ली जाती है उतने दिन का सैलरी का पैसा जोड़कर कर्मी की तनख्वाह से काट लिया जाता है।

और लाइव को मानव संपदा पोर्टल पर ना डालकर जमीनी स्तर पर बंदर बांट कर लिया जाता है ऐसे आरोप विभागीय सूत्रो द्वारा लगाया जा रहे हैं।उक्त आरोप मेरे नहीं हैं दबी जुबान कई कर्मियों का कहना है कि वर्ष 2014 से बेहजम सी एच सी पर तैनात डॉक्टर अनिल वर्मा पर तबादला नीति नहीं लागू होती है क्या? आखिर इनका तबादला क्यों नहीं हो रहा है? और सेवा निवृत्ति कर्मी संतोष शुक्ला किस नियम और किसी सक्षम अधिकारी के आदेश से दिनभर सी एच सी में बैठे रहते हैं और सरकारी अभिलेखों व सरकारी कामकाज में दखल करते रहते? इनके लिए अलग से ऑफिस किस सक्षम अफसर के द्वारा तैयार कराया गया है ?बाहरी व्यक्ति को किन कारणो से विभागीय कार्यों में संलग्न किया जा रहा है?

इनके द्वारा किए जा रहे अवैध अनैतिक कृत्यो पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बजाय मामले को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है? विभागीय कार्यक्रमों की कमान व धनराशि तथा इसका लेखा- जोखा कार्य संलग्न जिम्मेदार कर्मी को न देकर बाहरी व्यक्ति संतोष शुक्ला को क्यों दिया जाता है ?इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी भी सक्षम अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि अभी गत माह में हुए एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों व अन्य से लगभग तीन लाख से ऊपर की धनराशि एकत्र की गई और कार्यक्रम में महज 15 से 20 रुपए प्रति व्यक्ति खर्च कर शेष पैसा का बंदर बांट कर लिया गया। यह आरोप विभागीय कर्मचारियों के हैं यदि जिलाधिकारी खीरी ले संज्ञान और कराये मामले की निष्पक्ष जांच तो होगा भारी भ्रष्टाचार का खुलासा और कई जिम्मेदारों पर आएगी कार्यवाही की आंच।

इस संबंध मे जब मुख्य चिकित्साधिकारी खीरी डाक्टर संतोष गुप्ता से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन न लग पाने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नही हो सकी।

# सपा की सदर विधानसभा पीलीभीत की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर




स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत-** जनपद में अन्य राजनीतिक दलों के साथ ही समाजवादी पार्टी भी संगठन की मजबूती में जुटी हुई है ब्रहस्पतिवार को जिला कार्यालय पर पीलीभीत विधानसभा की में हुई मासिक बैठक के दौरान बैठक के मुख्य अतिथि जगदेव सिंह जग्गा ने भी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के निर्देश दिए बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने की जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन मे ÷पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया पीलीभीत शहर में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठम मे कार्यकारिणी के सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सपा नेता भी उपस्तिथि रहे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सभी पदाधिकारियों को पार्टी के बारे में अवगत कराते हुए नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा साथ ही पी डी ए के सिद्धांत को गांव गांव तक पहुंचाकर लोगो को सपा से जोड़ने की अपील की जिससे 2027 मे सपा की सरकार बन सके। उन्होंने 2027 के चुनाव की तैयारी अभी से करने के लिए कहा कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर सभी पीडीए के सदस्यों, पुराने कार्यकर्ताओं को जोड़कर बूथ मजबूत करें। विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी की नीतियों को घर-घर पहुंचने पर जोर दिया हुआ साथ में सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ मजबूत करने के लिए कहा इसके अलावा जिला स्तरीय सम्मानित पदाधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मासिक बैठक के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा जी एवं विशिष्ट अतिथि सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी जी,जिला प्रभारी यूसुफ कादरी जी, मासिक बैठक की अध्यक्षता 127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी साहब थे...बैठक में मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी,सपा प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह जी,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन,सपा जिला सचिव महेश पटेल,सपा जिला सचिव शराफत यार खां, सपा जिला सचिव लियाकत सलमानी,जिला सचिव बलकार सिंह,सपा जिला सचिव सैय्यद आसिफ अली कादरी, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन गंगवार,सपा महिला सभा महासचिव मीना सिंह, नरेश कुमार सागर, विक्रम गंगवार, शायर अली, मोज्जम अंसारी, अब्दुल बसीर, सलीम इदरीशी, साबिर , डॉ शफीक मालिक, इरशाद अहमद, बशीर अहमद कादरी, राशिद मालिक, जोवनप्रीत सिंह, सतनाम सिंह, अजहर उस्मानी, बसंतलाल पासवान, जमालशाह खां आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे... !

# परिवार परामर्श केंद्र पर सुलह समझौते का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जनपद की पुलिस लाइन में सुलह समझौता केंद्र पर सुलह समझौता समझौते का आयोजन किया गया जहां थाना मदनापुर जनपद शाहजहापुर के एक दम्पति की शादी लगभग 10 माह पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया द्व दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए इस दौरान दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। वहीं दूसरी तरफ थाना जैतीपुर शाहजहांपुर के एक दम्पति की शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया। दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। यह कहीं ना कहीं पुलिस का एक सराहनीय कदम है इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर उपनिरीक्षक मधु यादव महिला आरक्षी पूनम मिश्रा, महिला आरक्षी करुणा, आरक्षी सौरभ कुमार, महिला आरक्षी मोनिका, महिला मुख्य आरक्षी लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

# बाइक और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में एक ही परिवार के चार घायल



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** पुवायां थाना क्षेत्र के करनापुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है मिली जानकारी के अनुसार दीपांकर पुत्र प्रेम शंकर उम्र 26 वर्ष जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव खाडेपुर के निवासी हैं जो अपनी मां सुशीला देवी एवं पत्नी रूबी व अपनी भतीजी आकांक्षा के साथ अपने मौसा नरबीर निवासी थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव तिंदुआ गया था जहां से वहां वापस आ रहा था तभी पुवायां थाना क्षेत्र के करनापुर गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह और साथ बैठे परिजन घायल हो गए जिसमें एक महिला रुबी व 5 साल की बच्ची आकांक्षा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# जब लक्ष्मी जी मेहरबान तो क्या करे सी एम ओ व सी एच सी अधीक्षक पसगवां

**● सीएचसी अधीक्षक पसगवां व अधीक्षक फरधान तथा बेहजम की कामधेनु साबित हो रहे झोलाछाप डॉक्टर**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला सी एच सी क्षेत्र पसगवां के अंतर्गतकस्बा मैगलगंज काहै। जहा पर मेन चौराहे पर बेठा झोलाछापडॉक्टरवसीम शासन के आदेशो की खुलेआममजाक उडाते हुये लोगो की जानजोखिममे डाल रहा है।।लोगों की जुवानी सत्य माने तो यह झोलाछाप डॉक्टर सी एच सी अधीक्षक व विभागीय वजीरअआला के लिए कामधेनु साबित हो रहाहैं। सुत्र बताते है अभी हाल ही एक मामला कस्बा मैगलगंज में इसी झोलाछाप डॉक्टर का सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।उक्त मामले मे पास के ही गांव की महिला इसी झोलाछाप डॉक्टर वसीम के ईलाज से काल के गाल मे जाते बची थी वह तो परिजनो ने समय रहते महिला कौ शाहजहांपुर के एक अच्छे नर्सिंग होम मे भर्ती कराया तब जाकर काफी ईलाज के बाद उसकी जान बच सकी ।और मामले को धनबल की दम पर मैनेज कर लिया गया।इतना सब होने के बाद भी विभागीय जिम्मेदारो ने इस झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई नही की।जिसके चलते यह झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम बेखौफ होकर लोगो का इलाज करने के साथ-साथ झाड फूंक और दुआ ताबीज देकर मरीजो की जान से खिलवाड कर रहा है।और सी एच सी अधीक्षक साहब मुक दर्शक बने हुए बैठेहै। सूत्रो से मिली जान कारी के अनुसार इन झोलाछाप डॉक्टर से चढ रहे चढावे के चलते सरकर का छापामार अभियान मैगलगंज मे मात्र छलावा साबित हो रहाहै।यदि जिम्मेदार करे कार्रवाई तो काफी हद तक लगाम लगाई जा सकती हैलेकिन यहा तो पैसा पहाड चढाता है की कहावत चरितार्थ हो रही है।यही नही अभी गत चंद माह पहले एक झोलाछाप डॉक्टर नीरज की क्लीनिक को इन्ही सी एच सी अधीक्षक साहब ने सीज करने की बात कहीथी सलेकिन यह कलीनिक आज भी संचालित हो रही है जो साहब की निष्ठा पर सबाल खडे करने को काफी है।जनता जानना चाह रही है कि आखिर सीज होने के बाद यह क्लीनिक रिओपन किसके आदेश से हो गई। ऐसी कौन सी वैध डिग्री दो दिन .मे मिव गयी जो अस्पताल खुलवा दिया गया। क्यो नही लिखवाई जा रही ऐसे दबंग फर्जी डाकटरो पर।ऐसी कौन सी मजबूरी है जो इन झोलाछाप डॉक्टर पर मुकदमा पंजीकृत नही कराया जा रहाहै।अहम सबाल बना हुआ है।मामले की लिखित शिकायत कर झोलाछाप डॉक्टर को संरझण देने वाले जिम्मेदारो के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात सामने आयी है। लेकिन इनके ऊपर आज तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां के अधीक्षक डॉक्टर अश्वनी कुमार वर्मा की नजर पड़ती ही नहीं है इस झोला छाप डॉक्टर पर आज तक कोई कार्यवाही करना तो दूर की बात .बनी है।इस डाक्टरेट पास ना तो कोई वैद्य डिग्री है और ना ही कोई डिप्लोमा फिर भी साहब के कांन पर जूं नहीं रेंग रहा है और इस डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्यवाही न किया जाना जिम्मेदारों के कार्य प्रणाली पर संदेह व्यक्त करने की ओर इशारा करता है। क्या सी एच सी किसी बडी अनहोनी होने के बाद कोई कार्रवाई करं

**वर्जन**

क्या कहते है सी एच सी अधीक्षक पसगवां डाक्टर अश्वनी वर्मा-

जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा मैगलगंज औरंगाबाद बरबर जेबीगंज में फैले झोलाछाप डॉक्टररो के विषय मे जानकारी चाही गयी तो साहब का रटा रटाया जबाब शीघ्र ही कस्बा मैगलगंज में फर्जी तरीके से क्लिनिक संचालित कर रहे डॉक्टरो के विरुद्ध कार्रवाई अमल मे लायी जायेगी।

## भारतीय हिन्दू परिषद के नए जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप मिश्रा

संस्थापक पवनेश जी महाराज जी आदेश निर्देश से राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास सुरेश चंद्र अवस्थी जी के कमल मिश्रा सनातनी प्रदेश प्रचारक जी के अथक प्रयास से बहुत ही कर्मठ वरिष्ठ पत्रकार *प्रदीप मिश्रा जी को* लखीमपुर खीरी का विश्व सनातन आर्मी जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर ह्रदय से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत बहुत बधाई आशा करते हैं आप भारतीय हिन्दू परिषद परिवार अखंडता और सभ्यता के साथ नई उत्तेजना उत्पन्न करेंगे प्रदीप मिश्रा बेहजम के टेड़वा निवासी बहुत ही सनातन के लगनशील व्यक्ति बने विश्व सनातन आर्मी के जिला मीडिया प्रभारी

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 सर्वेक्षण करता हूं का प्रशिक्षण



**भदोही-** दिनांक 2 जनवरी 2025 को विकास भवन में स्थित डीपीआरसी सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु नियुक्त सर्वेक्षण कर्ताओं का प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम एवं स्वत रोजगार उपस्थित रहे द्व कार्यक्रम में सर्वेक्षण कर्ताओं को आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत सर्वे करने हेतु समुचित प्रशिक्षण दिया गया द्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वेक्षण कर्ताओं द्वारा की गई शंकाओं का समाधान भी बताया गया मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सर्वेक्षण कर्ताओं को निर्देशित किया गया की वे पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ नियमों के अंतर्गत पारदर्शी ढंग से सर्वे कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित करें यह सुनिश्चित करें की ग्रामीण आवास योजना के लाभ से कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए।

## भदोही के गंगापुर तलिया में आयोजित किया गया विशाल भंडारा



**भदोही।** कोइरौना क्षेत्र के गंगापुर तलिया में गुरुवार को परमहंस अड़गड़ानंद आश्रम में भव्य प्रवचन वार्षिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। आश्रम में शक्तेशगढ़ से पधारे कथा वाचकों प्रमोद महराज, पहलवान महराज, रामु महराज, कृष्णानंद, जय प्रकाश, वरिष्ठा नंद, सोह्मानंद महाराज ने भक्तों कों सुख कथानकों के माध्यम से भजन की प्रेरणा, यज्ञ एवं कर्म तथा नवधा भक्ति के बारे में विस्तार से बताया। साथ में तत्वदर्शी महाराज, अमित बाबा, राजेंद्र महराज, प्रेम महाराज ने अपने भजनों से उपस्थित भक्तों में भक्ति का संचार किया। भंडारा सुबह से देर शाम तक चलता रहा, जहां न केवल भदोही जनपद बल्कि आसपास के जनपदों से भी भारी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजाराम महाराज, सोहन बाबा, बच्चा बाबा, पहलावन, कृष्णा बाबा, जय प्रकाश, प्रेम बाबा, धर्मराज महाराज, अजय सिंह समेत क्षेत्र के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा द्वारा बनवासी बस्ती में बाटा गया कंबल



**भदोही/** सुरियावा शासन के निर्देश पर ठंड से राहत प्रदान करने के लिए गुरुवार को नगर पंचायत सुरियावा स्थित वार्ड नंबर 4 एवं 5वनवासी बस्ती में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा विनय चौरसिया तथा अधिशासी अधिकारी सुरियावां सुजीत कुमार द्वारा वहां पर लगभग 100 व्यक्तियों को कंबल का वितरण किया गया कंबल प्रकार ठंड से सिकुड़ रहे लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई लोगों द्वारा धन्यवाद दिया गया इस मौके पर नगर पंचायत से आलोक मिश्राहल्का लेखपाल रजनीश कुमार बघेल अशोक जालान मदन जयसवाल विजय वर्मा पंजाबी विजय तिवारी विजई सेठी शेठी अली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से 30 वर्षीय युवक की मौत, मौके पर पुलिस पहुंची

**चील्ह, मीरजापुर।** थाना कोतवाली चील्ह अंतर्गत पुरजागीर गांव के पास बुधवार की शाम ओम प्रकाश यादव 30 वर्ष पुत्र माता प्रसाद यादव ग्राम सहसेपुर थाना औराई जनपद संत रविदास नगर भदोही निवासी कुछ कार्यवश मीरजापुर गए थे। वापस अपने घर सहसेहपुर आ रहे थे कि मीरजापुर औराई मार्ग पर पूरजागीर गांव के पास गलत साइड से आ रही गैस वाली ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके परिणाम स्वरूप ओम प्रकाश यादव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी प्राप्त होने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने कुम्भ मेला के दौरान विन्ध्याचल में पार्किंग स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण


● नवरात्र मेला जैसी हो सभी व्यवस्थाएं, रैन बसेरा, शौचालय, पार्किंग आदि कार्य ससमय तैयार कराने का दिया निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** आगामी कुम्भ मेला-2025 के दौरान मीरजापुर के रास्ते प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओ के लिए जगह-जगह बनाए जाने वाले होर्डिंग एरिया (रैन बसेरा), पार्किंग, शौचालय तथा मीरजापुर से विन्ध्याचल होते हुए प्रयागराज एवं लालगंज से विजयपुर होते हुए प्रयागराज व विन्ध्यचाल आने जाने वाले यात्रियों के मार्गो का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र व लालगंज आसाराम वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ विन्ध्याचल मन्दिर परिसर, विन्ध्याचल के आस पास पार्किंग एरिया, गंगा घाटो, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, लालगंज विजयपुर रास्ते पर कुशियरा फाल आदि प्रमुख स्थलों पर यात्रियों के लिए शौचालय स्थल आदि का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य प्रारम्भ कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी तैयारियां पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विन्ध्याचल मन्दिर, पुराने वी0आई0पी0 मार्ग, कातवाली मार्ग, पक्का घाट मार्ग व नए वी0आई0पी0 मार्ग के निरीक्षण के जलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ यथावश्यक बैरीकेटिंग, मार्गो की सफाई, कारीडोर के प्रथम तल पर भी साफ सफाई, मरम्मत कार्य आदि समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश नगर मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को दिया गया। विन्ध्याचल में आने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त पार्किंग तथा उस पर उचित दर बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया गया। अष्टभुजा मन्दिर के नीचे की तरफ अकोढ़ी गांव के बगीचे में प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के रूकने हेतु रैन बसेरा, उसके पास शौचालय, चेंजिंग रूम, पाक्रिंग हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायज राज अधिकारी व प्रभारी कोतवाली विन्ध्याचल को दिया गया। इसी प्रकार महेश भट्टाचार्य इण्टर कालेज पार्किंग व रूकने की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए। लालगंज से विजयपुर होते हुए गैपुरा तिराहे से प्रयागराज अथवा विन्ध्याचल जाने वाले यात्रियों के लिए एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुशियरा फाल पर रैन बसेरा, शौचालय, पार्किंग सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी लालगंज को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त सभी स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा खाने व नाश्ता, अलाव आदि के लिए अस्थायी दुकानों की भी व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को कहीं रास्ते में रूकने की आवश्यकता पड़ती है तो उसके लिए बनाए जाने वाले रैन बसेरो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी रैन बसेरो में पर्याप्त मात्रा में गद्दा रजाई/कमबल आदि उपलब्ध रहें ताकि किसी को किसी प्रकार परेशानी न होने पाए। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त निदेशक उद्योग विरेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## पुलिस अधीक्षक को पत्रक देकर दबंग पर जान से मारने की धमकी, कार्यवाही की मांग की




**चील्ह, मीरजापुर।** थाना कोतवाली चील्ह क्षेत्र अंतर्गत तिलठी ग्राम सभा निवासी बच्चे लाल यादव द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्रक देते हुए बताया कि गांव के ही दबंग लोगों द्वारा लगभग एक वर्ष पहले उसके भाई सच्चे लाल यादव को मारपीट कर घायल कर दिया गया था, जिसका इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसमे थाना चील्ह द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक को जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद अभियुक्त द्वारा बार बार मुकदमा वापस करने के लिए जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। कल दिनांक 01जनवरी को घर पर चढ़ कर भद्दी भद्दी गली देते हुए ललकार कर जान से मारने की धमकी दी। तथा कहने लगा कि घर से बाहर निकलो तुम ही मुकदमे में पैरवी कर रहे हो आज तुम्हारा खेल ही खत्म कर देंगे। मौके से ही 112 नंबर को फोन से सूचित किया गया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो अभियुक्त और उसका एक साथी जो उसके साथ था पुलिस देखते ही भाग निकला। आज सुबह फिर मौका पाकर घर पर आकर जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रार्थी द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है।

## अयोध्या सांसद ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन



● दर्शन पूजन का कार्य उनके पुरोहित विजय बाबू मिश्र ने कराया


स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** स्थित माता विंध्यवासिनी के धाम में पहुंचे फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भाजपा पर मर्यादा पुरुषोत्तम की मर्यादा तोड़ने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा को मैंने धूल नहीं चटाया। फैजाबाद की देव तुल्य जनता, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, वीर हनुमान, सरयू नदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कृपा से उन्हें जीत मिली है। वह भाग्यशाली हैं की नव वर्ष के प्रथम दिन माता विंध्यवासिनी के चरणों में आशीर्वाद का मौका मिला है। एक रिपोर्ट उन्होंने कहा कि देश में लोग स्वस्थ रहें, भाईचारा बना रहे। देश के करोड़ों नौजवान बेरोजगार हैं। सरकारी नौकरी नहीं है। किसान, युवा परेशान है। कहा कि देश में ऐसा माहौल बने की संपूर्ण जनता सुख और सुकून में रहे थे। आपस में भाईचारा हो। सभी खुशहाल रहे। फैजाबाद लोक सभा सीट पर मिली जीत पर उन्होंने कहा कि यह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की धरती है। प्रभु श्रीराम के लोगों ने प्रभु श्री राम की कृपा, हनुमान जी की कृपा, सरयू की कृपा और राष्ट्रीय अखिलेश राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कृपा से सामान्य सीट से सांसद बनने का मौका मिला है। जो देश दुनिया में चर्चा का विषय बना है। उन्होंने कहा कि मैं आज माता विंध्यवासिनी से प्रार्थना किया है कि देश में शांति बनी रहे। फैजाबाद के लोगों की उम्मीद की मर्यादा बचा सकू। जिसे भारतीय जनता पार्टी ने तोड़ा है। कितने लोगों का घर उजाड़ दिया, कितने लोगों को बेघर कर दिया। करोड़ों की संपत्ति कौड़ी के भाव लिया गया। किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल सके और उजड़े लोगों को बसा सकू। इस कामना के साथ विंध्याचल धाम आया था। उन्होंने कहा कि फैजाबाद में प्रभु श्रीराम की मर्यादा है जिसमें "दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज कहूं नहीं व्यापा" और सर्वे संत निरामया की बात कहा।

इस दौरान विजय बाबू मिश्र, बिजेंद्र मिश्र आदि लोग उपस्थित रहें।

## विशाखा गाइडलाइन कामकाजी महिलाओं के लिए तय करता है नियोक्ता की ज़िम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मिर्ज़ापुर में मिशन शक्ति फेज -5 एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विशाखा गाइडलाइन महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान विषय पर गुरुवार को आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो माधवी शुक्ला ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हमारी न्यायपालिका समय समय पर महिलाओं के हित में विधि के माध्यम से विविध कदम उठा रही है ,आवश्यकता है उसे महिलाओं को जानने की,सुविधाजनक व असुविधाजनक स्थितियों के मध्य बारीक लकीर है उसकी जानकारी हर वर्ग को होनी चाहिए, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ आलोक कुमार राय प्रवक्ता लोकबंधु रामनारायण विधि महाविद्यालय मोतीकोट गंगापुर वाराणसी ने अपने व्याख्यान में विशाखा गाइडलाइन लाने के पीछे के भँवरी देवी घटना क्रम पर प्रकाश डालते हुए किसी भी कार्यस्थल पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियोक्ता को जारी किये गये निर्देशों को क्रमवार बताया। किसी महिला कार्मिक से अश्लील हरकत करने अथवा उसे फ़ोटो,संदेश आदि भेजने पर किस एक्ट के तहत क्या प्रावधान है उसे विस्तृत रूप से बताया। महिला के साथ यौन उत्पीडन की घटना होने पर सम्बंधित नियोक्ता की ज़िम्मेदारी है कि वह न्यायालय में मामला दर्ज कराये।नाबालिग लड़की के साथ अवांछित व्यवहार करने पर कानून की विविध धाराओं में मुक़दमा दर्ज होगा उसकी जानकारी प्रदान किया।संचालन कार्यक्रम की सह संयोजक डॉ शिखा तिवारी,स्वागत व विषय प्रवर्तन कार्यक्रम की संयोजक तथा मिशन शक्ति फेज -5 की संयोजक डॉ शेफालिका राय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक डॉ विद्या सिंह ने किया।इस दौरान डॉ कुसुम लता संयोजक महिला प्रकोष्ठ,डॉ चन्दन साहू, डॉ देव कुमार, डॉ रजनीश कुमार,डा अरविंद कुमार,डॉ राजेश कुमार,डॉ वकार रजा, डॉ मंजूला शुक्ला,डॉ शैलेंद्र , डॉ चन्दन द्विवेदी सहित 88 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विजयपुर गाँव मे तकिया स्थित मजार पर निषाद पार्टी की कार्यकर्ताओ की बैठक




**मीरजापुर।** छानबे क्षेत्र के विजयपुर गांव मे तकिया मजार पर निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं का बैठक किया गया। जिसमें 13 जनवरी को निषाद पार्टी सम्मेलन मे मज सम्लित होने की अपील की गयी। बैठक मज बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति /जन जाति आयोग कज सदस्य मिठाई लाल निषाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी 13जनवरी को पार्टी सम्मेलन मे सम्लित होने की अपील की ।और शोषित ,पीडित .व वंचितों के आवाज उठाने की बात कही ।कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार का कदम सराहनीय है। इस दौरान बाबू लाल बिंद ,राम आसरे बिंद,मुकुडू शाह,राज कुमार ,राजा राम ,राधे बिंद, जगध बिंद ,नूर आलम सहित सैकडो की संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महादेवा में स्थित परमहंस आश्रम में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

● पांच सौ से अधिक बच्चों को पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण

कार्यक्रम में कप्यूटर बाबा रहे मुख्य अतिथि



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** कोइरौना क्षेत्र के खेमापुर महादेवा में स्थित परमहंस आश्रम में नव वर्ष के अवसर पर यथार्थ परमार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित यथार्थ गीता पाठ का समापन, छात्रों को धार्मिक पुस्तक का वितरण और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर बाबा बतौर मुख्य अतिथि रहे। मालूम हो श्री यथार्थ परमार्थ सेवा समिति तमाम धार्मिक कार्यक्रमों के साथ साथ निःशुल्क धार्मिक शिक्षा भी प्रदान करती है। इस समिति के करीब 150 आध्यापकों के तरफ से देश के 15 राज्यों में बच्चों को निःशुल्क धार्मिक और संस्कार की शिक्षा दी जाती है। नव वर्ष के मौके पर पांच सौ से अधिक बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। इस मौके पर गरीब लोगों को शाल का वितरण किया गया। और कुछ लोगों को अंगवस्त्र और गीता की पुस्तक भी भेंट की गई। समिति के स्वामी विमलानंद जी महाराज ने बताया कि श्री यथार्थ परमार्थ सेवा समिति देश भर में धार्मिक शिक्षा के लिए काम कर रही है, जिससे बच्चों में शिक्षा के साथ साथ संस्कार की भी जानकारी दी जा रही है। महाराज ने कहा कि लोगों को अपने धार्मिक ग्रंथो को पढ़ना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए। महाराज ने चिंता जाहिर की कि आज लोग अपने व्यवसायिक शिक्षा के आगे आध्यत्मिक और धार्मिक शिक्षा से दूर हो रहे है, जो सही नहीं है। लोगों को अपने धर्म और संस्कार से जुड़े रहना चाहिए।



महाराज ने लोगों को अपने धर्म से जुड़कर उसमे बताई गई बातों का अनुसरण करने की बात कही। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहजानंद जी महाराज, रामजी पाल, धनंजय सिंह, अजय सिंह चौहान, धीरेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र यादव, प्रियतोष सिंह,फूल चंद यादव,दिनेश यादव, शिवधर बिन्द समेत तमाम स्वयं सेवक और लोगों का सहयोग रहा।

## विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा गंगोत्सव एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर के पकाघाट पर गंगोत्सव एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। मां गंगा की वार्षिक आरती कर संस्थापक सदस्य पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव एवं आरती व्यवस्थापक मंडल के सदस्य आलोक मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मां गंगा की आरती कर मृतकों की आत्मा की सदगति के लिए प्रार्थना किया गया। गंगोत्सव में भक्तों ने सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। वैदिक एवं पौराणिक मंत्रों के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना कर आरती की गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि जिले की धरोहर पक्का घाट को संरक्षित रखने के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी विमल कुमार दुबे एवं उनकी पत्नी डॉ. रचना विमल दुबे के निर्देशन में मां गंगा की आरती वर्ष 2017 से आरंभ किया गया।

जो प्रतिदिन सायंकाल निरंतर जन सहयोग से जारी है। जनता के मिल रहे सहयोग के चलते ही जब कोरोना काल में मानव से मानव की दूरी थी। तब भी मां की आरती अनवरत जारी रहा। इसे पतित पावनी गंगा की कृपा बताते हुए कहा कि मां गंगा की सेवा करते हुए पद्मश्री अजीत आशीर्वाद एवं आलोक मिश्रा गोधाम प्रस्थान कर गए। वह हमारे बीच में नहीं है, लेकिन उनके किए गए प्रयास से हम सबको एक नई ऊर्जा के साथ सेवा कार्य में लगे रहने की प्रेरणा मिलती हैं। कार्यक्रम में संस्था सचिव नितिन अवस्थी ने भक्तों का स्वागत एवं आभार जताया। कार्यक्रम में अमरेश मिश्र, विभूति मिश्रा, आकाश दुबे मनीष रावत रामलाल साहनी, जेपी पटेल, विजेंद्र दुबे, राजकुमार उपाध्याय, जय श्रीवास्तव, राजा बाबू मिश्रा एवं आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## समाजवादी पार्टी की पी डी ए के तहत ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकासखंड के बरौधा बाजार में समाजवादी पार्टी की पी डी ए के तहत ब्लाक स्तरीय मासिक बैठक संपन्न की गई जिसमें समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्ष सैक्टर के व ब्लॉक प्रभारी व विधानसभा महासचिव हरि शंकर यादव जिला सचिव अशोक मिश्रा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि संगठन को मजबूती देने की बात की गई और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सदन में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा विरोध व्यक्त करने के संबंध में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के वक्तव्य की निंदा की व विरोध जताया और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में पी डी ए के बैनर तले सभी को एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने व समाजवादी पार्टी की समाजवादी विचारधारा की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया और ए बी एम के जगह मत पत्र से मतदान करने की व्यवस्था लागू करने की भी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से बैठक के माध्यम से मांग किया गया इस मौके पर सपा नेता लक्ष्मण चौरसिया सेक्टर प्रभारी रमेश गुप्ता राम जी प्रजापति राकेश यादव सीताराम कॉल अर्जुन शंकर कृष्णा कॉल लालू प्रजापति कन्हैया प्रजापति सत्य प्रकाश पाल समसुल हक जहीर खान इत्यादि लोग बैठक में उपस्थित रहे।

## सपा ने की प्रियांशु ओझा के हत्यारों के गिरफ्तारी की मांग



**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता प्रियांशु ओझा की बुधवार की रात को कुल्हाड़ी से सिर पर मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक पार्टी का होनहार व संघर्षशील कार्यकर्ता था। उक्त बातें जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कही है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन की अनुपस्थिति में क्षेत्राधिकारी शिखा भारती को मांगपत्र सौपा है। मांग पत्र में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है और कहा है कि हत्यारों की गिरफ्तारी न होने पर समाजवादी पार्टी आन्दोलन के लिये बाध्य होगी। इस मौके पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मुन्नी यादव, जमाल अहमद अरशद अली, पियूष कसेरा, मनोज चैहान, नवाज अहमद, रामजी यादव आदि उपस्थित रहें।

## आपूर्ति निरीक्षक ने किया सरकारी गल्ले की दुकान का निरीक्षण

●ताला मारकर फरार हुए दुकानदार के दुकान को किया सील

स्वतंत्र प्रभात



**जिगना।** छानबे क्षेत्र के बसेवरा कला गाँव में सरकारी सस्ते गल्ले व चीनी की दुकान पर जांच-पड़ताल करने पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक और उनकी टीम के सामने ही कोटेदार ताला मारकर गायब हो गया। तीन घंटे तक उसका इंतजार के बाद दुकान सील कर जांच टीम चली गई। कार्डधारकों ने बताया कि कोटेदार ने 69 कुंतल खाद्यान्न खुले बाजार में बेंच दिया है। खाद्यान्न पाने के लिए कार्डधारकों को भकटना पड़ रहा है।ग्राम प्रधान शीला देवी ने कोटेदार पर खाद्यान्न गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाई की मांग किया था। आपूर्ति निरीक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि दुकान पर ताला बंद मिला। कोटेदार मौके पर नहीं आया। तीन घंटे इंतजार करने के बाद दुकान सील कर दिया गया। दुकान की फोटो व वीडिओग्राफी कराई गई। इस दौरान कोटेदार योगेन्द्र कुमार ने अपना मोबाइल स्विच आफ कर दिया। आम चर्चा है कि सप्लाई निरीक्षक कोटेदारों से धन उगाही करते हैं। ऐसे में मनबढ़ कोटेदार कालाबाजारी से परहेज नहीं रख पा रहे हैं। ई पास मशीन का प्रयोग होने के बाद भी कोटेदार तू डाल डाल मै पात पात वाली कहावतें चरितार्थ कर रहे हैं। क्योंकि जिनके ऊपर कालाबाजारी रोकने की जिम्मेदारी है वे ही खुला खेल फर्रुखाबादी खेल रहे हैं। नतीजतन सरकारी दुकानों पर पारदर्शिता की बात बेमानी साबित हो रही है। कार्डधारकों ने जिलाधिकारी से जांचोपरांत त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

## महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त

स्वतंत्र प्रभात



कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक-02.01.2024 को महिला थाना एंटीरोमियो टीम द्वारा महाराजा चेत सिंह अस्पताल, थाना ज्ञानपुर एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बा ज्ञानपुर, थाना गोपीगंज एंटीरोमियो टीम द्वारा कस्बा गोपीगंज, थाना कोइरौना एण्टीरोमियो टीम द्वारा सीतामढ़ी मंदिर,थाना भदोही एंटी रोमियो टीम द्वारा धौरहरा, थाना चौरी एंटी रोमियो टीम द्वारा लठिया, औराई एंटी रोमियो टीम द्वारा कंसापुर महराजगंज, ऊँज एंटी रोमियो टीम द्वारा वहिदा मोढ, थाना सुरियावां एंटी रोमियो टीम द्वारा भीमसेनपुर व अभोली में महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/ कस्बों/ स्कूलों/ कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अज्ञात चोरों ने तोड़ा घर का ताला लाखों के जेबर की चोरी, मामला थाना में दर्ज

**मेहरमा** – बलबड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम कमरगामा- कुमरडोय निवासी सिकन्दर शर्मा एक व्यवसाय के घर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि शर्मा अपने परिवार के साथ बुधवार को नया साल मनाने के लिए अपने रिश्तेदारों के घर गये हुए थे, तभी देर रात्रि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर घर मे रखे जेबर, नगद रूपये लेकर फरार हो गये। इधर शर्मा ने बताया कि जब हम अपने रिश्तेदारों के घर नया साल मना कर वापस घर आये तो देखा कि घर का ताला तुटा हुआ था। दुकान मे रखे बीस हजार रुपये व घर के अंदर रखे जेबर, नगद लगभग तीन लाख की सम्पत्ति की चोरी कर ले गये हैं। इधर पीड़ित ने बलबड्डा थाना पहुंच कर घटना की जानकारी दी। श्री शर्मा के लिखित बयान के आधार पर बलबड्डा पुलिस मामले को दर्ज कर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है। वही शर्मा ने शक के आधार पर दो व्यक्ति के नाम प्रथमिकी दर्ज करायी है।

### शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को मिले पीएम जनमन योजना का लाभ



**साहेबगंज, झारखंड-** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना का लाभ शत-प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के परिवारों को दिलाने को लेकर बोरियो प्रखण्ड के सभागार में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, संजय कुमार दास ने सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं आदि का लाभ दिलाने एवं पीवीटीजी टोलों में सड़क, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव, सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### रांची सदर सीओ रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, घर से 7 लाख बरामद



**रांची-** नए साल के दूसरे दिन रांची में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की। सदर अंचल अधिकारी मुंशी राम को 40,000 की रिश्वत लेते हुए उनके कार्यालय से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह रिश्वत एक व्यक्ति की जमीन की नापी कराने के बदले मांगी गई थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। शिकायत की जांच के बाद, गुरुवार को ACB की टीम ने रांची कोर्ट स्थित मुंशी राम के कार्यालय पर छापेमारी की। रिश्वत लेते समय उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ACB की टीम ने मुंशी राम के घर पर छापा मारा, जहां से करीब 7 लाख नकदी बरामद की गई। एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच जारी है और आगे भी संपत्ति का हिसाब-किताब खंगाला जाएगा।

### नववर्ष के अवसर पर पिकनिक स्थलों पर उमड़ा जनसैलाब, उत्साह और खुशी का रहा माहौल



**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** नववर्ष के अवसर पर मधुपुर शहर के पिकनिक स्थलों पर जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। शहर के प्रमुख पिकनिक स्थलों जैसे के आसपास बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही इकट्ठा होने लगे। परिवार और दोस्तों के साथ लोग खुले आसमान के नीचे खाने-पीने और मनोरंजन का आनंद लेते नजर आए। बच्चों ने झूले, खेल और हंसी-मजाक में समय बिताया, जबकि युवाओं और बुजुर्गों ने प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। संगीत, नृत्य और समूह फोटोग्राफी के साथ-साथ कुछ समूहों ने डीजे के गाने पर जमकर नृत्य कर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जिससे ख़बर लिखे जाने तक किसी भी तरह के अप्रिय घटना की कोई ख़बर नहीं मिली। कुल मिलाकर, नववर्ष के इस मौके पर मधुपुर के पिकनिक स्थलों पर खुशियों और उत्साह का माहौल छाया रहा।

## युवा साथी झारखंड संस्था के द्वारा बरही अनाथालय में छोटे बच्चों के बीच गर्म कपड़े और मिठाई का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात




**बरही-** युवा साथी झारखंड संस्था के द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर बरही स्थित अनाथालय में रह रहें गरीब मासूम बच्चों के बीच गर्म कपड़े एवं मिठाई बांट कर पुनीत कार्य किया गया। युवा साथी झारखंड संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में मासूम बच्चों के बीच अपने टीम के साथियों के साथ गर्म कपड़ों का वितरण करके छोटे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाकर काफ़ी शुकुन महसूस कर रहा हूं। हमारी संस्था पिछले 5 सालों से समाज में निवास करने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच लगातार इस तरह का कार्य कर रही है। वहीं झारखंड के युवा समाजसेवी संजय मेहता ने कहा कि संस्था के द्वारा समय समय पर रक्तदान, कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण जैसे कई प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते हैं। बढ़ती ठंड को देखते हुए आज नव वर्ष के शुभ अवसर पर युवा साथी झारखंड संस्था के साथियों द्वारा छोटे बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण करने में हमें काफी खुशी मिल रही है। बच्चों की स्थिति को देखते हुए संस्था के सदस्यों ने यह तय किया था कि अनाथालय में रह रहे छोटे बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण कर नए साल का स्वागत करेंगे। कड़कड़ाती सर्दी के बीच गर्म कपड़े मिलने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरफराज खान, राजेश यादव, आशीष यादव, सरफराज अहमद, अनिल सिंह, सतीश गुप्ता, विकास यादव, परमेश्वर यादव, सहमद खान, विजय कुमार, शमीम अंसारी, आदित्य कुमार, राहुल कुमार, सचिन कुमार, बिट्टू यादव, मिनहाज खान, दीपेश कुमार, जयंत कुमार, अहमद खान, बलजीत सिंह, आयुष सिंह, राजेंद्र यादव, रवि यादव, विजय यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## 6 जनवरी को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम, महिलाओं के खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे 2.5 हज़ार

स्वतंत्र प्रभात




**रांची-** राजधानी रांची के नामकुम के खोजा टोली मैदान से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 6 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस दौरान राज्य की 56 लाख महिलाओं के खातों में बढ़ी हुई ?2,500 की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी। अगस्त 2024 में शुरू हुई इस योजना के तहत पहले महिलाओं को 1,000 दिए जाते थे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव के दौरान इस राशि को दिसंबर से बढ़ाकर 2,500 करने का वादा किया था। विधानसभा चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले सोरेन कैबिनेट ने इसे लागू करने का निर्णय लिया। राज्यभर से करीब तीन लाख महिलाओं के समारोह में शामिल होने की संभावना है। इसके लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने पहले ही जिलों को आवश्यक धनराशि हस्तांतरित कर दी है। सरकार ने 26-27 दिसंबर को ट्रायल के तौर पर प्रत्येक जिले से 100-200 महिलाओं के खातों में पैसे भेजकर योजना का सफल परीक्षण किया। पहले इस समारोह का आयोजन 28 दिसंबर को होना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण सात दिन के राजकीय शोक के चलते इसे 6 जनवरी तक के लिए टाल दिया गया। राज्य सरकार ने योजना के लिए 6,391 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। चूंकि सम्मान राशि 1,000 से बढ़ाकर 2,500 कर दी गई है, ऐसे में वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार पर अतिरिक्त 7,300 करोड़ रुपये का बोझ बढ़ेगा। हालांकि, सरकार ने दूसरे मदों से फंड की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इस योजना से 18 से 50 वर्ष की आयु की करीब 55 लाख महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात



**गोड्डा-** गोड्डा समाहरणालय परिसर मे जिला उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी तथा इसमें लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। उपायुक्त कमर ने अपील किया कि मोटरसाइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गतिसीमा में करें, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें।

सड़कों पर चलने वाले वाहन, चालक एवं राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किए जाएं। परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किए जाए। ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा के बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता गोड्डा श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी गोड्डा कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला योजना पदाधिकारी गोड्डा फैजान सरवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी गोड्डा मिथिला टुडू, जिला खेल पदाधिकारी गोड्डा डॉ. प्राण महतो सहित समाहरणालय के तमाम कर्मीगण मौजूद रहे।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए राजसिंह चौहान ने बरहीडीह चौक पर किया अलाव का प्रबंध, राहगीरों ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरहीडीह क्षेत्र में लगातार बढ़ती ठंड और कड़ाके की सर्दी को देखते हुए सद्भावना विकास मंच ने मानवीय पहल करते हुए स्थानीय लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की है। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष सह आजसू के प्रभारी राजसिंह चौहान ने बरहीडीह चौक पर अलाव का प्रबंध किया। इस पहल का उद्देश्य ठंड से प्रभावित लोगों, खासकर दैनिक मजदूरों, राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है। श्री चौहान ने कहा कि कड़ाके की ठंड में अलाव लोगों को गर्माहट देकर कुछ हद तक राहत पहुंचा सकता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जरूरतमंदों की मदद करें।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ठंड के मौसम में इस तरह की व्यवस्था से उन्हें काफी सहूलियत मिली है। उन्होंने सद्भावना विकास मंच और राजसिंह चौहान के प्रयासों को धन्यवाद दिया। यह कदम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। राजसिंह चौहान ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में और भी जगहों पर इस तरह की व्यवस्था की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत मिल सके। सद्भावना विकास मंच की यह पहल ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए राहत का एक उदाहरण है। अन्य सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों को भी इस दिशा में प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। मौके पर राजकुमार केशरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नव वर्ष पर नगर मंदिर के साथ कई पूजा स्थलों और पर्यटन स्थलों पर दिखा मेले जैसा दृश्य

स्वतंत्र प्रभात





**चंदवा** – चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पिकनिक स्पॉट नव वर्ष के अवसर पर पर्यटकों से गुलजार रहें।पर्यटन स्थलों पर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। नये साल की खुशी पर लोगो ने दोस्तो व परिजनों के साथ जमकर मस्ती की। नये साल के स्वागत में मंगलवार दिन से ही पिकनिक मनाने की तैयारी चल रही थी लोगो ने पिकनिक को लेकर बाजारों में जमकर खरीदारी भी की। देर रात से ही नव वर्ष की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था लोग अपने दोस्तों व सगे संबंधियों को फोन और वाट्सएप पर मैसेज भेज नये साल की बधाई देते नजर आ रहे थे। नव वर्ष की सुबह लोग नगर मंदिर पहुंच सुख शांति की मन्नत मांगी। नगर मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लोग अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ पर्यटन स्थलों की ओर जाते दिखे। दिन भर सड़क वीरान व पर्यटन स्थल गुलज़ार रहे। प्रखंड के चंदवा लोहरदगा सीमाने पर स्थित कांति झरना,ढोंटी झुंझुनिया वाटर फॉल,हिंडाल्को पार्क,इको पार्क समेत 27 नम्बर ब्रिज पर पर्यटकों की काफी भीड़ रही।जंगलो पहाड़ो के बीच प्रकृति की गोद में बसे कांति झरना की सुंदरता का लोगो ने खूब लुत्फ उठाया ऊंचाई से गिरते पानी की सुंदरता भी पर्यटकों का मन मोह रही थी। शहर के इंदिरा गांधी चौक पर पुलिस प्रशासन की टीम दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट चेकिंग करते देखे गए प्रशासन की टीम लोगो से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की भी अपील कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई थी।

## दो कारों की आमने-सामने टक्कर, एक के परखच्चे उड़े, छह घायल

स्वतंत्र प्रभात



**मेहरमा** – मेहरमा थाना क्षेत्र के डोय ढोलीया पुल के पास बुधवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो कारें आमने-सामने टकरा गईं। इस हादसे में एक कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि दूसरी कार गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना में कार चालकों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**कैसे हुआ हादसा**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ललमटिया-मेहरमा मुख्य मार्ग पर ढोलीया नदी के पास दोनों कारें विपरीत दिशाओं से तेज गति में आ रही थीं। अचानक हुए इस जबरदस्त टक्कर में एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दूसरी कार गड्ढे में पलट गई।

**स्थानीय ग्रामीणों ने की मदद**

दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बाहर निकाला। मेहरमा पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेहरमा पहुंचाया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने सभी का इलाज कर उन्हें सामान्य बताया है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

मेहरमा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि कार में सवार लोग नए साल का जश्न मनाने जा रहे थे, जब यह हादसा हुआ।

**सावधानी की अपील**

पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तेज गति से वाहन चलाने से बचने और सड़क पर सतर्कता बरतने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना स्थल पर सड़क की स्थिति ठीक नहीं है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

## मुख्यमत्री की संवेदनशीलता, कैमरून से सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी

● तीन समूह में हुई श्रमिकों की वापिस, नियोजकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात



**रांची, झारखंड-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक 3 जनवरी 2025 की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फँसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर 2024 को हुई थी, इसके बाद गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं लेकिन ये सभी शुक्रवार की सुबह झारखण्ड पहुंचेंगे। झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में M/s Transrail Lighting Limited के माध्यम से अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया । प्राप्त शिकायत के आधार पर सचिव एवं श्रमायुक्त के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया है। कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की वापिस के बाद विभागीय सचिव को इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के उपरांत सभी संबंधित श्रम अधीक्षक श्रमिकों का विवरण प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## नए साल में नई उमंगों के साथ हजारों की संख्या में पहुंचे लोग फॉसिल पार्क

स्वतंत्र प्रभात



**साहेबगंज झारखंड-** झारखंड राज्य के साहेबगंज जिला अंतर्गत मंडरो प्रखंड मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित विश्व विख्यात फॉसिल पार्क में नए वर्ष यानि एक जनवरी 2025 को हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचे।।लोगो ने यहां के पार्क में स्थित म्यूजियम,ऑडिटोरियम,झूला सहित अन्य चीजों का भरपूर मजा लिया।बताते चले कि इस पार्क को पूरे झारखंड में सबसे बेहतरीन ओर खूबसूरत पार्क माना जाता है। खासकर यहां का फॉसिल लाखों करोड़ों साल बाद जो पेड़ से पत्थर बन चुका है। वो वाकई देखने ओर उसकी जानकारी लेने के लायक है। जो दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए रिसर्च का पैगाम बन चुका है।वही पार्क कर्मियों के द्वारा कहा गया है,यह पार्क सालों भर खुला रहता है सिर्फ सोमवार को छोड़कर। यहां की खूबसूरती और फॉसिल को देखने के लिए हिंदुस्तान के विभिन्न राज्यों सहित विदेश से भी लोग आते हैं। और इस पार्क की तारीफ भी करके जाते हैं। नए साल पर हर साल की तरह हजारों की संख्या में इस बार भी लोग पार्क घूमने आ रहे हैं। और खासकर पार्क में प्रशाशन की कड़ी सुरक्षा का भी इंतजाम किया गया।

## पाकुड़िया में शीतलहर का कहर, बढ़ती ठंड से जनजीवन प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप जारी है। 31 दिसंबर से लगातार बहने वाली ठंडी हवाओं ने कन-कनी को बढ़ा दिया है। 1 और 2 जनवरी की सुबह घने कोहरे की चादर ने पूरे क्षेत्र को ढक लिया। सर्दी की इस लहर ने बाजारों और हाटों की रौनक कम कर दी है। लोग जरूरी सामान लेकर जल्द ही घरों में लौटते नजर आ रहे हैं।

**सर्दी से बुजुर्गों की बढ़ी परेशानी**

कन-कनी और शीतलहर के कारण विशेष रूप से वृद्धजन और बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड से बचाव के उपाय करना अत्यंत आवश्यक है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से दूर रखना चाहिए, क्योंकि ठंड से खांसी और बुखार जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**ग्रामीण हाटों और बाजारों पर ठंड का असर**

ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव बाजारों और हाटों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। लोग अपनी खरीदारी को जल्द खत्म कर घर लौट रहे हैं। हालांकि, दिन में धूप की गर्मी थोड़ी राहत जरूर देती है, लेकिन सुबह और शाम की ठंड लोगों को घरों में कैद कर रही है।

**फरवरी तक ठंड रहने की संभावना**

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि ठंड का यह सिलसिला फरवरी तक जारी रह सकता है। हालांकि, मौसम का सटीक अनुमान लगाना हमेशा संभव नहीं होता। विशेषज्ञ उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर संभावित भविष्यवाणियां कर रहे हैं, लेकिन मौसम की अनिश्चितता के चलते किसी ठोस भविष्यवाणी की उम्मीद नहीं की जा सकती।

**सावधानी ही बचाव**

लोगों को सलाह दी गई है कि ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें और अलाव का सहारा लें। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ठंड के इस दौर में सावधानी ही सुरक्षित रहने का सबसे बेहतर उपाय है।

## मंदिरों में श्रद्धा भाव से भगवान-भगवती की अर्चना कर लोगों ने अंग्रेजी नव वर्ष का किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** अंग्रेजी नव वर्ष के शुभावसर पर प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति-भाव से भगवान आशुतोष आदि माता पार्वती एवम सभी देव-देवियों की उपासना कर राष्ट्रीय समृद्धि के आलोक में अपने पारिवारिक सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर बच्चे-बच्चियों के संग महिलाएँ भी विभिन्न मंदिरों मे पूजन कर मंगलकामना कर संतुष्ट दिखी। एक जनवरी को प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सपरिवार गंगा स्नान व धार्मिक पर्यटक स्थल रवाना हुए। वहीं दुसरी ओर आमकोना, पाकुड़िया, घाघर, गर्म झरना, दुर्गापुर डेम आदि रमणिक स्थलों पर जाकर लोग सपरिवार पिकनिक का आनंद लेते हुए नव साल का अभिनंदन किया। इस नव वर्ष को खुशियों से मनाये जाने के लिए पिकनिक स्थलों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रही, इसके लिए ग्रामीण पुलिस की तैनाती की गई। नव वर्ष पर पाकुड़िया में साफ व नीले अम्बर पर भगवान भास्कर की प्रखर किरणें लोगों को सुखद अनुभूति कराती रही।

## फुटबॉल खेल में चल रहा है जुआ का महाअड्डा

स्वतंत्र प्रभात



**साहेबगंज, झारखंड-** साहेबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गडरा पंचायत में स्थित तालेडीह के फुटबॉल मैदान में दो जनवरी से तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के दौरान जुआ का भी महाअड्डा खुलेआम चल रहा है। एक ओर लोग फुटबॉल खेल को देखकर मनोरंजन कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर बड़े, छोटे, बच्चे, बूढ़े जुआ खेलकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। जुआ खेल के दौरान देखा जाता है कि बारह तेरह साल के कई बच्चे भी जुआ खेल रहे हैं और देख भी रहे हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लगभग सभी फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान जुआ खेलना आम बात हो चुकी है। सूत्र का कहना है कि टूर्नामेंट में जुआ खेल के लिए कमिटी के द्वारा अच्छा खासा पैसा वसूला जाता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले को लेकर प्रशाशन के द्वारा किया करवाई की जाती है।या फिर मामले को यहीं रफा दफा किया जाएगा।

# चढ़ने लगा दिल्ली का सियासी पारा




आज हर तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है 2025 के आरंभ में होने वाला दिल्ली विधानसभा चुनाव, सतारूढ दल द्वारा नई-नई घोषणाए की जा रही है, आरोप-प्रत्यारोप का बाजार पूरे उबाल पर है, राजनीतिक पार्टियां उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रही तीन प्रमुख पार्टियों में से आम आदमी पार्टी ने अपने सभी उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, कांग्रेस ने लगभग आधी सीटों पर नामों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा ने अभी तक एक टिकट भी किसी को नही दी है यानि कहीं टिकट मिलने की खुशी है, कहीं टिकट ना मिलने का गम है और कहीं अभी टिकट की प्रतीक्षा हो रही है। सभी प्रत्याशी और संभावित प्रत्याशी नगर, गांव के दौरे कर रहे हैं। मतलब यह कि दिल्ली पर धीरे-धीरे चुनावी रंग चढ़ता जा रहा है। भारत की आजादी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में पहले विधानसभा चुनाव 27 मार्च 1952 में हुए थे। उन चुनावों में कांग्रेस ने 48 में से 39 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। भारतीय जनसंघ ने 5 , सोशलिस्ट पार्टी ने 2, अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने 1 और 1 सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी। चौ. ब्रह्म प्रकाश यादव दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने। उस समय दिल्ली के 6 विधानसभा क्षेत्र ऐसे थे जहां एक ही क्षेत्र के लिए दो-दो विधायक चुने गए थे। इनमें से एक क्षेत्र तो ऐसा था जहां कांग्रेस और जनसंघ दोनों के विधायक जीते। जिन सीटों पर दो-दो विधायक चुने गए वे रीडिंग रोड, सीताराम बाजार तुर्कमान गेट, रेगरपुरा देव नगर, पहाड़ी धीरज बस्ती जुलाहा, नरेला और महरौली थी। रीडिंग रोड विधानसभा क्षेत्र से एक कांग्रेस और एक जनसंघ का विधायक जीता। दिल्ली विधानसभा पहली बार 7 मार्च 1952 को गठित हुई और दिल्ली मेट्रो काउंसिल वजूद में आई। 1952 में हुए दिल्ली के पहले विधानसभा में चुनाव आयोग के आंकड़ो के अनुसार 5 लाख 21 हजार 766 रजिस्टर्ड वोटर थे।

जिसमें से 58.52 प्रतिशत वोटरों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। कुल पड़े वोटों में से कांग्रेस को 52 प्रतिशत वोट मिले थे यानि आधे से ज्यादा। भारतीय जनसंघ को करीब 22 प्रतिशत वोट मिले थे। जनसंघ ने 31 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। कांग्रेसी चौधरी ब्रह्म प्रकाश 1955 तक सीएम रहे। उनके बाद कांग्रेस के ही सरदार गुरुमुख निहाल सिंह दिल्ली के दूसरे मुख्यमंत्री बने। चौधरी ब्रह्म प्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने और वहीं सुषमा स्वराज के नाम दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड दर्ज है। संविधान का 69वां संशोधन एक्ट, 1991 दिल्ली को विशेष राज्य का दर्जा देता है। इस एक्ट के अनुसार दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया है और उपराज्यपाल को दिल्ली के प्रशासक के रूप में नामित किया गया है। दिल्ली देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जिसके मुख्य कार्यकारी मुख्यमंत्री हैं। 1952 से लेकर अब तक 7 मुख्यमंत्री रह चुके हैं। आतिशी 8वीं सीएम हैं। दिल्ली की सता पर सबसे अधिक 15 साल तक किसी एक सीएम ने राज किया वो शीला दीक्षित हैं। जबकि केजरीवाल 10 साल 9 महीने तक मुख्यमंत्री रह दूसरे नम्बर पर हैं। दिल्ली के इतिहास में 01 नवंबर 1956 का दिन खास महत्त्व रखता है। विधानसभा भंग करके दिल्ली को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था बदल गई। उपराज्यपाल का शासन आ गया। केंद्र सरकार ने 1955 में राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया था। इस कमीशन की बागडोर फज़ल अली को सौंपी गई जिसे फजल अली कमीशन भी कहा जाता है, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ही दिल्ली से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। आयोग ने दिल्ली विधानसभा को 1956 में भंग किए जाने के बाद इस आयोग ने पाया कि राजधानी में दोहरे शासन से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। ऐसे में यहां एक ही शासन हो सकता है हालांकि उन्होंने ये जरूर कहा कि स्थानीय लोगों की महत्वाकांक्षा के लिए नगर निगम के शासन की जरूरत है, जो स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान कर सके। ऐसे में फजल अली कमीशन की सलाह पर दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन एक्ट के द्वारा दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की स्थापना हुई। साल 1957 में दिल्ली नगर निगम एक्ट बनाने का काम शुरू किया गया, जिससे दिल्ली को निगम मिला।

1966 में केंद्र सरकार ने दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन एक्ट 1966 पास किया। इससे दिल्ली में मेट्रोपॉलिटन काउंसिल का निर्माण हुआ, जिसमें 56 सदस्य चुने हुए और पांच मनोनीत सदस्य थे। इसके साथ ही एक एक्जीक्यूटिव काउंसिल होती थी, जिसमें चार काउंसलर राष्ट्रपति द्वारा चुने जाते थे। दिल्ली में मेट्रोपॉलिटन काउंसिल बन तो गया, लेकिन इसके पास कोई शक्ति नहीं थी,यह सिर्फ सिफारिशें कर सकता था और बजट प्रस्ताव रख सकता था। दिल्ली के प्रमुख उपराज्यपाल होते थे और नगर पालिका के पास विधायी शक्तियां नहीं थी। इसके चलते मेट्रोपॉलिटन काउंसिल बॉडी सिर्फ उपराज्यपाल को सलाह दे सकती थी। दिल्ली में उपराज्यपाल ही मुखिया हुआ करते थे। दिल्ली के शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी का दारोमदार पूरी तरह उपराज्यपाल के कंधों पर था।अस्सी के दशक में दिल्ली राज्य की मांग तेज होने लगी। दिल्ली में प्रशासनिक सुधार के लिए 1987 में सरकारिया कमेटी का गठन किया गया, जिसे बाद में बालाकृष्णन कमेटी के नाम से जाना गया। 14 दिसंबर, 1989 को सरकारिया कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंपी। इस कमेटी ने सिफारिश की थी कि दिल्ली को अपनी सरकार मिलनी ही चाहिए, भले ही कुछ क्षेत्र पर केंद्र का नियंत्रण हो। इसमें दिल्ली में विधानसभा बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। इसके बाद नए कानून आने तक यानि 1993 तक दिल्ली में विधानसभा चुनाव नही हुए। इस केंद्र शासित प्रदेश में 1956 से लेकर 1993 तक दिल्ली पर केंद्र सरकार का नियंत्रण रहा।

(नीरज शर्मा भरथल )

# एक नई सोच, एक नई दिशा- जनरेशन बीटा का दौर



साल 2025 का आगमन केवल एक नया वर्ष नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के इतिहास में एक नई शुरुआत का प्रतीक बनेगा। यह समय उस पीढ़ी के आगमन का गवाह बनेगा, जो समाज, संस्कृति और तकनीक के त्रिवेणी संगम से उभरती नई पहचान के साथ आगे बढ़ेगी। यह मानवता की सोच और दृष्टिकोण में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। 2025 से 2039 तक का समय जनरेशन बीटा का होगा, जो ऐसे युग में पलेगी, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( AI), वर्चुअल रियलिटी (VR), और हाइपर-कनेक्टिविटी जैसे तकनीकी चमत्कार उनके दैनिक जीवन का हिस्सा होंगे। यह पीढ़ी नवाचार की धारा में तैरते हुए भविष्य का निर्माण करेगी, जो आज की कल्पनाओं से परे होगा। हर पीढ़ी अपने समय के संघर्षों, अवसरों और परिवर्तनों की दास्तान है, जो इतिहास के पन्नों में अपनी गहरी छाप छोड़ती है। ग्रेटेस्ट जनरेशन (1901-1927), संघर्ष और बलिदान की प्रतीक, इस पीढ़ी ने दो विश्व युद्धों और महामंदी जैसी परिस्थितियों का सामना किया। उनके धैर्य और समर्पण ने आधुनिक समाज की नींव रखी। साइलेंट जनरेशन (1928-1945), द्वितीय विश्व युद्ध और आर्थिक संकटों के दौरान पली यह पीढ़ी सहनशीलता और स्थिरता की मिसाल बनी। इसने बड़े बदलावों को चुपचाप आत्मसात किया। बेबी बूमर्स (1946-1964), यह पीढ़ी उन्नति और औद्योगिक क्रांति की प्रतीक बनी। उन्होंने आर्थिक समृद्धि और प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनरेशन एक्स (1965-1980), कंप्यूटर और टेलीविजन के युग में पली-बढ़ी यह पीढ़ी आत्मनिर्भरता और नवाचार की मिसाल है। मिलेनियल्स (1981-1996), डिजिटल युग की प्रथम पीढ़ी, जिसने इंटरनेट और वैश्वीकरण को अपनाया और समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। जनरेशन ज़ेड (1997-2009), स्मार्टफोन और इंटरनेट के साथ बड़ी हुई यह पीढ़ी पर्यावरणीय और सामाजिक मुद्दों के प्रति अत्यधिक जागरूक है। जनरेशन अल्फा (2010-2024), तकनीकी युग की पूर्णतः डिजिटल पीढ़ी, जिसके जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वर्चुअल रियलिटी ने गहरी पैठ बनाई। हर पीढ़ी अपने समय की कहानी है, जो मानवता की अटूट यात्रा का प्रतीक बनती है।

साल 2025 से आरंभ होने वाली जनरेशन बीटा केवल तकनीकों को अपनाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उनके साथ गहराई से एकीकृत होकर जीवन के हर पहलू में बदलाव लाएगी। यह पीढ़ी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएगी। तकनीकी प्रभुत्व के युग में एआई, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी इनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनेंगे। स्मार्ट उपकरण न केवल सहायक होंगे, बल्कि सक्रिय साथी की भूमिका निभाते हुए वर्चुअल और वास्तविक दुनिया के बीच की दूरी को समाप्त करेंगे। शिक्षा का स्वरूप पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफार्मों पर आधारित होगा, जहाँ व्यक्तिगत जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार अनुकूलित शिक्षा मिलेगी। एआई-सक्षम ट्यूटर और वर्चुअल क्लासरूम इस प्रणाली को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समानता के लिए यह पीढ़ी सक्रिय भूमिका निभाएगी। जलवायु परिवर्तन से लड़ने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और सतत विकास को अपनाने की दिशा में इनके प्रयास अभूतपूर्व होंगे। मिलेनियल्स और जनरेशन ज़ेड के माता-पिता इस पीढ़ी की परवरिश करेंगे, जहाँ तकनीकी कौशल के साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी विकास होगा। यह पीढ़ी पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएगी, और लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देगी।

हमारी जिम्मेदारी है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश सुनिश्चित करें। नवाचार को बढ़ावा देते हुए जनरेशन बीटा को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और नई संभावनाओं का सृजन करने के लिए तैयार करना आवश्यक है। इसके साथ ही, स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना इस पीढ़ी के लिए अनिवार्य होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों का संवर्धन हो। लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय जैसे मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए जनरेशन बीटा को ऐसे सिद्धांतों से जोड़ा जाए, जो उन्हें एक संवेदनशील, सशक्त और प्रगतिशील समाज की ओर प्रेरित करें। मानवता के इस उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी ही उनकी सफलता की कुंजी होगी। साल 2025 का आगमन मानव इतिहास में एक नए युग का उद्घोष है। यह वह क्षण है, जब जनरेशन बीटा अपनी यात्रा आरंभ करेगी—एक ऐसी पीढ़ी, जो तकनीकी नवाचारों की बुलंदियों को छूते हुए मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी। यह पीढ़ी न केवल अपने समय की चुनौतियों का समाधान खोजेगी, बल्कि भविष्य की संभावनाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सामर्थ्य भी रखेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका मार्गदर्शन एक ऐसे समाज की ओर हो, जो तकनीकी दृष्टि से उन्नत हो और जहाँ नवाचार उनके सपनों को साकार करने का साधन बने। यह समाज पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाते हुए एक हरित भविष्य का निर्माण करे। साथ ही, यह सामाजिक और नैतिक मूल्यों से समृद्ध हो, जहाँ समानता, न्याय और मानसिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जाए। जनरेशन बीटा के हाथों में प्रगति की चाबी होगी, और उनके कंधों पर मानवता के भविष्य को सहेजने की जिम्मेदारी। यह युग केवल तकनीकी क्रांति का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सहयोग और सामूहिक प्रगति का प्रतीक बनेगा। इस पीढ़ी का हर कदम हमें एक ऐसे समाज के करीब ले जाएगा, जो प्रगति और मानवता का अद्भुत संतुलन स्थापित करेगा।

प्रो. आरके जैन

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## मनोज श्रीवास्तव पर मोहन की कृपा




'सेवा कीजिये तो मेवा जरूर मिलती है '
ये हमारे बुजुर्गों का अनुभवजन्य वाक्य है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक पूर्व अधिकारी मनोज श्रीवास्तव पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कृपा बरसते देख तमाम लोगो के पेट में दर्द हो रहा है। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव को 1 जनवरी, 2025 से छः वर्ष या 66 वर्ष की आयु पूर्ण होने, जो पहले हो, तक की अवधि के लिये आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग के पद पर नियुक्त किया गया है। मनोज श्रीवास्तवको मैं तब से जानता हूँ जब से वे भातीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुए । मनोज जी 1987 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। वे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर प्रमुख सचिव के पद से अप्रैल 2021 में सेवानिवृत्त हुए थे। छोटे कद के मनोज श्रीवास्तव ने वास्तव में बड़े - बड़े कामों को अंजाम दिया । सामान्य परिवार से भाप्रसे में आना उनकी अद्वितीय मेधा का ही परिणाम है। वे मध्यप्रदेश के तमाम मुख्यमंत्रियों के प्रिय रहे ,क्योंकि उन्हें अपने हर आका की मंशा भांपना भली-भाँती आता है ।

उनकी सरकारी सेवाओं की एक लंबी और गौरवपूर्ण सूची है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे जब इंदौर इंदौर कलेक्टर,थे तब उनके ऊपर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की महती कृपा थी । मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने इंदौर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलकर दिग्विजय विरोधी तमाम बिल्डरों की अनेक बहुमंजिला इमारतों को बारूद से उड़ा दिया था। वे अपनी प्रतिभा के बूते ही प्रदेश के जनसंपर्क आयुक्त, मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव, और वाणिज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा, वे पशुपालन समिति और कई अन्य प्रशासनिक इकाइयों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

मनोज श्रीवास्तव को प्रदेश सरकार के अलावा संघ और भाजपा का समर्थन कोई एक दिन में हासिल नहीं हुआ। इसके पीछे उनकी लम्बी साधना है । वे हर मुख्यमंत्री के सुर में सुर मिलाने में सिद्धहस्त अधिकारी रहे हैं । वे अध्येता है। खूब पढ़ते हैं, खूब लिखते हैं। उनकी दर्जनों पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। एक जमाने में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर को खुश करने के लिए धर्म और राष्ट्रगीत वन्देमातरम तक पर लघु पुस्तिकाएं लिखीं। वे जिस पद पर रहे, उस पद पर अपने आपको प्रमाणित करके ही निकले । उन्हें प्रशासनिक सेवा में हर समय मेवा ही नहीं मिली , वनवास भी मिला । वे राजस्व मंडल में भी सजा भुगतने वाले प्रशासनिक अधिकारीयों में शामिल हैं, किन्तु उन्होंने राजस्व मंडल में भी कमल का धमाल किया था।वे सेवानिवृत्त के बाद सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रिय हैं।

मनोज श्रीवास्तव मुझसे उम्र में छोटे हैं किन्तु ज्ञान में बहुत बड़े हैं। मेरे जैसे अज्ञानियों का अनुभव है कि मध्यप्रदेश में भाजपा और संघ की रीतिनीति पर प्रदेश में सबसे जायदा और मुखरता से जितना काम पत्रकारों में विजय मोहन तिवारी ने किया उतना ही काम प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में मनोज श्रीवास्तव ने किया। दोनों भाजपा की सनातन थ्योरी के उद्घोषक है। जो काम वे सरकारी सेवा में नहीं कर पाए उसे उन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद कर दिखाया। इसका नतीजा ये हुआ की तिवारी जी प्रदेश के सूचना आयुक्त बन गए और मनोज श्रीवास्तव पहले प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य बनाये गए और बाद में प्रदेश के निर्वाचन आयुक्त।

प्रशासनिक हलकों में खबर गर्म है की मनोज श्रीवास्तव के पद पर नियुक्ति से पहले, इस पद के लिए पूर्व मुख्य सचिव वीरा राणा और रिटायर्ड एसीएस मलय श्रीवास्तव के नामों पर भी चर्चा हो रही थी। दरअसल, 30 सितंबर को वीरा राणा के रिटायरमेंट के दिन उन्हें राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाए जाने का आदेश जारी होने वाला था, लेकिन अनुराग जैन को मुख्य सचिव बनाए जाने के बाद समीकरण बदल गए,और मनोज श्रीवास्तव के नाम की लाटरी खुल गयी। मनोज श्रीवास्तव का भाजपा और संघ प्रेम सबके ऊपर भारी पड़ा।

भाजपा और संघ की नीतियों के मुखर समर्थक मनोज श्रीवास्तव ने अपना संघ और भाजपा प्रेम सेवा में रहते हुए उजागर नहीं होने दिया था। उन्हें उनकी सेवाओं के लिए केंद्रीय हिंदी संस्थान द्वारा दिए जाने वाले स्वामी विवेकानंद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। मनोज श्रीवास्तव को काउंसिल फॉर इंटरनेशनल कल्चरल रिलेशंस एंड नेहरू सेंटर', साउथ बैंक्स, लंदन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विमानन पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में वह महात्मा मांधी द्वारा स्थापित राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के हिंदी भवन से प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका अक्षरा के प्रधान संपादक हैं। मनोज जी ने एक -दो नहीं बल्कि पूरी 38 पुस्तकें लिखी। उन्हें उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए मध्य प्रदेश सरकार का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार 'कबीर सम्मान' से सम्मानित. किया जा चुका है। वह सहित्य के क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं, कभी-कभी उनकी सक्रियता से ईर्ष्या भी होने लगती है।

मध्यप्रदेश में भाजपा के जितने भी मुख्यमंत्री रहे वे नौकरशाही पर निर्भर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती रहीं हों या बाबूलाल गौर या शिवराज सिंह,सबने अपनी-अपनी पसंद के नौकरशाहों को सेवानिवृत्त होने के बाद न केवल पुनर्नियुक्तियाँ दिन बल्कि उनका कार्यकाल भी बढ़वाया। संघ और भाजपा की कृपा हासिल करने वाले मनोज श्रीवास्तव कोई पहले या आखिरी नौकरशाह नहीं है। उनसे पहले राकेश साहनी हों या दी सिल्वा, इकबाल सिंह बैंस हों या डॉ भगीरथ प्रसाद या सरदार सिंह डंग्स। भाजपा नौकरशाहों को राजनीति में भी लायी और उन संवैधानिक पदों पर भी जिनसे उसे मनमाना काम कराना है। मुझे मनोज श्रीवास्तव के राज्य निर्वाचन आयुक्त बनने की खबर ने आल्हादित कार दिया है। मै उन्हें बधाई भी देता हूँ और उम्मीद भी करता हूँ कि वे भाजपा की सेवा तो करेंगे लेकिन पूरी तरह कठपुतली नहीं बनेंगे । बन भी जाएँ तो कोई उनका क्या बिगाड़ लेगा ?

राकेश अचल

# दिल्ली इलेक्शन ! बीते वर्षों में कितनी बदली है दिल्ली की सियासी हवा




2025 में दिल्ली विधानसभा के चुनाव संभव हैं और सभी दलों ने विशेषकर आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी ने लगभग अपने उम्मीदवारों पर मोहर लगा दी है या तैयारी कर ली है। यह चुनाव आम आदमी पार्टी का भविष्य तय करेंगे, क्या आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता बढ़ी है या तमाम राजनैतिक उठापटक के बाद अब वह अपने अस्तित्व को बचा रही है। आप ने 2013 में कांग्रेस से दिल्ली की सत्ता हथियाई थी और उसके बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष को लगभग हांसिए पर रख दिया। 2013 ने आप ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी लेकिन तमाम आरोपों के बाद केजरीवाल ने मात्र 49 दिन के बाद ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 2015 और 2020 में केजरीवाल ने न सिर्फ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई बल्कि विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया। इस बीच दिल्ली में बड़े ही घटना क्रम घंटे दिल्ली सरकार की बड़ी लीडरशिप तमाम आरोपों में जेल चली गई। आप नेता सतेंदर जैन, दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे बड़े आप नेताओं के ऊपर तमाम आरोप लगे और वह जेल चले गए। हालांकि संजय सिंह को जल्दी ही जमानत मिल गई, इसके बाद मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल को भी जमानत मिल गई। लेकिन अदालत ने अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने, फैसले लेने पर रोक लगा दी। इसी वजह से आप को आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया। जो वर्तमान में भी दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री हैं। अब सवाल उठता है कि क्या इतने घटनाक्रम के बाद दिल्ली की राजनैतिक हवा बदली है या फिर आप का जलवा बरकरार है। इस पर दिल्ली की जनता ही अच्छी तरह से जानती होगी।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में दो लोकसभा चुनाव हुए जिसमें भाजपा ने इकतरफा जीत हासिल की। दिल्ली में दो बार से यी पेटर्न देखने को मिल रहा है कि केंद्र में वहां की जनता भाजपा को पसंद कर रही है जब कि विधानसभा में आम आदमी पार्टी उसकी पहली पसंद बनी है। अब सवाल उठता है कि क्या दिल्ली का यह पेटर्न आगे भी बना रहेगा या इसमें बदलाव आएगा। क्या लोकसभा की तरह विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को दिल्ली में बढ़त मिलेगी या वही पुराना ट्रेंड चलेगा। कांग्रेस को दिल्ली की जनता ने एक दम से रेस से बाहर कर दिया है। और यहां मुकाबला सिर्फ आप और भाजपा के बीच ही होना है। कांग्रेस यदि कहीं मजबूत होती है तो वह आम आदमी पार्टी का नुक़सान ही करेगी। उसकी सीट जीतने की संभावनाएं काफी कम हैं। भाजपा इस बार पूरा प्रयास कर रही है कि वह दिल्ली की सत्ता पर काबिज हो सके। क्योंकि पूरे देश में सफलता का परचम लहराने वाली भारतीय जनता पार्टी के दिल में दिल्ली को लेकर एक टीस है। दिल्ली देश की राजधानी है और पूरा देश दिल्ली से ही चलता है। तमाम राज्यों में जीत का परचम लहराने वाली भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में आगे नहीं बढ़ पा रही है। ऐसा क्यों यह भी एक बहुत बड़ा प्रश्न है। दिल्ली में आप और केंद्र में भाजपा दिल्ली का यह निर्णय भारतीय जनता पार्टी अभी तक नहीं समझ सकी है कि आखिरकार ऐसा क्यों। यह बात भी सही है अरविंद केजरीवाल दिल्ली के साथ अब देश के भी बड़े नेताओं में सुमार हो चुके हैं। केजरीवाल ने न सिर्फ दिल्ली में तीन बार सरकार बनाई बल्कि पिछले चुनाव में पंजाब में भी सबको पीछे छोड़ कर सरकार का गठन किया। अब यदि हम दिल्ली की बात करें तो दिल्ली प्रदेश भाजपा में अरविंद केजरीवाल की टक्कर का कोई भी नेता नहीं है। भाजपा के बड़े नेता केंद्र में हैं, देश के अन्य राज्यों में भी हैं लेकिन दिल्ली में कोई ऐसा नहीं है जो कि अरविंद केजरीवाल को टक्कर दे सके। दिल्ली भाजपा पूरी तरह से केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे चलती है। जब कि आम आदमी पार्टी का जन्म ही दिल्ली से हुआ है। यह एक बहुत बड़ा फर्क है।

हालांकि पिछले समय में भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में कई प्रयोग किए थे लेकिन वो सफल नहीं हुए और डॉ हर्षवर्धन, किरण बेदी सहित कई बड़े चेहरों को दिल्ली में उतारा गया लेकिन वो सफल नहीं हुए। अंततः भोजपुरी फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी को इस आशय के साथ दिल्ली में एक बड़ा चेहरा बनाया गया ताकि वो बिहारी वोटों पर अपनी पकड़ मजबूत बना सके। दिल्ली में बिहारी मतदाताओं की संख्या काफी है और कुछ सीटें तो ऐसी हैं जहां बिहारी मतदाता ही हार-जीत का फैसला तय करते हैं। लेकिन उन सीटों पर आप ने भी अपने प्लान तय कर लिए हैं। देश के जाने-माने कोचिंग शिक्षक जो कि दिल्ली की तमाम आईएएस कोचिंग में रहे हैं और यूट्यूब के माध्यम से भी बच्चों को यूट्यूब चैनल के माध्यम से कोचिंग करते हैं अवध ओझा सर के नाम से मशहूर शिक्षक ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। अवध ओझा बिहार की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखते हैं। और इसका लाभ आम आदमी पार्टी को मिल सकता है। अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बाद से और जमानत मिलने से शांत दिखाई दे रहे हैं उनके तेवर में थोड़ा ठहराव आया है लेकिन उनकी चुनावी तैयारियां काफी जोरों से चल रहीं हैं। इधर भाजपा अपनी रणनीति को अभी जाहिर नहीं कर रही है लेकिन वह आस्वस्त है दिल्ली में कि बदलाव किया जा सकता है यदि उनको दिल्ली के लिए कुछ अच्छे उम्मीदवार मिल जाएं तो। हालांकि दिल्ली एक छोटा प्रदेश है और वहां के मुख्यमंत्री के अधिकार भी सीमित हैं। तमाम फैसले ऐसे होते हैं जिनको दिल्ली सरकार अकेले नहीं ले सकती उसमें एलजी की अनुमति आवश्यक होती है। दिल्ली सरकार की स्वायत्तता को लेकर अरविंद केजरीवाल ने बहुत प्रयास किए हैं लेकिन वो भी जानती है जब तक केंद्र में उनके पक्ष की सरकार नहीं होती तब तक ऐसा मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है।

- जितेन्द्र सिंह पत्रकार

# संक्षिप्त ख़बरें

## अवध धाम से आए कथावाचक ने बांधा भक्ति का रंग, राम कथा में डूबे श्रद्धालु, भगवान श्री राम के जन्म की कथा से हुए भावविभोर



**खजनी-** क्षेत्र के ग्राम सभा डांगीपार (पगार) स्थित शिव मंदिर में चल रहे श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन अवध धाम से पधारे कथावाचक आचार्य गौरव कृष्ण शास्त्री जी ने भगवान श्री राम के जन्म की कथा सुनाकर सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथावाचक ने बताया कि जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने सभी की पीड़ा हरते हुए धर्म की पुनः स्थापना की है।श्री राम कथा और भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बलई मिश्रा, रामकवल निषाद, जितेंद्र यादव, आचार्य संतोष त्रिपाठी, आचार्य रवि दूबे, सुशीला, संध्या और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों दर्दनाक मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के आदमपुर रेलवे क्रासिंग के ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार भाई बहन समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केराकत थाना क्षेत्र पसेवा गांव के निवासी अरुण गौतम 32 वर्ष अपनी बहन आरती 18 वर्ष व भांजी बबीता 12 वर्ष के साथ बाइक से कही जा रहा था। लाइन बाज़ार थाना क्षेत्र के शाहगंज रोड पर आदमपुर रेलवे क्रासिंग के पास एक ट्रक के चपेट में आ गया जिससे तीनों की दर्दनाक मौत हो गई।

## थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने ग्राम प्रहरियों को दिया कम्बल व टार्च



**जौनपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ के निर्देशन में गुरूवार को थानाध्यक्ष पंवारा प्रियंका सिंह ने शीतलहर को देखते हुये ग्राम प्रहरियों को टार्च व कम्बल प्रदान किया। साथ ही ठण्ड से बचाव के लिये सभी सम्बन्धित को जागरुक भी किया। इस अवसर पर तमाम पुलिसकर्मी, ग्राम प्रहरी आदि उपस्थित रहे।

## चंदवक पुलिस टीम ने एक वारन्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** डाँ0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष चन्दवक के नेतृत्व में थाना चन्दवक पुलिस टीम द्वारा विशेष न्या0 गै0एक्ट जौनपुर द्वारा जारी एसटी न0 121/20 मु0अ0स0 254/18 बनाम राजेश चौहान आदि थाना केराकत जौनपुर से सम्बन्धित वारण्टी लालता यादव पुत्र स्व0 पाचू यादव नि0 परापट्टी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र करीब 55 वर्ष को ग्राम जमुआ मे कोणार्क फैक्ट्री के पीछे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## चित्रकारों ने तूलिका के जरिए बताया धर्म और कला का महत्व




**चित्रकूट-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में चल रही चित्रकूट और प्रयाग महाकुंभ एक आध्यात्मिक यात्रा कार्यशाला में गुरुवार को चित्रकारों ने धर्म और कला के पारस्परिक सम्बन्ध पर चर्चा की। जिसमें हिस्ट्री ऑफआर्ट की प्रोफेसर कनुप्रिया ने लोगों के अलग-अलग कला विषयक तथ्यों का वर्णन किया। वहीं छात्रों को कला संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही कलाकारों ने पूर्ण मनोयोग से कलाकृतियों का सृजन निरंतर जारी रखा। कार्यक्रम में डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ मनोज कुमार पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र, चित्रकला प्रभारी गुलब्धार आदि मौजूद रहे।


# लड़कियों और महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति खुद जागरूक रहना चाहिए- डॉ शैली निगम

स्वतंत्र प्रभात




**जौनपुर।** सरकार द्वारा महिलाओं बच्चियों के स्वस्थ को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।इसी क्रम में नगर के रूहट्टा स्थित नगर पालिका स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं एनीमिया (खून की कमी) की जाँच के लिए शिविर लगाया गया। यह शिविर जौनपुर के प्रसूति एवं स्त्री रोग संघ (जॉग्स) द्वारा लगाया गया। इस शिवर में संस्था की सचिव एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 शैली निगम ने स्कूल के विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया। उचित खान-पान एवं नियमित व्यायाम द्वारा विभिन्न रोगों एवं खून की कमी से बचा जा सकता है। किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों विशेषकर माहवारी की समस्याओं पर चर्चा की। गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के लिए लड़कियों को प्रेरित किया। लड़कियों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपने समस्या को दूर किये। कक्षा 6 से कक्षा 10 तक की छात्राओं ने शिविर में भाग लिया। जिनमें से 32 लड़कियों ने अपने खून की जाँच करवाई।इस मौके पर डॉ निगम ने कहा कि लड़कियों और महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति खुद जागरूक रहना चाहिए।समय समय पर अपने मां से या घर में बड़ी भाभी या जो भी उनके बड़ी हो उनसे अपनी समस्याओं से अवगत कराने से किसी भी बीमारी का समय रहते इलाज हो सकता है।प्रधानाचार्या श्रीमती सविता सिंह ने शिविर में दी गई जानकारियों की सराहना करते हुए लड़कियों को संतुलित आहार का महत्व बताया। अंत में उन्होंने इस शिविर के आयोजन के लिए डा0 शैली निगम का आभार प्रकट किया।

## भूखण्ड आवंटन के शर्तो का पालन न करने एवं आवण्टी के अनुरोध पत्रो के आधार पर मिनी औद्योगिक आस्थान निरस्त



**भदोही** - डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज आशुतोष सहाय पाठक ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया कि राकेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र बच्चू लाल विश्वकर्मा, ग्राम वैराखास पो0 लक्ष्मण पट्टी, ज्ञानपुर, भदोही को भूखण्ड संख्या 12 तथा श्रीमती सुषमा देवी पत्नी राकेश कुमार ग्राम बैराखास पो0 लक्ष्मण पट्टी, ज्ञानपुर, भदोही को भूखण्ड संख्या 13, मिनी औद्योगिक आस्थान जोरई ज्ञानपुर, भदोही में अवंटित किया गया था किन्तु भूखण्ड आवंटन के शर्तो का पालन न करने एवं आवण्टी के अनुरोध पत्रो के आधार पर मिनी औद्योगिक आस्थान जोरई, ज्ञानपुर, भदोही में इन दोनो को आवंटित भूखंड संख्या 12 एवं 13 को जिला उद्योग बन्धु समिति द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

# बीएसए मैडम- डग्गामार स्कूलों के खिलाफ कौन लेगा एक्शन

**● -10 वीं व 12 वीं के नाम पर खोल रहे स्कूल**

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक शीतावकाश की घोषणा व उसका कड़ाई से पालन करने का निर्देश प्रसारित हो गया। जो बेसिक से मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों पर लागू होगा। सीबीएसई और आईसीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की मनमानी पहले की तरह जारी रहेगी। बहुत दबाव पड़ने पर कुछेक फालो कर लेंगे। अब प्रश्न उठता है कि ऐसे विद्यालय जो सिर्फ कक्षा 5 या 8 तक ही मान्यता प्राप्त हैं किंतु डग्गामारी करते हुए 10 वीं और 12 वीं की कक्षाएं भी चलाते हैं। उनके ऊपर ये शासनादेश कैसे लागू होगा और कौन लागू करायेगा। सच में देखा जाय तो ऐसा करने वालों के विरुद्ध पहले ही कार्रवाई होनी चाहिए किन्तु जिम्मेदार दुरभि संधि करके आंखें मूंद लेते हैं।

रूद्रपुर नगर में ही ऐसे दर्जनभर स्कूल वाले इस तरह की मनमानी कर रहे हैं और उनका धंधा फल-फूल रहा है। ऐसे डग्गामार स्कूलों पर शीतकालीन बन्दी का असर कैसे पड़ेगा और वे क्यों बन्द करेंगे क्योंकि बीएसए और बीईओ ने उन्हें छूट दे रखी है। शासनादेश आने के बाद मंगलवार को भी ऐसे डग्गामार स्कूल रोज की तरह खुले रहे। शासनादेश के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में भी कक्षा 8 तक के छात्र छात्राएं 14 जनवरी तक स्कूल नहीं आयेंगे। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी राज किशोर सिंह ने कहा कि उक्त शासनादेश बेसिक से संचालित सभी विद्यालयों के लिए है। अनुपालन के लिए एसडीएम को भी संज्ञान में लाया गया है। बिना अनिवार्य मान्यता के हाई स्कूल व इण्टर की कक्षाएं संचालित करने वाले अवैध हैं। यदि वे शासनादेश का उल्लंघन करते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# खुले आसमान में टहल रहे ग़रीब बच्चों को कांस्टेबल ने बांटे गरम कपड़े



**● -सिपाही के इस मदद को लोग कर रहे है सराहना**

स्वतंत्र प्रभात

**खेतासराय(जौनपुर)।** आमतौर पर पुलिस के वर्दी को लोग अलग-अलग धारणाएं रखते है वही नगर में एक सिपाही की दरियादिली को लोग सराहना करने से नही थक रहे है । गुरुवार की अलसुबह पुलिस पिकेट पर तैनात एक सिपाही ने सर्द हवाओं में खुले आसमान के नीचे टहल रहे असहाय बच्चों को ऊनी वस्त्र, जूता और मोज़ा उपलब्ध कराए। स्थानीय थाने पर तैनात कांस्टेबल बृकेश यादव क़स्बे में तैनाती है। मुख्य चौराहे पर हांड कपा देने वाली ठण्ड में तीन बच्चे फटे और पुराने कपड़े पहन कर यहाँ जली अलाव को सेंकते हुए नज़र आये। यह देखकर उक्त सिपाही की करुणा भर आई। उसने बच्चों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि वह सड़क के किनारे रह रहे खाना बदोश है। उनके पास तन ढकने के लिए ऊनी वस्त्र नही है। सिपाही वृकेश यादव ने ऊनी वस्त्र, जूता, मोज़ा और मिठाई खिलाई। सिपाही की इस दरियादिली को लोग सराहना कर रहे है । एसपी सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने कांस्टेबल वृकेश की दरियादिली को शाबाशी दी।

## विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



**पहाड़ी** -छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर पढ़ाई में मेहनत करनी चाहिए। साथ ही राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि रखते हुए लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ना चाहिए। यह बात ब्लाक मुख्यालय पहाड़ी स्थित शांति देवी इंटर कॉलिज में गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह ने कही। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह के बुलावे पर आए लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं का कार्य पढ़ना है। अतः सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा से इस कार्य को करें। यदि मेहनत नही करोगे तो आगे चलकर किसी न किसी रूप में मेहनत करनी पड़ेगी, जो कष्टदायी होगी। आपके माता-पिता आपको पूर्ण सहयोग दे रहे हैं, लेकिन ये सुविधाएं आपको जीवन भर नही मिलेंगी। इसके बाद आपको स्वयं से सब कुछ करना पड़ेगा। आप सभी के लिए पढ़ाई करने से आसान कुछ नही। सभी अपने लक्ष्य के अनुरूप मेहनत करके उसे हासिल करने का प्रयास करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, प्रेरक मनोज त्रिपाठी सहित शिक्षक सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत, नए साल पर लगी थी ड्यूटी- थाने पर लौटते वक्त हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर ।** वाराणसी निवासी हेड कांस्टेबल कन्हैया लाल सोनकर की रात में झंगहा गुबलौर चौक पर ड्यूटी लगी थी। रात में थाने पर वापस आते समय बेलही मोड़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। वाराणसी के थाना राज तालाब के कचनार के मूल निवासी कन्हैया का जन्म भूमि है। स्थानीय पुलिस पिता प्यारे लाल को सूचना दे दी गई। ड्यूटी खत्म कर वापस थाने पर लौटते समय हादसे में कन्हैया लाल की मौत हो गई। गोरखपुर में बुधवार की रात हुई मार्ग दुर्घटना में पुलिस के दीवान की मौत हो गई। 35 वर्षीय दीवान कन्हैया लाल सोनकर झंगहा थाना को गोबड़ौर पुलिस चौकी पर तैनात थे। गश्त से लौटते समय नई बाजार मार्ग पर माइधिया चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले दीवान झंगहा थाना क्षेत्र के गोबड़ौर पुलिस चौकी पर तैनात थे। रोज की तरह वह बुधवार की रात भी गश्त कर बाइक से वापस आ रहे थे। माइधिया चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची झंगहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनकी पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**नई बाजार में किराए के मकान में रहते थे**

कन्हैया लाल नई बाजार में ही किराए के मकान में परिवार के साथ रहते थे। उनकी पत्नी रिया, बेटियां रोही, रियानी एवं छह माह का पुत्र लड्डू साथ रहते थे। घटना की सूचना मिलने पर उनके परिजन गोरखपुर पहुंच गए हैं। पत्नी व बेटियों का रो-रो कर बुरा हाल है। साथी पुलिस कर्मी उन्हें ढांढस बंधाने में लगे हैं। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पंचनामा करवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसपी नार्थ ने बताया कि कन्हैया लाल गश्त पर निकले थे। वापस लौटते हुए किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। जिससे उनका निधन हो गया। झंगहा के थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह व अन्य पुलिस कर्मी शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने में लगे रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट ने लंबित मुकदमें में औराई के मौजा समधाखास में स्थलीय निरीक्षण कर 'न्यायालय आपके द्वार 'को किया चरितार्थ

**● -त्वरित व शुचितापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण**


स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** -"न्यायालय आपके द्वार" अभियान के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह ने शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया, जिससे विवादित प्रकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील औराई के मौजा समधाखास की गाटा संख्या 51 भूमिधरी भूमि है तथा गाटा सं. 55 बंजर भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके सम्बध मे पूर्व में गामीणों में विवाद हुआ था। निरन्तर शिकायत की जा रही है। जिसके सम्बंध में न्यायालय में वाद प्रचलित है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थलीय जाँच कर जरूरी निर्देश "ग्रामीणों" एवं उपस्थित सरकारी महकमे को दिया गया हैं।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी ,तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि संबंधित न्यायालय में लंबित व विवादित प्रकरणों के संबंध में न्यायालय आपके द्वार के क्रम में स्थलीय निरीक्षण व सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।मौके पर उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार सहित राजस्व टीम उपस्थित रही।

# भरतकूप रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, युवक की पहचान नहीं हो पाई, पुलिस जुटी जांच में




स्वतंत्र प्रभात

**भरतकूप, चित्रकूट।** भरतकूप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक के समीप स्थित ग्राम गोंडा और अकबरपुर बार्डर के पास की बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रेलवे ट्रैक पर मिली लाश को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत के बाद उसे घटनास्थल पर रखा गया हो। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव के बारे में जानकारी जुटाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है, ताकि किसी के माध्यम से मृतक की पहचान की जा सके, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है।

भरतकूप थाना क्षेत्र के हल्का प्रभारी राहुल पांडेय ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में सक्रियता से काम कर रही है। वे ग्राम प्रधान और स्थानीय क्रेशर मालिकों से पूछताछ कर रहे हैं, ताकि किसी भी जानकारी के आधार पर मृतक की पहचान की जा सके। पुलिस ने कहा कि शव की पहचान के लिए सभी संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, स्थानीय निवासियों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है और वे घटना को लेकर कई तरह के अनुमान लगा रहे हैं। पुलिस ने शव के आसपास के इलाके की छानबीन जारी रखी है और जल्द ही मामले को सुलझाने की उम्मीद जताई है।

## अवैध शराब बरामद, तीन कारोबारी गिरफ्तार



**चित्रकूट** – पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट चित्रकूट ने तीन आरोपियों को 50 क्वार्टर व पांच लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बख्श सिंह व उनकी टीम आरक्षी चन्दन व शाकिर अली ने आरोपी पिन्टू निषाद निवासी बराछी थाना मऊ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ, मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक कुँवर प्रखर सिंह व उनकी टीम आरक्षी अजीजउद्दीन व धीरेन्द्र ने आरोपी शंकरदयाल निवासी ग्राम कोटा कदैला थाना मानिकपुर को पांच लीटर देशी शराब के साथ तथा थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक रविकान्त राय व उनकी टीम आरक्षी अंकित शुक्ला, अश्वनी मौर्या व शिवम मिश्रा ने आरोपी मुन्ना उर्फ पहलवान निवासी गड्डू का पुरवा मजरा बसिला थाना रैपुरा को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## ग्रामोदय में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर हुआ व्याख्यान




**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याखान में उन्होंने भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आवश्यकता एवं इसके घटक पर विशेष प्रकाश डाला। व्याख्यान में कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंदलाल मिश्रा का तथा प्रो वाईके सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। कला संकाय में आयोजित इस विशेष व्याख्यान में बीएड, एमएड, बीएलएड एवं आईटीईपी (बीए बीएड, बीएससी बीएड) के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्य डॉ श्याम सिंह गौर, डॉ आशा शर्मा, डॉ श्याम सिंह गौर, डॉ प्रमोद शुक्ल, डॉ नीलम सिंह परिहार, डॉ फौजिया बानो, शिव प्रकाश यादव, विपिन कुमार नामदेव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने जलजीवन मिशन के कार्यों को शासन की मंशानुरुप कराने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** – जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यों की प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए शासन की मंशानुरूप कार्य को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत तीन बड़ी परियोजनाओं सिलौटा, चांदी बांगर व रैपुरा के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं से रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों की प्रगति की स्थिति ठीक नहीं है। टीपीआई ने कहा कि साइड का निरीक्षण करने पर मैनपॉवर नहीं होने के कारण प्रगति ठीक नहीं है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि मैन पावर बढ़ाकर कार्य समय से पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस स्थिति में पाइपलाइन बिछाते समय जो रोड कटिंग की गई थी, उस कार्य को पूर्ण कराए तथा इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। नियमित जलापूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो कार्यदाई संस्थाओं द्वारा प्रगति दिखाई जा रही है, उसकी क्रास चेकिंग कर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जब ग्राम प्रधानों के साथ मीटिंग की जाएगी तो ग्राम प्रधान पूरे डाटा के साथ उपस्थित होने चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो वॉल ऑपरेटर एवं ओएसटी ऑपरेटर के लिए एग्रीमेंट किया गया है, उसी के अनुसार रखें एवं उनके नाम मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत भी रजिस्टर्ड करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि फील्ड में भ्रमणशील रहकर क्वालिटी एवं कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते रहें। रैपुरा




परियोजना के संबंध में कहा कि जितनी पाइप लाइन अवशेष रह गई है, कार्य योजना बनाकर पूर्ण कराए। कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिससे जनपद में पानी की समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण कराएं।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर जमीन का फर्जी तरीके से वरासत



स्वतंत्र प्रभात

जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा गैंगस्टर के विरुद्ध लगातार प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। गैंगस्टर/वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक-02.01.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा साजिश के तहत धोखाधड़ी कर छल पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर जमीन का फर्जी तरीके से वरासत कराकर क्रय विक्रय करने वाले गिरोह के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-01/2025 धारा-3(1) गैंगस्टर एक्ट से सम्बंधित वांछित गैंग लीडर नंदलाल पाण्डेय पुत्र स्व0 मूलशंकर पाण्डेय निवासी अमवा थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 62 वर्ष को कलेक्ट्रेट गेट से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिलाधिकारी ने निमार्ण कार्य का निरीक्षण किया

**समय से कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश**



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड द्वारा निर्माण कराए जा रहे सिद्धार्थनगर पुलिस लाइन में 100 पुरूष कर्मियों के लिए हास्टल, बैरक निर्माण कार्य तथा ट्रान्जिट हास्टल निर्माण कार्य का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को अवगत कराया गया कि बिजली की व्यवस्था न होने के कारण कार्य बाधित हो रहा है। बिजली की व्यवस्था कराकर रूके हुए कार्य को पूर्ण कराकर तथा विद्युत कनेक्शन कराकर 15 मार्च 2025 तक हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ट्रान्जिट हास्टल में लिफ्ट का कार्य पूर्ण कराकर 15 मार्च 2025 तक हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता आर0पी0 शुक्ल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक झपट्टामार किया गिरफ्तार

**55 हजार रूपये, मोटरसाइकिल की बारमाद**

**मथुरा।** रोहित कुमार शर्मा पुत्र वीरेन्द्र शर्मा निवासी देवी नगला एटा चुंगी अलीगढ़ द्वारा 14 दिसम्बर .2024 को मोटर साईकिल सवार तीन व्यक्तियों द्वारा रोहित की मोटर साईकिल की टंकी पर रखे बैग में 75 हजार रूपये को झपट्टा मारकर ले जाने के संबन्ध में थाना गोवर्धन पर लिखित सूचना देकर धारा 304 बीएनएस में तीन मोटर साईकिल सवारों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया था। अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त दुर्गेश कुमार पुत्र साहब सिंह निवासी महरोली थाना गोवर्धन उम्र करीब 20 वर्ष को गुरुवार को नगला अकातिया जाने वाले रास्ते की तरफ से थाना गोवर्धन गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य दो अभियुक्तों की पुलिस को तलाश है। मोटरसाइकिल यूपी 85 सीई 7850, लूट गये रुपयों में से 5500 रूपये बरामद किये गये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा थाना गोवर्धन ने बताया कि थाना गोवर्धन पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गुरूवार संयुक्त कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई है।

## हाइवे पर कोहरे में एक के बाद एक टकराए कई वाहन

**पुलिस ने वाहनों को हटवाकर सुचारू कराया यातायात**



हाइवे पर कोहरे में टकराने के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

**मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र की नयती पुलिस चौकी अंतर्गत एनएच 19 स्थित सीमेंट के गोदाम के सामने गुरवार सुबह करीब 8:30 बजे घने कोहरे के चलते एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। ईटो से लदी




ट्रैक्टर ट्रॉली में लोडिंग वाहन टकरा गया। इसके बाद ट्रक समेत कई वाहन आपस मे टकरा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इन वाहनों की चपेट आकर बिक्की पर सब्जी लेकर मंडी जा रहे छौरा निवासी करीब 30 वर्षीय महीपाल चोटिल हो गया। सुबह करीब 11:30 बजे नयती चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि कोहरे के चलते ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में मैक्स लोडिंग वाहन की भिड़ंत के बाद करीब आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली है जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। अन्य घायलों की जानकारी की जा रही है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सिसिबारगांव में निर्लज्ज कांड, एक महिला को किया गैंग रैप का नाजुक हालात में उद्धार कर भेजा मेडिकल, थाने में शिकायत दर्ज

स्वतंत्र प्रभात





**असम धेमाजी।** नई साल के पहला दिन में सिसिबर गांव में घटी एक निर्लज्ज कांड। एक विवाहिता के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे बेउरा नदी के किनारे फेंक कर फरार हो गई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है जब सीसीबरगांव के पास गेलुआ चौक गांव के हाकिम चुटिया के 24 साल उम्र के पत्नी प्रणिता चुटिया अपने घर से करीब 500 मीटर दूर बेउरा नदी में नहाने गयी थी।शाम साढ़े चार बजे तक जब वह वापस नहीं लौटी तो पीड़िता के सास ने उसे ढूंढते हुए नदी के किनारे बेहोश पड़ा पाया। तुरंत महिला को सीसीबरगांव प्राथमिक अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे धेमाजी सिविल अस्पताल भेज दिया गया। महिला को आगे के इलाज के लिए असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित महिला ने कहा कि चुमनी गांव के लक्षेश्वर चुटिया के 27 वर्षीय बेटे और दो अन्य अज्ञात युवकों ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, उसके मुंह में चोट पहुंचाई और उसका गलेमे भी जख्म दिया। महिला का पति काम के सिलसिले में केरल में रहता है और महिला अपनी तीन साल की बेटी के साथ अकेली रहती है। पीड़ित परिवार ने आज चिचिबरगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस शर्मनाक घटना को हर वर्ग की लोगो के साथ दल संघठेनो ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। अपराधियो की कड़ी साजा देने की मांग को हे प्रशासन से।

# असम में श्रीभूमि जिले के मॉडल कृष्णानगर में ग्रामीण महिलाओं ने 2025 नए साल की पिकनिक पार्टी उत्साह और खुशी के साथ मनाई







**● - विजेता महिलाओं को प्रथम पुरस्कार एवं द्वितीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।**

स्वतंत्र प्रभात

**असम श्रीभूमि (करीमगंज)** असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा के पास आदर्श कृष्णानगर गांव में विभिन्न महिलाएं एकत्र हुई और पिकनिक पार्टी आयोजित करने के लिए 10 दिनों से तैयारी कर रही थीं। महिलाओं की इस पिकनिक पार्टी का यह चौथा साल है। गत 1 जनवरी (बुधवार) उपलक्ष में गांव की महिलाएं एकत्र हुई और निशिकांत एलपी स्कूल के सामने खुले मैदान में एक पिकनिक पार्टी का कार्यक्रम आयोजित किया। महिलाओं ने चंदा इकट्ठा करके इन पिकनिक पार्टियों का आयोजन किया। इस पिकनिक का उद्देश्य केवल महिलाओं का मनोरंजन करना है, सभी महिलाएं एक साथ आकर मौज-मस्ती करने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों का आयोजन भी किया। इस पिकनिक में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम के साथ-साथ दुल्लभछड़ा सहित विभिन्न स्थानों से महिलाओं ने भाग लिया और अंत में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार विजेताओं सीमा सिन्हा, मीना सिन्हा, नंदिता सिन्हा, वीहाना सिन्हा, सुनीता सिन्हा, (पॉपी) को पुरस्कृत किया गया। द्वितीय पुरस्कार विजेता लक्सेना सिन्हा, विशया सिन्हा, रूबी सिन्हा, रूपाली सिन्हा, वासना सिन्हा को पुरस्कृत किया गया।

तीसरे स्थान पर रहीं एक-एक कर सभी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महिलाओं ने बताया कि यह पिकनिक पिछले तीन वर्षों से 1 जनवरी के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है और भगवान की कृपा से यह चौथी बार है कि महिलाओं द्वारा इस उत्सव का आयोजन किया गया है, जिससे दूल्लभछड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के महिलाएं भाग लिया। और आगे भी सभी महिलाओं ने मिलकर इस पिकनिक का आयोजन करने की बात कही।

# गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। भाजपा ही एकमात्र संगठन है जो लोगों की सेवा करता है। बाकी सभी दल सिर्फ चुनाव में जनता को याद करते हैं। यह बातें सांसद जगदम्बिका पाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को तुलसियापुर चौराहे पर कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कि भाजपा संगठन एवं उससे जुड़े कार्यकर्ता जनता से सीधे जुड़े रहते हैं और उनकी सेवा में हमेशा लगे रहते हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंहने कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।यदि कहीं भी आदर्श सांसद की बात होती है तो उसमें डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल का कद सबसे बड़ा माना जाता है। वह सीधे कार्यकर्ताओं और जनता से जुड़े रहते हैं। भाजपा सरकार देश के हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है।उन योजनाओं को जिले में लागू कराने के लिए सांसद जगदम्बिका सदैव लगे रहते हैं।इस अवसर पर 2100 कम्बल वितरित किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में आयोजक अनिल अग्रहरि, पूर्व विधायक फरेन्दा बजरंग बहादुर सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव, बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि,



प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, राजेन्द्र पाण्डेय, लालबाबा, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, रिंकू पाल, सुरेन्द्र चौबे उर्फ बब्लू चौबे, सुरेन्द्र चौहान, शशि आनन्द शुक्ल, बब्लू यादव, चिनकू चौधरी, शिवा तिवारी, अशोक अग्रहरि, राजू मौर्या, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धूंधूं कर जली यमुना एक्सप्रेसवे पर दौड़ती बस

**● - बस में सवारी न होने के कारण बड़ा हादसा टला**

स्वतंत्र प्रभात





बस में लगी आग को बुझाने में जुटे दमकल कर्मी और बस से उठतीं आग की लपटें।

**मथुरा।** थाना बल्देव क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर दौड़ती बस में अचानक आग लग गई। आग लगता देख चालक ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। गुरुवार की सुबह बस संख्या यूपी 82 टी 7868 एसी बस का ड्राइवर देवीदास पुत्र काशीनाथ निवासी ग्राम नीलकंठ वाडी थाना बससों कल्याणपुर जिला बीदर कर्नाटक बस को परी चौक नोएडा से पुणे महाराष्ट्र वाया यमुना एक्सप्रेस वे आगरा ले जा रहा था। बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 135.पर अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर गस्त कर रही पीआरवी की गाड़ी 1939 घटना स्थल पर पहुंच गई। पीआरबी पुलिस ने इलाका पुलिस को सूचना दी। साथ ही साथ एक्सप्रेस वे के अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई। गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे नोएडा परी चौक से महाराष्ट्र के लिए चली एक प्राइवेट बस में अचानक से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख बस चालक ने बस को साइड से खड़ा कर दिया और देखते ही देखते पूरी बस धूंधूं कर जलने लगी। उसमें आग लग गई आग की ऊंची लपटों को देख हाईवे पर दौड़ते वाहनों के पहिए थम गए। घटना को देख राहगीरों ने इसकी सूचना बलदेव पुलिस को दी। वहीं थाना अध्यक्ष बलदेव त्रिलोकी सिंह ने बताया कि बस में आग लगने की सूचना मिली है। बस नोएडा परी चौक से महाराष्ट्र के लिए जा रही थी। जिसमें कोई भी सवारी नहीं थी, बस चालक ही बस में अकेला था।

# डीएम ने गुणवत्तापूर्ण निमार्ण कार्य न होने पर कड़ी नाराजगी जताई

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कठेला ग्रान्ट के परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, मल्टी पर्पज हाल, लाइब्रेरी, लैब आदि का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कठेला ग्रान्ट में कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माणाधीन भवन के दीवाल पर मसाले से की गई चुनाई की गुणवत्ता की जांच किया गया जो मानक के अनुरूप नही पाया गया। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरे भवन के निर्माण कार्य के मसाले की लागत से 02 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही निर्माण में प्रयोग हो रहे ईट की गुणवत्ता को भी देखा गया। ईट फर्स्ट क्वालिटी का नही पाया गया। जिलाधिकारी ने जे.ई. निहाल को निर्देश दिया कि भवन निर्माण हेतु रखे ईटों को वापस करने का निर्देश दिया।

# शराब के लिए पैसे न देने पर युवक को पीटा

**शाहाबाद/हरदोई** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई में शराब के लिए पैसे न देने पर दबंग ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी है।पुलिस ने जांच शुरू की है। पीड़ित विनय कुमार पुत्र कन्हई के अनुसार वह 1 जनवरी की शाम को ऑटो रिक्शा से कस्बे से गांव अपने घर जा रहा था। गांव के बाहर गांव निवासी बुद्धा पुत्र मुंशी ने आटो रुकवाया और उससे शराब पीने के लिए रुपए की मांग की।उसने पैसे न होने के कारण मना कर दिया।इसी बात पर आरोपी ने उसे गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सख्त हुए सर्दी के तेवर, हाईवे पर बढ़े हादसे

**● - सुबह शाम कोहरे की चादर में पिलटे रहे हाईवे**

**डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण, कंबल बांटे**



सर्दी में अलावा तापते लोग।



हाइवे पर कोहरे में गुजरते वाहन।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** सर्दी के तेवर सख्त हो गये हैं। न्यूनतम तापमान लगातार नीचे खिसक रहा है। गलन बढ़ने से लोगों की मुश्किल बढ़ रही हैं। रात का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह शाम कोहरे की चादर में पिलटी हुए गुजर रही हैं। इससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम रही है और हादसे बढ़ गये हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और हाईवे पर रात के समय कई हादसे हुए। हालांकि हादसों को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाये गये हैं। बृहस्पतिवार को सीजन का पहला कोहरा पड़ा तो तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन रेंग रेंग कर चलते सफर पूरा करते रहे। शहर में भी यही दिक्कत रही। दृश्यता 50 मीटर से कम होने के कारण वाहन लाइट जलाकर चलने को मजबूर हो गए। यही हाल शहर के अंदर की सड़कों पर था। वहीं छोटे छोटे बच्चे और बुजुर्ग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दे रही है। मौसम में ठंडक हो गई। लोग गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे। वही जगह जगह पर लोग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं छोटे बच्चे हो या फिर बुजुर्ग उनका अब सिर्फ अलाव ही एक बचाव बना हुआ है। हालांकि दो दिन से दोपहर के बाद धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। नगर निगम और नगर पंचायतों की ओर से रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने रात के समय रैन बसेरों का निरीक्षण किया। वहां रुके हुए लोगों से बात की और अधीनस्थ अधिकारियों को कमियों को पूरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को इस दौरान कंबलों का वितरण किया।

# जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति बने प्रो. अनूप गुप्ता

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. अनूप गुप्ता को प्रोन्नत कर कुलपति बनाया गया है। उनको कुलपति बनाए जाने की खबर मिलते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रो. अनूप गुप्ता कोई नया चेहरा और नया नाम नहीं है। वह जीएलए विश्वविद्यालय के परिवार से कई वर्षों से जुड़े हुए हैं। उनके संपर्क में आने वाला व्यक्ति हमेशा के लिए उनका हो जाता है। उनका मधुर व्यवहार और आत्मीयता ही सबसे बड़ी चुंबक है। इसी चुंबक के सहारे सभी लोग उनके हो जाते हैं। कुलपति का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बताया कि वह जीएलए विश्वविद्यालय से पिछले 27 वर्षों से नजदीक से परिचित हैं। आज जीएलए विश्वविद्यालय निश्चित तौर पर भारतीय पटल पर शैक्षणिक गुणवत्ता के रूप में सराहा जाता है। यहां के छात्र आज विदेशों में भी विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रो. गुप्ता ने कहा कि हम सजग है कि निजी क्षेत्र में बढ़ती हुई विश्वविद्यालयों की संख्या में हम खो न जायें। इस विश्वविद्यालय के परिसर में धीरे-धीरे नई संस्कृतियों का निर्माण किया जायेगा, जिसकी अपेक्षा सभी माता-पिता करते हैं। आगामी वर्षो की सभी रूपरेखाएं निर्माण कर ली गयी है, जिन्हें प्रतिवर्ष पूरी तरह सफलतापूर्वक पूरा किया जायेगा। कुलपति प्रो. गुप्ता को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, सीईओ नीरज अग्रवाल, सीएफओ विवेक अग्रवाल, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह, डीन, एसोसिएट डीन सहित विश्वविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि जीएलए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कदम आज किसी से



अनूप गुप्ता

छिपे नहीं हैं। इसका सीधा सा कारण यह है कि प्रबन्ध तंत्र द्वारा सही व्यक्ति का चुनाव और जीएलए परिवार में 2000 से भी ज्यादा टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की उपलब्धता और उसमें भी आईआईटी, एनआईआईटी, एनआईटी, एमएनआईटी, बीएचयू, एएमयू व अन्य कई अतिविशिष्ट संस्थानों में रहे प्रोफेसर्स, एसोसिएट प्रोफेसर्स का भारी संख्या में विभिन्न पदों पर कार्यभार संभालना।

# टला हादसाः हाईवे पर गैस अनियंत्रित होकर पलटा कैप्सूल टैंकर

**● - सोनीपत से प्रोपलीन गैस खाली कर रिफाइनरी आ रहा था टैंकर**



हाइवे पर पलटे कैप्सूल को हटाने का प्रयास करते कर्मचारी।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर रात के समय बडा हादसा टल गया। एक गैस कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया, गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से अफरा तफरी का माहौल बन गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। शहर कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा नगर चौकी के अंतर्गत रात करीब नौ बजे जैन मंदिर के समीप उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब सोनीपत से खाली होकर रिफाइनरी मथुरा के लिए आ रहा प्रोपलीन गैस का कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में हाईवे पर पलट गया। इस कैप्सूल टैंकर के पलटने से आसपास के लोगों में व हाइवे पर हड़कम्प मच गया। कैप्सूल टैंकर के पलटने की सूचना पर इलाका पुलिस रिफाइनरी के कर्मचारी व दमकल विभाग के टीम मौके पर पहुंची। कैप्सूल टैंकर चालक इसमें चोटिल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौके पर पहुंची रिफाइनरी की टेक्निशियन टीम के द्वारा टैंकर की जांच पड़ताल की गई और उसके बाद उसे हाइड्रा के माध्यम से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सीधा कराया गया। कैप्सूल गैस टैंकर तेज रफ्तार होने की वजह से रेलिंग को तोड़ता हुआ काफी आगे तक पहुंच गया और पलटने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, मौके पर पहुंची इलाका पुलिस और कर्मचारियों के द्वारा इसकी बारीकी से जांच की गई। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर हादसे को नियंत्रित करने के लिए दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई। इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक गैस कैप्सूल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया है इस सूचना पर उनकी दमकल की गाड़ी व टीम मौके पर पहुंची लेकिन खाली कैप्सूल टैंकर होने की वजह से कोई भी हतायत नहीं हुई है। बीच हाईवे पर गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से भीषण लंबा जाम लग गया कहीं 2 घंटे की कड़ी में सकट के बाद सीधे हुए टैंकर को हाईवे से हटा दिया जिसके यातायात भी चालू कराया गया।

# केक काटकर मनाया गया सांसद जगदम्बिका पाल का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदम्बिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर पर निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने विद्यालय स्टाफ साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया । इस दौरान सभी ने उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ की कामना किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री राजकुमारी पांडेय, विवेक गोस्वामी, विनय वर्मा, पवन पाठक, राकेश मिश्र, राजेंद्र यादव अरुण जायसवाल, उमेश यादव, संतोष यादव,, महिमा पाण्डेय,श्वेता पटवा, बिंदु विश्वकर्मा, सरिता जायसवाल, चंद्रावती देवी, सनाउल्लाह खान, संदीप कुमार, अजय कुमार, अरुण जायसवाल आदि




मौजूद रहे।

## डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह का उसका आगमन पर हुआ स्वागत



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेन्द्र सिंह का आगमन गुरुवार को पुलिस सहायत केंद्र उसका राजा पर हुआ। नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर जय श्रीराम का उदघोष किया। इस अवसर पर अनूप सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

